

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 150 | रविवार, 12 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


# वियतनाम में मौत का सफर, टूरिस्ट बोट पलटी, 15 भारतीयों की दर्दनाक मौत

## फु क्वोक द्वीप के पास समुद्र में पलटी पर्यटकों से भरी नाव, 21 लोगों को जिंदा बचाया गया

» वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास भारतीय पर्यटकों से भरी टूरिस्ट बोट समुद्र में पलट गई

» हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत, जबकि 21 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया

» भारतीय दूतावास ने हनोई और हो ची मिन्ह सिटी में कंट्रोल रूम बनाकर सहायता अभियान शुरू किया



**फु क्वोक द्वीप के पास पलटी पर्यटकों से भरी नाव**

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह टूरिस्ट बोट होन मे रुत द्वीप से एन थोई बंदरगाह की ओर लौट रही थी। यात्रा के दौरान नाव फु क्वोक द्वीप के पास समुद्र में पलट गई। बताया गया कि हादसा होन मे रुत नगोई क्षेत्र से लगभग 400 मीटर की दूरी पर हुआ। नाव के पलटते ही उसमें सवार सभी लोग समुद्र में जा गिरे। कई यात्री लाइफ जैकेट पहनने से पहले ही पानी में फंस गए, जबकि कुछ लोग पलटी हुई नाव के भीतर ही फंस गए। इसी वजह से राहत और बचाव कार्य काफी चुनौतीपूर्ण हो गया।

■ हनोई

वियतनाम के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल फु क्वोक द्वीप के पास शनिवार को एक दर्दनाक समुद्री हादसा हो गया। भारतीय पर्यटकों को लेकर जा रही एक टूरिस्ट बोट अचानक समुद्र में पलट गई। इस हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 21 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया गया।

नाव में कुल 36 लोग सवार थे, जिनमें 32 भारतीय पर्यटक और चालक दल के चार सदस्य शामिल थे। हादसे की सूचना मिलते ही वियतनाम की नौसेना, तटरक्षक बल और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। भारतीय दूतावास ने भी तत्काल कंट्रोल रूम स्थापित कर पीड़ितों और उनके परिजनों की मदद के लिए हेल्पलाइन जारी की है। हादसे की सूचना मिलते ही एन थोई बॉर्डर गार्ड, वियतनाम नौसेना, तटरक्षक बल और अन्य आपातकालीन एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। बचाव अभियान के लिए दो विशेष जहाजों के साथ 35 अधिकारी और जवान तैनात किए गए। कई घंटों तक चले अभियान के बाद नाव में सवार सभी 36 लोगों को समुद्र से बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों के अनुसार 21 लोगों की जान बचा ली गई, जबकि 15 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 13 पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया के माध्यम से घटना की पुष्टि की। दूतावास ने कहा कि फु क्वोक द्वीप के पास भारतीय पर्यटकों को लेकर जा रही नाव पलटने की दुखद घटना सामने आई है। स्थानीय प्रशासन की ओर से खोज और बचाव अभियान जारी है तथा भारतीय मिशन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। दूतावास ने कहा कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों की सहायता के लिए हनोई स्थित भारतीय दूतावास तथा हो ची मिन्ह सिटी स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। दूतावास ने परिजनों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी यात्री के संबंध में जानकारी चाहिए तो वे हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। अधिकारियों की टीम लगातार यात्रियों की पहचान, स्वास्थ्य स्थिति और अन्य आवश्यक जानकारियां जुटाने में लगी हुई

### आसपास मौजूद पर्यटक सबसे पहले मदद के लिए पहुंचे

हादसे के तुरंत बाद आसपास समुद्र में मौजूद अन्य पर्यटक नौकाओं ने घटनास्थल की ओर रुख किया। कई नाव चालक बिना किसी देरी के बचाव कार्य में जुट गए। रेस्क्यू अभियान में शामिल एक नाव के मालिक ने बताया कि उनकी नाव महज पांच मिनट के भीतर दुर्घटनास्थल पर पहुंच गई थी। हालांकि, पलटी हुई नाव के अंदर कई लोग फंसे होने के कारण उन्हें बाहर निकालना बेहद मुश्किल था। उन्होंने बताया कि जब यात्रियों को बाहर निकाला गया तो उनमें से कुछ ही लोगों में सांस चल रही थी। कई लोगों को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत अस्पताल भेजा गया।

# टांडा में दोस्तों की कार ट्रक से टकराई, चार की मौत, तीन घायल

**हादसे के बाद मौके पर दौड़े लोग, घायलों को बाहर निकाला**



मृतक कार्तिक



मृतक अभिषेक

■ जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार तड़के टांडा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दिल्ली से रामनगर जिम कार्बेट पार्क जा रहे चार दोस्तों की कार ट्रक से टकराने बाद तीन की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उसके बाद किसी तरह से शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।हादसे में कार्तिक, .नीरज, .गुलबुद्दीन उर्फ सोनू,अभिषेक अग्निहोत्री पुत्र अतुल अग्निहोत्री शामिल है।मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दिल्ली के रहने वाले दोस्त उत्तराखंड के रामनगर स्थित जिम कार्बेट पार्क घूमने के लिए सातो दोस्त जा रहे थे,लेकिन शनिवार तड़के टांडा थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित हाजी क्लॉथ हाउस के सामने खड़े ट्रक में जाकर कार घुस गई। टक्कर इतनी जोर से हुई कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि एक गंभीर घायल की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। तीन अन्य घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गांव के लोगों की मदद से लोगों का बाहर निकाला। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद ट्रक के पिछले हिस्से में फंसी कार को बाहर निकलवाया।हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।हादसे के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन सकते हैं एंडी बनहैम

**लंदन।** लेबर पार्टी के सांसदों से मिले ऐतिहासिक समर्थन के बाद ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर और नवनिर्वाचित सांसद एंडी बर्नहैम का ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनना लगभग तय हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार पार्टी नेतृत्व के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही कुल 403 सांसदों में से 322 ने बर्नहैम को अपना समर्थन दे दिया है।

### अब बिना पर्चे के नहीं मिलेगी अधिक अल्कोहल वाली दवाएं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अल्कोहल युक्त औषधीय उत्पादों के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 12% से अधिक एथाइल अल्कोहल वाली कुछ औषधीय तैयारियों की बिक्री और वितरण के नियमों को सख्त कर दिया है। अब ऐसी दवाएं बिना डॉक्टर के पर्चे के नहीं बेची जा सकेंगी और इनके निर्माण व बिक्री के लिए वैध लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य नशे के लिए इन उत्पादों के गलत इस्तेमाल पर रोक लगाना और जरूरतमंद मरीजों तक सुरक्षित तरीके से दवाएं पहुंचाना है।

### सर्वोच्च न्यायालय में दान मामले पर सुनवाई 13 को

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय अयोध्या राम मंदिर में कथित दान चोरी की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग वाली कई याचिकाओं पर सोमवार 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। 7 जुलाई को अयोध्या की एक अदालत ने राम मंदिर में दान राशि की कथित चोरी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों में से तीन को एक दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया था।

### ई-20 पेट्रोल पर केंद्र सरकार ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** ई20 पेट्रोल को लेकर उठ रहे सवालों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैल रही अफवाहों के बीच केंद्र सरकार का जवाब आया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से वाहनों में ईंधन दक्षता तीन से 5 फीसदी तक कम हो सकती है लेकिन इसके बदले वाहनों की ऊर्जा में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

### बंद कंपनी से तीन करोड़ की विदेशी शराब जब्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में बंद पड़ी कंपनी में पुलिस ने छापा मार कर तीन करोड़ रुपये की विदेशी शराब जब्त की है। इस जब्त की गई विदेशी शराब को गुजरात भेजने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक बंद जिनिंग प्रेस में बड़ी मात्रा में गैर-कानूनी तरीके से विदेशी शराब रखी जा रही है। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस अश्विनी सनप के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम ने संबंधित जगह पर छापेमारी की।

### असम में 30 हजार याबा टैबलेट जब्त किए गए

**श्रीभूमि (असम)।** असम के श्रीभूमि जिले में पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ चलाए गए एक बड़े अभियान के दौरान करीब 3 करोड़ रुपये की 30,000 याबा टैबलेट जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई की मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सराहना करते हुए पुलिस को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि असम पुलिस ने नशीले पदार्थों की खेप को उसकी मंजिल तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया।

### उत्तर कोरिया बढ़ाएगा खुफिया एजेंसी का दायरा

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अपनी खुफिया और सैन्य निगरानी क्षमताओं को और मजबूत करने का फैसला किया है। उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना की युद्धक तैयारी, आधुनिकीकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। जीआरआईबी को संभावित दुश्मनों से जुड़े खतरों पर नजर रखने, अहम खुफिया जानकारी जुटाने और सैन्य टोही (रिकॉनिसेंस) क्षमताओं को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# भारत-न्यूजीलैंड में 'रणनीतिक साझेदारी' का ऐतिहासिक एलान, समुद्री सुरक्षा के लिए बनेगा विशेष रोडमैप

■ नई दिल्ली

इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ समुद्री सुरक्षा पर समझौता व सहयोग का रोडमैप जारी करने के बाद भारत ने न्यूजीलैंड के साथ भी समुद्री सुरक्षा सहयोग की शुरूआत की है।

दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भविष्य के समुद्री सुरक्षा सहयोग के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करने का निर्णय लिया है। यह रोडमैप समुद्री क्षेत्र में संवाद, सूचना साझाकरण, संयुक्त अभ्यास और क्षमता निर्माण पर केंद्रित होगा, जिससे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को मजबूती मिलेगी।

तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को न्यूजीलैंड की आर्थिक राजधानी ऑकलैंड पहुंचे जहां उनकी पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ कई चरणों में मुलाकात हुई और दो आधारिकारिक वाताएं हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की बैठक के बाद कुल 10 समझौते और आठ घोषणाएं की गईं। साथ ही द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक दोगुना कर 35 हजार करोड़ रुपये का किया जाएगा। न्यूजीलैंड में पीएम लक्सन ने जिस तरह से पीएम मोदी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया उससे पीएम मोदी भावुक भी हिए जिसका जिक्र उन्होंने आधिकारिक वार्ता में अपने भाषण में किया। बहरहाल, द्विपक्षीय बैठक के बाद जारी आपसी सहयोग के प्रपत्रों में रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और अन्य क्षेत्रों से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते व घोषणाएं हैं। घोषणाओं में सबसे महत्वपूर्ण दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया जाना है। इस दर्जे के तहत एक दूसरे को किस तरह से मदद की जाएगी इसका निर्धारण करने के लिए भारत-न्यूजीलैंड रणनीतिक साझेदारीः रोडमैप टू 2030 को मंजूरी दी गई है। व्यापार और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 35,000 करोड़ रुपये तक दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौता कर रहे हैं और माना जा रहा है कि यह कोई बड़ा लक्ष्य नहीं है। अन्य प्रमुख समझौतों में रक्षा मंत्रालय भारत और न्यूजीलैंड रक्षा बल के बीच समुद्री सहयोग पर समझौता करना प्रमुख है। यह इंडो-पैसिफिक में संवाद, समन्वय, सूचना आदान-प्रदान और संयुक्त गतिविधियों के जरिए समुद्री सहयोग को नई ऊंचाई देगा। हाइड्रोग्राफी और नॉटिकल कार्टोग्राफी के क्षेत्र में सहयोग की व्यवस्था से नौवहन चार्टों का संयुक्त उत्पादन, हाइड्रोग्राफिक डेटा साझाकरण, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिलेगा।



# सिद्धिविनायक मंदिर की 'लूट' पर तब जांच क्यों नहीं हुई?: शिंदे

» एकनाथ शिंदे ने राम मंदिर चढ़ावा मामले पर शिवसेना के आरोपों का जवाब दिया

» सिद्धिविनायक मंदिर में कथित अनियमितताओं की जांच न होने पर उठाए सवाल



■ मुंबई

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित गबन के मामले को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) पर पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि जब राज्य में पिछली सरकार सत्ता में थी, तब मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में कथित अनियमितताओं की जांच क्यों नहीं कराई गई।

विधान परिषद में बोलते हुए शिंदे ने कहा कि राम मंदिर से जुड़े मामले ने करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पूरे मामले को गंभीरता से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी की भी संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को संरक्षण नहीं मिलेगा।

राम मंदिर मामले पर विपक्ष के हमलों का जवाब देते हुए शिंदे ने सिद्धिविनायक मंदिर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि जब पिछली सरकार सत्ता में थी, तब सिद्धिविनायक मंदिर में कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। इसके बावजूद उस समय किसी जांच का आदेश क्यों नहीं दिया गया। हालांकि, उन्होंने किसी व्यक्ति का नाम लिए बिना कहा कि उस समय सत्ता से जुड़े लोगों ने देश के सबसे समृद्ध मंदिरों में शामिल सिद्धिविनायक मंदिर को नुकसान पहुंचाने का काम किया और सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

### राम मंदिर मामले पर दिया जवाब

मानसून सत्र के दौरान विधान परिषद में विपक्ष की ओर से राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी का मुद्दा उठाया गया। इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राम मंदिर में जो कुछ भी हुआ, उसका कोई भी समर्थन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यह मामला श्रद्धा और आस्था से जुड़ा है, इसलिए दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। शिंदे ने भरोसा जताया कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करेंगी।

# वैवाहिक विवादों में पुरुषों को भी चाहिए कानूनी संरक्षणः महेश तिवारी

» एडवोकेट महेश कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन की मांग दोहराई

» दावा- वैवाहिक और पारिवारिक विवाद पुरुषों की आत्महत्या के प्रमुख कारणों में शामिल



■ नई दिल्ली

देश में राष्ट्रीय पुरुष आयोग (नेशनल मेन्स कमीशन) के गठन की मांग एक बार फिर चर्चा में है। हाल के चर्चित आपराधिक मामलों और वैवाहिक विवादों के बीच एडवोकेट महेश कुमार तिवारी ने कहा है कि पुरुषों के लिए भी एक ऐसा वैधानिक मंच होना चाहिए, जहां वे अपनी समस्याएं रख सकें और उन्हें कानूनी सहायता मिल सके। एडवोकेट तिवारी का कहना है कि पारिवारिक और वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों में पुरुषों के लिए कोई अलग संस्थागत व्यवस्था नहीं है। ऐसे मामलों में मानसिक तनाव और बढ़ती आत्महत्याओं को देखते हुए अब राष्ट्रीय पुरुष आयोग की आवश्यकता सामाजिक और न्यायिक दोनों दृष्टि से महसूस की जा रही है। पुणे में एक चर्चित हत्या के मामले के बाद राष्ट्रीय पुरुष आयोग को लेकर बहस फिर से तेज हो गई है। इस बीच राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक कुमार मित्तल द्वारा पहले प्रस्तुत किए गए निजी विधेयक और हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के बाद इस मुद्दे पर चर्चा दोबारा शुरू हो गई है। हालांकि, पुरुष आयोग की मांग कोई नई नहीं है। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न सामाजिक संगठनों और कानूनी विशेषज्ञों की ओर से इस संबंध में आवाज उठाई जाती रही है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी एडवोकेट तिवारी को अपने सभी दस्तावेज और सुझाव केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने दोबारा संबंधित दस्तावेज सरकार को सौंप दिए। फिलहाल यह मामला केंद्र सरकार के विचाराधीन बताया जा रहा है और इस पर अंतिम निर्णय का इंतजार है।

### 2023 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे एडवोकेट तिवारी

एडवोकेट महेश कुमार तिवारी ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन और पुरुषों के कानूनी संरक्षण की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें इस विषय पर अपना पक्ष केंद्र सरकार के समक्ष रखने का निर्देश दिया था। इसके बाद उन्होंने आयोग के गठन से जुड़े दस्तावेज और सुझाव केंद्र सरकार को सौंप दिए। हालांकि, निर्धारित समय तक सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने मार्च 2026 में दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला कंडक्टर गिरफ्तार

» मंगलुरु में कॉलेज छात्रा से बस कंडक्टर की अभद्रता

» शिकायत मिलते ही पुलिस ने दबोचा आरोपी



■ बेंगलुरु

कर्नाटक के मंगलुरु में चलती प्राइवेट बस में एक कॉलेज छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि बस कंडक्टर ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत की, अभद्र इशारे किए और उसे बस की पिछली सीट पर आने के लिए कहा। छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान 32 वर्षीय इरफान के रूप में हुई है, जो उप्पिनंगडी का रहने वाला है और मंगलुरु-विट्ठल मार्ग पर चलने वाली एक निजी बस में कंडक्टर के तौर पर काम करता था। घटना के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घटना 9 जुलाई की शाम करीब पांच बजे की है। कॉलेज से लौट रही छात्रा प्राइवेट बस में सफर कर रही थी। इसी दौरान बस कंडक्टर ने कथित तौर पर उसके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने छात्रा का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए अश्लील इशारे किए और उसके साथ अशोभनीय हरकत की। छात्रा ने जब उसकी हरकतों को नजरअंदाज किया, तब भी वह नहीं रुका और लगातार उसे परेशान करता रहा। घटना के बाद छात्रा ने मंगलुरु साउथ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी इरफान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी इरफान मंगलुरु-विट्ठल रूट पर संचालित एक निजी बस में कंडक्टर के रूप में कार्यरत था।

### 'पीछे की सीट पर आ जाओ' कहकर किया परेशान

शिकायत के अनुसार, आरोपी ने छात्रा को बस की पिछली सीट पर आने के लिए कहा। छात्रा ने उसकी बात को अनदेखा किया, लेकिन आरोपी बार-बार अश्लील इशारे करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी का व्यवहार बेहद आपत्तिजनक था और उसकी हरकतों से वह घबरा गई। बस में मौजूद अन्य यात्रियों के बीच खुद को असुरक्षित महसूस करने के बाद उसने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### 31 रीपर ड्रोन से बढ़ेगी भारत की ताकत

**नई दिल्ली।** भारत अपनी रक्षा और निगरानी क्षमता को मजबूत करने के लिए अमेरिका से 31 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन खरीद रहा है। इस रक्षा सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 15, जबकि थल सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे। एमक्यू-9 रीपर दुनिया के सबसे आधुनिक हाई-एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एचएएलई) ड्रोन में गिना जाता है। यह 40 घंटे से अधिक समय तक लगातार उड़ान भर सकता है और सैटेलाइट कनेक्टिविटी के जरिए हजारों किलोमीटर दूर से नियंत्रित किया जा सकता है। इसकी मदद से समुद्री सीमाओं, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और संवेदनशील क्षेत्रों पर लंबे समय तक निगरानी रखी जा सकती है। रीपर ड्रोन का इस्तेमाल अमेरिका ने इराक, अफगानिस्तान, सीरिया और यमन जैसे अभियानों में निगरानी और सटीक हमलों के लिए किया है। हालांकि, आधुनिक वायु रक्षा प्रणालियों वाले क्षेत्रों में इसकी चुनौतियां भी सामने आई हैं।

# बड़ा हादसा टलाः 30 हजार फीट ऊंचाई पर विमान की खिड़की टूटी

## यात्री के सिर-कंधे बाहर निकले, पत्नी ने बचाया, दोनों पैर पकड़े रही, ग्रीस के एयरस्पेस की घटना



■ एथेंस

ग्रीस के आकाश में एक विमान की खिड़की टूट जाने से बड़ा हादसा टल गया। इससे कैबिन में अचानक दबाव कम हो गया। उस खिड़की के नजदीक बैठे 61 साल के यात्री का सिर और कंधे खिड़की से बाहर निकल गए। उस समय प्लेन 30 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। एक महिला यात्री ने बताया कि बुजुर्ग को पास बैठी पत्नी ने बचाया। जैसे ही वह खिड़की से बाहर निकलने लगे, उनकी पत्नी ने जोर से दोनों पैर पकड़ लिए। इसके बाद दूसरे यात्री ने मदद की और उन्हें अंदर खींचा। अच्छी बात यह रही कि पीड़ित शख्स बेल्ट बांधे था, इससे वह बाहर नहीं फिंका। यह घटना मैसिडोनिया के ऊपर हुई। फ्लाइट ग्रीस के थेसालोनिकी से जर्मनी के मेमिंगेन जा रही थी। विमान कंपनी रायनएयर ने बताया कि यात्री को जलने जैसी चोटें आई हैं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत ठीक है। घायल यात्री सर्बिया का टूरिस्ट है। विमान ने सुबह 5.55 मिनट पर (ग्रीस के समय के अनुसार) थेसालोनिकी से उड़ान भरी थी।घटना के समय विमान में मौजूद महिला यात्री ने रेडियो थेसालोनिकी को बताया, 'घटना के समय ज्यादातर यात्री सो रहे थे। तभी टायर फटने जैसी तेज आवाज आई। इसके तुरंत बाद लोगों की चीखें सुनाई दीं।' हमें तुरंत समझ आ गया कि विमान के अंदर दबाव कम हो गया है। कुछ पल के लिए मुझे लगा कि किसी ने गलती से इमरजेंसी दरवाजा खोल दिया है। इसके बाद ऑक्सीजन मास्क नीचे आ गए और कैबिन में तेज गंध फैल गई। एक यात्री का सिर और कंधे खिड़की से बाहर थे। उसने सीट बेल्ट नहीं खोला था। इसके बाद आसपास बैठे लोगों ने उसे पकड़कर वापस अंदर खींच लिया।

## यूके का डॉक्टर कोर्ट परिसर में बोला- मैं शरीयत मानता हूं, कानून नहीं और दे दिया दोबारा तीन तलाक

### दहेज की मांग पूरी न होने परहरिद्वार में दे चुका है तीन तलाक, कैंट थाने में मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हरिद्वार के एक डॉक्टर और उसके परिवार पर दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। कैंट क्षेत्र निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद उससे एक करोड़ रुपये की दहेज की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। महिला का यह भी आरोप है कि पति ने पहले तीन तलाक दिया और बाद में बरेली न्यायालय परिसर में भी तीन तलाक बोलते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को न मानने की बात कही। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक उसका निकाह हरिद्वार जिले के सुल्तानपुर आदमपुर निवासी मुस्तकीम से हुआ था, जो एमबीबीएस डॉक्टर है। शादी के बाद ससुराल पक्ष ने कहा कि डॉक्टर की एमडी की पढ़ाई और अस्पताल खोलने के लिए एक करोड़ रुपये की जरूरत है। इसी रकम को लेकर उस पर लगातार दबाव बनाया जाता रहा। महिला ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष ने 70 बीघा जमीन





को 600 बीघा दर्शाकर गन्ने की पर्चियां लेने का फर्जीवाड़ा करने के लिए भी उस पर दबाव बनाया। इनकार करने पर उसके साथ अभद्रता की गई और जेठ ने भी दहेज में एक करोड़ रुपये लाने की बात कहते हुए प्रताड़ित किया। पीड़िता का कहना है कि सहायक अध्यापक भर्ती के साक्षात्कार के दौरान भी पति ने दहेज की मांग दोहराई। विरोध करने पर कथित तौर पर तीन तलाक दे दिया गया। इसकी शिकायत जनवरी 2025 में कनखल थाने में की गई थी,

> महिला की तहरीर पर पति और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -आशुतोष शिवम, सीओ प्रथम

लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने बताया कि तीन जुलाई 2026 को वह एक मामले की सुनवाई के लिए बरेली न्यायालय पहुंची थी। वहां पति ने कथित तौर पर कहा कि वह पहले ही तीन तलाक दे चुका है और जल्द दूसरा निकाह करेगा। आरोप है कि उसने दोबारा तीन तलाक बोलते हुए कहा कि वह यूसीसी नहीं बल्कि शरीयत के अनुसार चलेगा। महिला का यह भी आरोप है कि वर्ष 2023 में पति और उसके परिजन बरेली आकर जान से मारने की धमकी देकर गए थे। कैंट थाना पुलिस ने डॉक्टर पति और अन्य आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### नाबालिग किशोरी के अपहरण से आहत पीड़ित मां ने लगाई एडीजी से लगाई न्याय की गुहार



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी के कथित अपहरण के मामले में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि कांकर टोला निवासी शिवम विगत कई वर्षों से उसकी बेटी को परेशान कर रहा था और पहले भी उसे बहला-फुसलाकर ले जाने का प्रयास कर चुका था। अब 6 जुलाई 2026 को उसकी बेटी घर से निकली और तब से लापता है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, बेटी के लापता होने के बाद जानकारी मिली कि आरोपी शिवम भी अपने घर से गायब है। जब परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो वहां मौजूद उसकी चाची ने कथित रूप से अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी। महिला का आरोप है कि इस घटना में शिवम के साथ उसके दोस्त अमित और एक अन्य युवती स्वाति की भी भूमिका हो सकती है। महिला ने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि पुलिस ने उनकी सहमति से एक ऐसा एफआईआर तैयार की, जिसमें उनकी बेटी को घर से भागा हुआ दर्शाया गया, जबकि परिवार का दावा है कि उसका अपहरण किया गया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी लगातार उन्हें अलग-अलग स्थानों पर ले जाने के लिए वाहन उपलब्ध कराने का दबाव बना रहे हैं। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूछताछ के लिए बुलाए गए एक युवक अमित कुमार को बिना ठोस पूछताछ के छोड़ दिया गया। महिला का आरोप है कि संबंधित पुलिसकर्मी पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता की मां ने एडीजी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा अपनी नाबालिग बेटी को सकुशल बरामद कराने की मांग की है।

### सुभाषनगर पुलिस के हत्थे चढ़ा डोडा तस्कर, 5.84 किलो मादक पदार्थ बरामद



**बरेली।** अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुभाषनगर पुलिस ने एक तस्कर को 5 किलो 840 ग्राम डोडा छिलका के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तराखंड में मादक पदार्थ की खेप पहुंचाने की तैयारी में था। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक सिठौरा-सराय तल्फी रोड स्थित बिजलीघर के पास डोडा छिलका लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कुलदीप यादव (23) पुत्र रामगोपाल यादव, निवासी ग्राम धनौरा, थाना दातागंज, जनपद बदायूं, हाल निवासी रविंद्र नगर, थाना सुभाषनगर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 5 किलो 840 ग्राम डोडा छिलका बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह डोडा छिलका उत्तराखंड में बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर उसके खिलाफ थाना सुभाषनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच में यह भी सामने आया कि कुलदीप यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ सुभाषनगर और कोतवाली थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किन लोगों से डोडा छिलका खरीदता था और किन-किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई करता था। नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने शिक्षकों से साधा संवाद, सम्मेलन में मांगा समर्थन

### शिक्षा नीति, शिक्षकों की समस्याओं और संगठन की रणनीति पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को आईएमए सभागार में माध्यमिक प्रबंधक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में विद्यालय प्रबंधकों, शिक्षकों, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों तथा भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लेकर आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की नई शिक्षा नीति, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों तथा शिक्षकों के हित में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए शिक्षक मतदाताओं से भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष





में मतदान करने की अपील की। बैठक में विद्यालयों के संचालन, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, शिक्षकों की समस्याओं और उनके समाधान जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने भरोसा दिलाया कि शिक्षक समाज से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। सम्मेलन में मौजूद शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधकों ने भी अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, डॉ. हरी सिंह ढिल्लों, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य सहित पार्टी के कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में कार्यकर्ताओं और शिक्षकों से चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।



## डीआईजी अजय साहनी का जन्मदिन सादगी से मना, पत्रकारों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली रेंज के डीआईजी अजय कुमार साहनी का जन्मदिन शनिवार को रेंज कार्यालय में सादगीपूर्ण माहौल में मनाया गया। सबसे पहले रेंज कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने डीआईजी को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा केक काटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

इसके बाद भारत समाचार के वरिष्ठ पत्रकार दीपक शर्मा अपने सहयोगी पत्रकारों के साथ रेंज कार्यालय पहुंचे और डीआईजी अजय साहनी को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान सभी ने केक काटकर उन्हें अनंत शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अनूप मिश्रा, दीपक सागर, फिरोज खान, राहुल सक्सेना सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। जन्मदिन के अवसर पर डीआईजी अजय साहनी के नेतृत्व, निष्पक्ष कार्यशैली, अनुशासन, ईमानदारी और जनसेवा की भावना की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में बरेली रेंज में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, महिला अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, साइबर अपराध नियंत्रण और आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। इस अवसर पर बरेली के महापौर उमेश गौतम सहित कई समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी डीआईजी अजय साहनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम पूरे समय आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### कैफे संचालक पर सेना अधिकारी के परिवार को ब्लैकमेल करने का आरोप, एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र में एक सेना अधिकारी के परिवार को ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि कैफे संचालक ने अधिकारी की पत्नी की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने और परिवार की छवि खराब करने की धमकी दी। इसके साथ ही महिला को अश्लील संदेश भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और रुपये की मांग भी की। एसएसपी के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेना अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी गृहिणी हैं। दो अप्रैल को उन्होंने अपने आवासीय परिसर का एक हिस्सा रोहित सक्सेना को कैफे चलाने के लिए किराए पर दिया था।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


## एमजी मोटर्स की एजेंसी दिलाने का झांसा देकर न्यूरो सर्जन से 2.85 लाख की साइबर ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन एवं नारायणा अस्पताल के संचालक डॉ. मुकुल अग्रवाल साइबर ठगी का शिकार हो गए। जालसाज ने खुद को एमजी मोटर्स का अधिकृत प्रतिनिधि बताकर एजेंसी दिलाने का झांसा दिया और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 2.85 लाख रुपये से अधिक की रकम हड़प ली। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक डॉ. मुकुल अग्रवाल ने पीलीभीत रोड स्थित अपने प्लॉट पर बेटे के लिए ऑटोमोबाइल एजेंसी खोलने की



योजना बनाई थी। इसी सिलसिले में उन्होंने एमजी मोटर्स से संपर्क किया। आरोप है कि दो जून को राजीव सिन्हा नाम के व्यक्ति ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए उन्हें लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) भेजा और प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में 2,85,700 रुपये एक बैंक खाते में जमा कराने को कहा। डॉ. अग्रवाल ने बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी, लेकिन बाद में जांच करने पर पता चला कि भेजा गया एलओआई और बैंक खाते का विवरण फर्जी था। इसके बाद उन्होंने तत्काल पंजाब नेशनल बैंक की सिविल लाइंस शाखा के माध्यम से संबंधित बैंक को ई-मेल भेजकर खाते को फ्रीज करने का अनुरोध किया। आरोप है कि समय पर कार्रवाई नहीं होने से आरोपी ने खाते से पूरी रकम निकाल ली। ठगी का पता चलने पर डॉ. मुकुल अग्रवाल ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। उनके निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी और साइबर अपराध की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बैंक खातों, डिजिटल ट्रांजैक्शन और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती शादी के झांसे तक पहुंची

### युवती ने लगाया धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सोशल मीडिया के जरिए हुई दोस्ती एक युवती के लिए परेशानी का कारण बन गई। लखनऊ निवासी एक युवती ने शाही थाना क्षेत्र के एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, गर्भवती होने पर गर्भपात कराने, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और बाद में शादी से इनकार करने का आरोप लगाया है। एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की करीब दो वर्ष पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से ग्राम दुनका निवासी



जीशान पुत्र वकील अहमद से जान-पहचान हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। युवती का आरोप है कि आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। पीड़िता का आरोप है कि गर्भावस्था की जानकारी मिलने पर आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर गर्भपात करा दिया। बाद में जब उसने शादी का दबाव बनाया तो उससे धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा गया। युवती का कहना है कि धर्म परिवर्तन की बात मानने के बावजूद आरोपी ने शादी नहीं की और उससे दूरी बना ली। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि इस घटनाक्रम के बाद उसके पारिवारिक संबंध भी प्रभावित हुए और अब वह न्याय की मांग कर रही है। एसएसपी के निर्देश पर शाही थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य और साक्ष्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





**अजब-गजब** दूध पचाने में परेशानी और पेट में गांठ बनने पर जांच में हुआ खुलासा, 'फीटस इन फीटू' के दूसरे मामले ने डॉक्टरों को भी चौंकाया

## 3 माह के मासूम के पेट में पल रहा था दूसरा भ्रूण, दुर्लभ ऑपरेशन से बची जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में चिकित्सा जगत का एक बेहद दुर्लभ मामला सामने आया है। शाहजहांपुर के तीन माह के मासूम के पेट में आठ सप्ताह का विकसित भ्रूण मिलने से डॉक्टर भी हैरान रह गए। बच्चे को लंबे समय से दूध पचाने में दिक्कत और पेट में सूजन की शिकायत थी। जांच के दौरान जब उसके पेट में असामान्य संरचना दिखाई दी तो चिकित्सकों ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। करीब दो घंटे चली जटिल सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक भ्रूण को बाहर निकालकर मासूम की जान बचा ली।

चिकित्सकों के अनुसार यह जन्मजात स्थिति 'फीटस इन फीटू' (Fetus in Fetu) कहलाती है, जो दुनिया में बेहद दुर्लभ मानी



जाती है। बरेली में इस तरह का यह दूसरा मामला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जिले के कलान क्षेत्र निवासी किसान दुर्गेश और उनकी पत्नी राधा के तीन माह के बेटे को जन्म के कुछ समय बाद से ही दूध पचाने में परेशानी होने लगी थी। समय के साथ उसके पेट में सूजन बढ़ने लगी और एक गांठ भी महसूस होने लगी। परिजन पहले बच्चे को जांच के लिए एक निजी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां अल्ट्रासाउंड और अन्य जांच में लिवर के नीचे एक असामान्य संरचना दिखाई दी। विस्तृत जांच में पता चला कि उसके भीतर बाल, हड्डियां और अंगुलियों जैसी विकसित संरचनाएं मौजूद हैं। चिकित्सकों ने इसे 'फीटस इन फीटू' की स्थिति बताया, लेकिन ऑपरेशन करने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिवार बच्चे को बरेली के रामपुर गार्डन स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. राजीव अग्रवाल ने सभी जांच रिपोर्टों का गहन अध्ययन करने के बाद सर्जरी करने का फैसला लिया।

उन्होंने बताया कि करीब 13 वर्ष पहले भी उनके सामने ऐसा ही दुर्लभ मामला आया था, जिसके सफल अनुभव के आधार पर इस बार भी पूरी टीम ने सावधानीपूर्वक ऑपरेशन की योजना बनाई। करीब दो घंटे तक चले ऑपरेशन में बच्चे के पेट से लगभग 60 ग्राम वजन का भ्रूण निकाला गया। डॉक्टरों के मुताबिक भ्रूण एक सिस्ट के भीतर था, जिसमें करीब 200 मिलीलीटर द्रव्य भरा हुआ था। इसकी रक्त आपूर्ति बच्चे के लिवर से हो रही थी और यह लिवर, किडनी तथा आंतों से चिपका हुआ था। ऐसे में सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण थी।

चिकित्सकों ने बेहद सावधानी के साथ भ्रूण को अलग किया ताकि बच्चे के किसी भी महत्वपूर्ण अंग को नुकसान न पहुंचे। इस ऑपरेशन में डॉ. दीपक मिश्रा और डॉ. विवेक सक्सेना ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफल सर्जरी के बाद बच्चे की हालत पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार वह तेजी से स्वस्थ हो रहा है। बच्चे के नाना छोटेलाल ने पूरी चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टरों की वजह से मासूम को नया जीवन मिला है।

> **क्या है 'फीटस इन फीटू'?**
>
> विशेषज्ञों के अनुसार 'फीटस इन फीटू' एक अत्यंत दुर्लभ जन्मजात चिकित्सीय स्थिति है। गर्भावस्था की शुरुआती अवस्था में जब जुड़वां भ्रूण विकसित होते हैं, तब कभी-कभी एक भ्रूण दूसरे भ्रूण के शरीर के अंदर समा जाता है। इसके बाद अंदर मौजूद भ्रूण का सामान्य विकास रुक जाता है, लेकिन उसके कुछ अंग जैसे बाल, हड्डियां और अंगुलियां विकसित होती रहती हैं। इसी कारण जांच के दौरान ऐसी संरचनाएं दिखाई देती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति लगभग पांच लाख जन्मों में किसी एक बच्चे में देखने को मिलती है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर छत पर गिरा

**शाहबाद।** शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के ओसी में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर छत पर गिर गया। गनीमत रही कि छत पर कोई नहीं था और बड़ा हादसा टल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विद्युत लाइन गिरते ही तेज आवाज हुई और क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और तत्काल बिजली विभाग को घटना की जानकारी दी। लोगों ने आशंका जताई कि यदि उस समय कोई व्यक्ति छत पर होता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।ग्रामीणों ने बिजली विभाग से क्षतिग्रस्त लाइन को तत्काल ठीक कराने तथा जर्जर विद्युत तारो को ठीक कराने की मांग की है। उधर एसडीओ अलंकृत मिश्रा ने बताया कि लोगों ने लाइन के नीचे घर बना लिए है, जिसके कारण लाइन ऊपर से गुजर रही है। विद्युत लाइन हटाने के लिए स्टीमेट बनाना पड़ता है।



# हादसे के बाद टांडा से लेकर अस्पताल तक मची चीख पुकार

## हादसे से पहले हो गया था कार में पंचर हो, क्रेन से कार को हटवाया



हादसे के बाद रात को लोगों की लगी भीड़। –जागरण मोर्चा



घायलों को अस्पताल ले जाते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार को ले जाती क्रेन। –जागरण मोर्चा



घटना के बाद मौके पर मौजूद एसपी और अन्य अधिकारी।



जिला अस्पताल में घायलों के परिजनो से जानकारी लेते एसपी।



क्षतिग्रस्त हुई कार।



मौके पर लोगों से जानकारी लेते सीडीओ।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नैनीताल मुख्य मार्ग पर शनिवार तड़के करीब 5 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में दिल्ली से रामनगर स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क घूमने जा रहे निजी कंपनी के चार कर्मचारियों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।पास ही स्थित कोतवाली से पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला।मौके पर ही अभिषेक अग्निहोत्री (28), कार्तिकेय (32) और नीरज (31) की मौत हो गई।घायलों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शमशुद्दीन(35) की भी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल कमल, विशाल और जतिन को जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया।

बताया कि हादसे से पहले कार का टायर पंचर हो गया था, जिसे बदलने के बाद यात्रा शुरू की गई थी।जिसके कारण चालकों ने अपनी-अपनी कार की रफ्तार तेज कर दी।एक कार आगे निकल गयी।दूसरी कार हाजी हॉल क्लॉथ हाउस के सामने खड़े कैंटर में पीछे से टकरा गई।पुलिस हादसे का कारण चालक की झपकी लगने की संभावना जता रही है।सूचना पर टांडा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया। क्रेन की सहायता से कैंटर में फंसी कार को बाहर निकाला गया। एसपी सोमेंद्र मीणा सहित सीडीओ गुलाब चंद, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह,अपर जिलाधिकारी आनंद कुमार आदि ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।हादसे से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।पुलिस ने मृतकों और घायलों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है।कैंटर और कार को कब्जे में लेकर स्थानीय मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया गया है। हादसे के बाद टांडा से लेकर अस्पताल तक चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। लोगों का भी तांता लगा रहा।

**अभिषेक की एक चार साल की बेटी**

हादसे के बाद जिला अस्पताल पहुंचे रिश्तेदारों और मिलने वालों ने बताया कि अभिषेक के परिवार में पत्नी, 4 साल की एक बेटी और दो विशाल और नितिन भाई हैं।आईटी कंपनी के मालिक थे। कंपनी दिल्ली-गुरुग्राम में कंप्यूटर सर्विस प्रोवाइड कराती थी। अभिषेक अक्सर अपने स्टाफ को ट्रिप पर ले जाते थे। वीकेंड पर घूमने का प्लान था, इसलिए हम सभी शुक्रवार देर रात साथ में जिम कॉर्बेट के लिए निकले थे। शनिवार को पूरे दिन घूमने के बाद शाम को ही लौटने का प्लान बनाया था।अभिषेक 5 कर्मचारियों और छोटे भाई विशाल के साथ ईको कार में थे। चार अन्य दोस्त सियाज कार में थे। हादसे में जतिन, कमल और अभिषेक के भाई विशाल गंभीर रूप से घायल हुए। रामपुर जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को मेरठ रेफर किया गया। लेकिन उनके परिवार वाले सभी को दिल्ली लेकर गए हैं।

### दो भाइयों में छोटा था गुलाबुद्दीन

दिल्ली के रहने वाले गुलबुद्दीन की शादी नहीं हुई थी। उनके बड़े भाई सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुलाबुद्दीन दिल्ली में अभिषेक की कंपनी में काम करते थे। उसने इंटर तक पढ़ाई की थी। परिवार में माता–पिता हैं। सभी का रो रोकर बुरा हाल है। उनको पता नहीं था कि उनका बेटा लौटकर अब वापस नहीं आएगा।

### कार्तिक की 2 साल पहले हुई थी शादी

हादसे में बागपत के रहने वाले कार्तिक राजपूत पुत्र योगेश राजपूत की भी जान गई है। वो बीसीए करने के बाद पिछले कई साल से नोएडा के सेक्टर–2 में जॉब कर रहे थे। परिवार में पत्नी भारती और एक साल की बेटी काशवी है। हादसे के बाद पत्नी और मां संगीता, बाबा कृष्णपाल, दादी हरकोर का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। कार्तिक की दो साल पहले ही शादी हुई थी।

> टांडा में हुई सड़क हादसे की घटना की मुख्य वजह नींद आना लग रही है।जिसकी वजह से खड़े ट्रक में कार घुसी है। मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि चौथे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। चारों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। –सोमेंद्र मीना, एसपी।

---

**दंपति से मारपीट, तीन पर केसः** **शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के मंगोली गांव में गाली–गलौज का विरोध करना एक दंपति को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर तीन लोगों ने पति–पत्नी के साथ लाठी–डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, गांव मंगोली निवासी रामसरस्वती पत्नी छोटेलाल ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे वह अपनी दुकान पर बैठी थीं। इसी दौरान गांव के विनोद पुत्र बदन सिंह, अमिताभ पुत्र बदन सिंह और छोटा पुत्र जगदीश वहां पहुंचे और गाली–गलौज करने लगे। आरोप है कि जब पीड़िता और उनके पति छोटेलाल ने गाली–गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी–डंडों से हमला कर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

# वाटर और हाउस टैक्स के नाम पर लोगों को किया जा रहा परेशानःसंदीप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर जनता दरबार लगाया गया। जिसमें व्यापारियों की काफी समस्याएं आई। इन समस्याओं में सबसे अधिक समस्या नगर पालिका परिषद से संबंधित थी।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पीले तालाब अत्यधिक मार्केट व बाजार वाला क्षेत्र है। वहां से कूड़े का सेंटर हटाया जाना आवश्यक है।

जुल्म की हद यहां तक हो गई है। एक किलोमीटर दूर का व चारों ओर का कूड़ा इकट्ठा करके बाजार के बीचो-बीच डाला जा रहा है जिससे पूरे बाजार में व्यापारियों को व आम जनता को व क्षेत्र के निवासियों को दुर्गंध आ रही है आम जनता का जीना दुश्वार हो गया है। हाउस टैक्स वाटर टैक्स नगर पालिका ने बढ़ा दिया है। जिस पर व्यापार मंडल के अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने यह आदेश जारी कर दिया है कि जीआईएस सर्वे के बाद से किसी भी प्रकार का कोई टैक्स नहीं बढ़ाया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका हाउस ट्रैक्टर वॉटर टैक्स की बड़ी हुई दरों को घटाने का ऐलान नहीं कर रही है। जलभराव की समस्या बहुत ज्यादा है जेल रोड, हाथी खाना ,बरेली गेट ,मक्का मदीना मस्जिद ,थाना टिन चौकी के पास ,कचहरी राहें रजा रोड, मिस्टन गंज, मॉम का ताजिया, मीठा कुआं, बेरियान आदि जगहों पर लगातार जलभराव हो रहा है। नगर पालिका द्वारा नाले की सफाई नहीं की गई है। जलभराव की समस्या शहर में उत्पन्न हो रही है। इस पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ,विष्णु रस्तोगी ,नदीम खान ,नजाकत अली रयान, परवेज खान, लालमन सैनी, टिल्लू मेंबर आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी में पदाधिकारी मौजूद रहे।





व्यापारियों की समस्याएं सुनते संदीप सोनी। –जागरण मोर्चा

# सीएमएस के कक्ष की गिरी सीलिंग, टला हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष की सुबह 8 बजे अचानक से सीलिंग गिर गई। सीलिंग गिरकर फर्श पर गिरी। सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी सी सक्सेना मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर सीलिंग के गिरने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यदि यह हादसा कार्यालय के समय दौरान होता तो कोई कर्मचारी घायल भी हो सकता था। सीएमएस में तत्काल मजदूरों को बुलाकर क्षतिग्रस्त सीलिंग को हटाने और दोबारा लगवाने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार आठ माह पहले ही कक्ष में सीलिंग का कार्य कराया गया था। इतने कम समय में सीलिंग का गिरना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर रहा है हालांकि अस्पताल प्रशासन का कहना है कि तकनीकी कारणों की जांच कराई जाएगी।

### टैक्स बार एसोसिएशन ने मनाया 11 स्थापना दिवस

**रामपुर।** शनिवार को टैक्स एडवोकेट बार एसोसिएशन के कार्यकारणी सभा में सदस्य पद की गरिमा को रखते हुए उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजीकृत लखनऊ का 11 वॉ स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जो कि एक होटल पर टैक्स बार के सभी साथियों के साथ केक काट कर मनाया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर टैक्स एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष सपन अग्रवाल, सचिव राजेश गंगवार ,रचित रस्तोगी ,हिमांशु अग्रवाल, भूपिंदर सिंह, समकित जैन, पुनीत शर्मा, प्रशांत पांडे, मोहम्मद रेहान, फैजान, गौरवदीप सिंह, फैजान खान, अदील गौस आदि शामिल रहे।



### 20 जुलाई तक संगठन के सदस्य बनाएंः यशपाल

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व डा.दिनेश चंद शर्मा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आनंद कान्वेंट स्कूल में यशपाल सिंह सदस्यता प्रभारी एवं चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सदस्यता एवं प्रभारी यशपाल सिंह ने कहा की ब्लॉक स्तर के कार्यकारिणियों का गठन करने के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराए जानी है अभियान चलाकर जनपद के सभी शिक्षकों को सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। ताकि अधिक से अधिक शिक्षकों को संगठन का सदस्य बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम किया जाएगा। सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि सभी अपनी अपनी सदस्यता 20 जुलाई तक सदस्य बन जाएं। सदस्यता ग्रहण करने वाले शिक्षक ही संगठन के सदस्य होंगे। वहीं चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बैठक की अध्यक्षता सईदउरजफर रहमानी ने की। संचालन चरन सिंह द्वारा किया गया। बैठक में नरेंद्र सैनी अनुसेंद्र चौहान, मनोज कुमार, इंद्रेश कुमार ,तनवीर अहमद, सईद सागर,रहमत अली, अमरपाल यादव, अवधेश मिश्रा, प्रसन्न प्रकाश राजेंद्र सिंह विजय कुमार ,सिद्धार्थ सिंह, अनिल कुमार, सोमपाल सिंह विशाल कुमार डॉक्टर सरफराज अहमद दिनेश कुमार तरुण पांडे महेश कुमार लोधी आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## सार संक्षेप

### किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

**मिलक।** सहकारी गन्ना विकास समिति मिलक में क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता केंद्र मिलक–रामपुर के माध्यम से आयोजित सामाजिक सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय जागरूकता मेले का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। मेले में क्षेत्र के किसानों को केंद्र व प्रदेश सरकार तथा बैंकों द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बैंकिंग, किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता केंद्र, मिलक के केंद्र प्रबंधक आरिफ हुसैन, डीईओ आशीष कुमार सहित समिति के सभी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अंत में किसानों ने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मीरगंज गन्ना समिति के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक रतिराम चौहान ने की। जबकि समिति के सचिव केजी गौतम ने किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम किसानों की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





किसानों को जानकारी देते मुख्य अतिथि।

### जलभराव की समस्या का कराया समाधान

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के दिव्यापुर नरेंद्रपुर गांव निवासी अनुज और मुनेंद्र की शिकायत पर अधिकारी गांव में जलभराव की समस्या का समाधान कराने पहुंचे। इस दौरान जेसीबी की मदद से नाली खोदी गई ताकि कच्ची सड़क पर हो रहे जलभराव से ग्रामीणों को निजात मिल सकें।शनिवार को बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान राजस्व विभाग के कर्मचारियों और पुलिस बल के साथ तहसील क्षेत्र के दिव्यापुर नरेंद्रपुर गांव पहुंचे और आईजीआरएस पर की गई शिकायत का समाधान कराया। बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव की कच्ची सड़क पर जलभराव की शिकायत मिली थी, जिसके समाधान के लिए गांव पहुंचे थे, गांव के लोगों द्वारा गुल को जोत लिया गया था। जिसको कब्जामुक्त कराते हुए जेसीबी की मदद से नाली बनवाई गई है। अब सड़क पर जलभराव की समस्या नहीं होगीं।



गांव में नाली बनाती जेसीबी।

### वृक्ष मानव जीवन एवं पर्यावरण के आधार

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के वृहद वृक्षारोपण अभियान तथा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक, नौगवां, चमरौआ में उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. राज बहादुर सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन एवं पर्यावरण के आधार हैं। हमारा उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता एवं प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। सामूहिक प्रयासों से हमारा संस्थान शीघ्र ही एक आदर्श ग्रीन कैंपस के रूप में स्थापित होगा।उन्होंने बताया कि नवीन परिसर में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारम्भ होने के उपरांत हरित वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से इस अभियान को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी कुमार, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग,पारुल सिंह राठी, कपिल गंगवार,श्वेता सिंह, इंतजार, चंद्रशेखर, चंदन विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार,इंदु मौजूद रही।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अपनी माताओं के सम्मान में लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया।



पौधारोपण करती शिक्षिकाएं।

# चिरान में बनी मस्जिद और मजार को अधिकारियों ने जारी किया नोटिस

- सात दिन के अंदर 'मुतावल्ली सात दिन के अंदर दे सबूत,नहीं तो होगी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मोहल्ला चिरान में बनी मस्जिद के मुत्ताबल्ली को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने नोटिस भेजकर सात दिन के अंदर जवाब मांगा है। जिसके बाद से मुत्ताबल्ली सभी लोगों में सनसनी फैल गई है। लोगों को कहना है कि यह करीब डेढ़ सौ साल पुरानी मस्जिद है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला चिरान में करीब डेढ सौ साल पुरानी मस्जिद और मजार है। जिसमें आस पास के मोहल्ले वाले पांचों समय की लोग नमाज अदा करते चले रहे हैं। जिसमें बच्चे से लेकर बूढ़े तक ईद की नमाज तक हो चुकी है। लेकिन कुछ दिनों जिले के अधिकारियों ने इस मस्जिद को अवैध बताया।उसके बाद लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता स्टोर की ओर से मस्जिद के मुत्तावल्ली को नोटिस जारी करके सात दिन के अंदर जवाब मांगा है। दस जुलाई को जारी नोटिस कहा गया कि यह मजार और मस्जिद में आने वाले लोगों से विभाग के बने सरकारी मकानों में रहे रह कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए शांति बनाया रखना है। मस्जिद से सुरक्षा प्रभावित हो रही है। इसलिए मस्जिद और मजार को अवैध बताते हुए सात दिन का समय देते हुए कागज मांगे है।

**अभियान** बिना परमिट और परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई

# परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर तीन डंपर व एक पिकअप को किया सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में सड़क सुरक्षा एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार रात 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान परिवहन विभाग एवं संबंधित टीमों ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की।

एआरटीओ श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चेकिंग के दौरान थाना भोट एवं थाना शहजादनगर क्षेत्र में 3 ओवरलोड डंपर तथा 1 ओवरलोड पिकअप वाहन को सीज किया गया।





बस को चेक करते एआरटीओ।

इसके अतिरिक्त परमिट की शर्तों का उल्लंघन कर संचालित की जा रही 1 बस के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसका चालान/सीज किया गया। वहीं बिना वैध परमिट संचालित एक लाइट गुड्स व्हीकल के विरुद्ध भी चालान,सीज की कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन में 9 ट्रकों के चालान भी किए गए।इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान विभिन्न वाहनों पर कुल 3 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ओवरलोडिंग, बिना परमिट एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा नियमों का पालन कराने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पेड़ है प्रकृति की शान... वृक्षारोपण के लिए चलाओ अभियान

## आंवले के 50 पौधों का कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में हुआ पौधारोपण , बच्चे अपने लगाए हुए पौधों की प्रतिदिन करें देखभाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्वार में पौधारोपण के दौरान मौजूद छात्राएं। -जागरण मोर्चा



मसवासी के शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल में पौधारोपण करते स्कूली बच्चे और अध्यापक।



स्कूल में पौधारोपण करते शिक्षक एवं बच्चे। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** रविवार को प्रदेश स्तर पर होने वाले वृक्षारोपण अभियान के तहत शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के शिक्षकों ने नानकार स्थित सरकारी नर्सरी से 50 आंवले के पौधे प्राप्त कर उन पौधों का पौधारोपण विद्यालय परिसर में किया।

पेड़ लगाने का लो संकल्प , प्रकृति को बचाने का यही है विकल्प,पेड़ लगाना मजबूरी नही जरूरी है,पेड़ लगाओ, प्रकृति को बचाओ,पेड़ लगाओ , जीवन में खुशहाली लाओ।ऑक्सीजन की होगी मार , चलो पेड़ लगाएं यार। तभी सांस ले पाओगे , जब पेड़ों को बचाओगे। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक अध्यापक चिरंजीव कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल आधार है। सभी बच्चों की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने लगाए हुए पौधों की प्रतिदिन देखभाल करें , उसे पानी दे और साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा कि गर्मियों की जो विगत दिनों छुट्टी हुई थी। छुट्टियों में वह हर दूसरे दिन दोपहर में कुछ समय के लिए साइकिल से विद्यालय के पौधों की देखभाल के लिए आते थे, क्योंकि गर्मी अधिक पड़ने की वजह से पौधों को पानी चाहिए था।इस अवसर पर नाजिम अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, नसरीन बी, सीमा गौहर, रजनी गुप्ता, संगीता यादव, रजिया बेगम, अमरपाल , मलखान सिंह, शबिस्ता नैयर, शहनाज फातिमा, शाजिया बी उपस्थित रहे।

**स्वार: एक वृक्ष सौ पुत्र समान**

संघ शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन संकल्प के तहत पर्यावरण संरक्षण और समाज में जन-जागरण के उद्देश्य से शनिवार को समोदिया में एक वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल प्रखंड स्वार के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं आचार्यों, कर्मचारियों और अभिभावकों को लगभग 1000 फलदार पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों को साकार करने के लिए 12 जुलाई (रविवार) को पूरे प्रदेश में एक दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने का महाअभियान चलाया जा रहा है। जिला उद्यान विभाग की राजकीय उद्यान नर्सरी स्वार के प्रभारी अजय कुमार के निर्देशन में विहिप और बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अर्जुन गुप्ता की टीम ने नर्सरी से बेल, जामुन, करौंदा और अमरूद जैसे बहुपयोगी फलदार पौधे उपलब्ध कराए। यह पौधे सरकारी, अर्ध-सरकारी, निजी संस्थानों, सड़कों, नहरों के किनारे और श्मशान व कब्रिस्तान जैसी जगहों पर व्यापक स्तर पर रोपे जाएंगे।विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने सभी को पौधे वितरित करते हुए उनके धार्मिक, स्वास्थ्य और आर्थिक महत्व को विस्तार से समझाया।इस मौके पर सुनीता रानी मौर्य, अंजलि मौर्य, सेविका कलावती चंद्रवंशी, उमेश कुमार, दिलीप कुमार, विजेंद्र सिंह, संजय कुमार, गौरव सिंह, प्रकाश बाबू, प्रेमपाल, सुनील कुमार के साथ-साथ छात्र आशीष कुमार, जतिन मौर्य, समर सक्सेना, अंश कुमार और निहाल वाल्मीकि ने बड़ी संख्या में पौधे वितरित करने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### वृक्षारोपण अभियान में 700 विद्यार्थियों ने लगाए पौधे

**मसवासी।** विकास भारती स्कूल में शनिवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 700 विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनकी देखभाल करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा हरित और स्वच्छ भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## सार संक्षेप



जनसुनवाई करती नायब तहसीलदार सीमा गंगवार और कोतवाल रणवीर सिंह।

### नायब तहसीलदार और एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए नायब तहसीलदार सीमा गंगवार और कोतवाल रणवीर सिंह ने लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित को शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए, इस दौरान कुल 4 शिकायती पत्र आए जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई दोनों शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस दौरान एसआई जयप्रकाश सिंह, एसएसआई रामचंद्र सिंह आदि रहे। उधर पटवाई थाने पर एसडीएम आशुतोष कुमार ने लोगों की फरियादें सुनी। पटवाई में कुल 6 शिकायती पत्र आए। जिनको निस्तारण करने के लिए विभागों को भेज दिया गया।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग के माह जून में जिले को प्रदेश में मिला पहला स्थान

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद ने सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में माह जून- 2026 की रैंकिंग में सम्पूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जिला 88 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माह जून - 2026 में प्रथम स्थान पर आया है।इससे पूर्व में जुलाई 2024 से अब तक जनपद सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 23 बार प्रथम स्थान पर कायम रहा। माह जून 2025 में द्वितीय स्थान पर रहा। सीएम डैशबोर्ड में 50 बिन्दुओं पर कार्यवाही के माध्यम से जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही के माध्यम से तय की जाती है। जिसमें अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध,अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध,अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध,आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही,गिरोहबन्द अधिनियम के तहत कार्यवाही के साथ ही 32 बिन्दु शामिल होते हैं।

## एक नजर

### ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर में 11 पौधे लगाए

**मिलक।** विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल के सेवा सप्ताह के तहत शनिवार को प्रखंड केमरी क्षेत्र में ऐतिहासिक शिव मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर परिसर में 11 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने की अपील की। प्रखंड अध्यक्ष हरिराम सैनी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रखंड मंत्री बिजेंद्र राजपूत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख भी करनी चाहिए ।इस अवसर पर प्रखंड सहसंयोजक राजकुमार मौर्य सहित बजरंग दल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पौधारोपण के साथ पर्यावरण को स्वच्छ, सुरक्षित और हरा–भरा बनाने का संकल्प लिया।

# कार्यक्रम: स्कूल में हुआ एमएचएम क्लब का गठन

- मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका विकासखंड बिलासपुर में मीना मंच कार्यक्रम के तहत मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन क्लब का गठन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में मासिक धर्म से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी का प्रसार करना, स्वच्छता की आदतों को बढ़ावा देना तथा विद्यालय में सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण विकसित करना है।

कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाओं अंशु व राजकौर ने किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं हार्मोनल परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर किसी प्रकार की झिझक या भ्रांति नहीं होनी चाहिए। बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण, नियमित स्वास्थ्य देखभाल तथा स्वच्छ सेनेटरी पैड के सुरक्षित उपयोग एवं निस्तारण की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक नितिन राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से एमएचएम क्लब का गठन किया गया। क्लब की नोडल शिक्षिका अंशु तथा सह-नोडल शिक्षिका राजकौर को नामित किया गया। छात्राओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, पैड बैंक प्रभारी एवं स्वच्छता प्रभारी का चयन कर उन्हें विद्यालय में जागरूकता गतिविधियों का दायित्व सौंपा गया ।इस अवसर पर सभी सदस्यों ने शपथ ली कि वे मासिक धर्म से जुड़े मिथकों एवं भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता अपनाने, अन्य छात्राओं को जागरूक करने तथा विद्यालय में सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

# हजरत इमाम हुसैन के बेटे की याद में निकला अलम का जुलूस

- सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल और मजिस्ट्रेट रहे तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय



अलम के जुलूस में शामिल शिया समुदाय के लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** हजरत इमाम हुसैन के बेटे की याद में अलम का जुलूस निकला। कई राजनैतिक और सामाजिक संगठनों ने टेंट लगाकर चाय और शरबत बांटा। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस और मजिस्ट्रेट तैनात रहे।

शनिवार सुबह साढ़े दस बजे हजरत इमाम हुसैन के बेटे हजरत जैनुल आवेदीन की याद में अलम का जुलूस सैयद मसूद हुसैन जैदी और हसन अली बेग की देख रेख में इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग से शुरू हुआ। जिसमें लगभग 4 हजार से ज्यादा लोग जुलूस में शामिल हुए। जुलूस में लोगों ने नौहाख्वानी और मातम किया। इससे पहले मौलाना अली मोहम्मद ने मजलिस को संबोधित किया। उसके बाद जुलूस का गुइया तालाब चौराहे पर पूर्व सांसद तजीन फात्मा,अदीब आजम खां, पूर्व चेयरमैन दंपति और पार्टी कार्यकताओं ने जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पिलाया। इसके अलावा चेयरमैन पति मामून शाह और चेयर मैन सना मामून ने सहयोगियों के साथ जुलूस में लोगों को चाय और शरबत पिलाने के साथ ही उनका स्वागत किया। यह जुलूस सुबह साढ़े दस बजे शुरू होकर मोहल्ला लाल कबर,कटरा,गुईया तालाब,पान दरीबा, दोमहेला रोड, बांस मंडी, घेर मर्दान खां,चाह मोटे कल्लन होते हुए देर रात को असलम हसन के घर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में मुरादाबाद,अमरोहा,संभल,बनारस से आए तंजीमों ने नौहाख्वानी के साथ ही जंजीरों का मातम हुआ। जुलूस में शिया समुदाय के अलावा जुलूस में चार मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे।



ग्रीनवुड स्कूल में बच्चों के साथ मौजूद ग्रीस की राजदूत। -जागरण मोर्चा

### ग्रीस की राजदूत ने ग्रीनवुड स्कूल का किया भ्रमण

**रामपुर।** शनिवार को ग्रीनवुड स्कूल में ग्रीस की राजदूत अलीकी कौतसोमितोपौलू नें भ्रमण किया। दक्षिण पूर्वी यूरोप के देश ग्रीस के राजदूत के ग्रीनवुड स्कूल आगमन पर स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, उपप्रधानाचार्य शकील अहमद, हेडमिस्ट्रेस परवीन खान तथा समस्त स्टाफ और बच्चों नें स्वागत किया। राजदूत अलीकी कौतसोमितोपौलू ने पूरे स्कूल को गहनता से देखा ।उन्होने स्कूल की संरचना को बहुत पसंद किया। स्कूल की लाइब्रेरी, ऑफिस मैदान आदि का अवलोकन करने के बाद उन्होने स्कूल के सभागार में बच्चों को संबोधित किया ।इस अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम़ अली खान ( कन्वीनर ) इंटेक रुहेलखंड चैप्टर ने भी बच्चो को संबोधित किया। राजदूत ने बच्चो के अनुशासन, उनके देश के प्रति उनका ज्ञान और स्कूल सरचंना की जम कर सराहना की। उन्होने अपने देश का इतिहास तथा भूगोल बच्चो से साझा किया। अंत मे स्कूल प्रबंधन और स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान तथा ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान ने राजदूत का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन उलिया हक़ और राहिमा रहमान ने किया। इस अवसर पर सुष्मिता आदित्य, फिरोज हैदर, शिल्पी अरोड़ा, मनदीप सिंह, मुदित शर्मा, एहतेराम अली, मुर्तजा अली, उबैद रवान, अब्दुल हमीद सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# मोमिनपुर अहमदाबाद गांव में ग्रीस की राजदूत का हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद में महिलाओं के साथ सेल्फी लेतीं ग्रीस की राजदूत अलीकी कौत्सोमितोपौलू।



युवा नेता मेहरबान अली के आवास पर राजदूत का स्वागत करते लोग। साथ में पूर्व मंत्री नवेद मियां।

**रामपुर।** भारत में ग्रीस की राजदूत अलीकी कौत्सोमितोपौलू ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वो पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के आमंत्रण पर यहां दो दिवसीय भ्रमण पर आई हैं।नवेद मियां ने बताया कि ग्रीस और भारत के सांस्कृतिक संबंध तीन हजार वर्ष पुराने हैं। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध भी बहुत अच्छे हैं।राजदूत अलीकी कौत्सोमितोपौलू एथेंस में विदेश मंत्रालय में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वो मैड्रिड स्थित ग्रीस दूतावास और काहिरा स्थित ग्रीस दूतावास में भी कार्यरत रही हैं। उनका प्रयास है कि हर क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध और बेहतर हों।इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखण्ड चैप्टर की ओर से ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में ग्रीस की राजदूत ने शिरकत की। इस मौके पर ग्रीस के राजनयिक दिमित्रियोस सिडेरिस, शाकिर मूसा, गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबर अली खां, ग्रीनवुड स्कूल के वाइस प्रिंसिपल शकील अहमद, इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां, अल्तमश खां, इब्राहीम खान आदि मौजूद रहे।

### दीक्षित कॉलेज के छात्रों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को दीक्षित कालेज में पढ़ने वाले एलएलबी के छात्र एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसकेबाद डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सालिग राम को सौंपा। जिसमें बताया कि पिछले दिनों एलएलबी की परीक्षा हुई थी। जोकि 205 छात्रों ने दी थी। जिसमें से केवल दो छात्र ही पास हुए है। बाकी 203 छात्रों को फेल कर दिया। सभी छात्रों की परीक्षा अच्छी हुई थी। छात्रों का कहना है कि दुबारा से कापी की जांच हो,ताकि रिजल्ट में सुधार हो सके।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते छात्र।




विद्यालय में बच्चों द्वारा बनाए गए कॉर्टून। -जागरण मोर्चा

### स्कूलों में विद्यार्थियों को कराई योगा

**रामपुर।** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शनिवार को विद्यालय में विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज करवाई गईं। जिसके तहत किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आज नो बैग डे रहा। जिसमें सभी विद्यार्थियों को लर्न विद फन के माध्यम से कॉर्डिनेशन लर्निंग भी करवाई गई। किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थियों ने प्रयोगात्मक तरीके से मोरल स्टोरीज भी सीखीं ।विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक खेल तथा एक्टिविटी करवाई गईं। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। 11 जुलाई में वर्ल्ड पॉपुलेशन डे के अवसर पर विद्यार्थियों को प्रात: असेंबली में इसके बारे में बताया गया तथा साथ ही विद्यार्थियों की योगा क्लास भी हुई। विद्यालय में हुई विभिन्न एक्टिविटीज में क्राउन मेकिंग, बॉटल रेस, ब्लाइंड गेम, जंप विद बॉल, मास्क मेकिंग आदि रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने भी किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थियों को आज उनके नो बैग डे के विशेष अवसर पर उन्हें उपहार स्वरूप खिलौने वितरित किए। जिससे खुश होकर अंत में नर्सरी कक्षा के सभी बच्चे उन्हें थैंक यू विश करने भी आए। इस अवसर पर विद्यालय के ऑर्डिनेटर कुलदीप कौर तथा पूजा अरोड़ा तथा विद्यालय स्टाफ में नरेंद्र,सिमरन, अदनान, कमला,नसरीन, साक्षी, चरणजीत, रीना बख्श, श्वेता, प्रीति आदि लोग उपस्थित रहे।

### मारपीट पर आमादा दो लोगों का शांतिभंग में चालान



**मिलक।** कोतवाली मिलक पुलिस ने शनिवार को शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया ।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार ग्राम मिर्जापुर निवासी ठाकुरदास तथा झम्मनलाल आपसी विवाद में मारपीट पर आमादा होकर फसाद कर रहे थे। इस पर कोतवाली पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय मिलक भेज दिया।

**निरीक्षण** | भैया नगला और बेनाजीर उर्फ घाटमपुर में स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

# एडीएम ने कोसी नदी के संवेदनशील गांवों का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



गांव पहुंचकर लोगों से जानकारी लेते एडीएम वित्त एवं राजस्व। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में संभावित बाढ़ की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है ।शनिवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आनंद कुमार सिंह ने नायब तहसीलदार सदर एवं आपदा सहायक की टीम के साथ तहसील सदर के ग्राम भैया नगला एवं बेनाजीर उर्फ घाटमपुर का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ संभावित क्षेत्रों की तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान वर्ष 2021-22 में कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों एवं जलमग्न मार्गों का अवलोकन किया। टीम ने स्थानीय परिस्थितियों का आकलन करते हुए संभावित जोखिमों की समीक्षा की ।आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया ।अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व ने भैया नगला में निर्माणाधीन पुलिया के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नायब तहसीलदार को सेतु निगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराने के लिए कहा, ताकि वर्षा ऋतु में जलभराव एवं कटान की स्थिति से बचाव हो सके और ग्रामीणों का आवागमन निर्बाध बना रहे। साथ ही संबंधित मार्गों को सीमेंट-कंक्रीट (सीसी) निर्माण के माध्यम से सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए ।बेनाजीर उर्फ घाटमपुर के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने वर्षा ऋतु से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

निरीक्षण के बाद अपर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर बाढ़ के दौरान जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, बिस्तर, शौचालय, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी ।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बाढ़ के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें ।किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें। साथ ही संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी बनाए रखने एवं सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए ।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संभावित बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं ।संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

# लगातार बारिश से खतरे के निशान के करीब पहुंची गंगा, प्रशासन अलर्ट

## राजघाट का टापू डूबा, खेतों में घुसा पानी, 16 बाढ़ चौकियां स्थापित

जागरण मोर्चा, कार्यालय



राजघाट गंगा में डूबा रेलवे पुल का पिलर। –जागरण मोर्चा

**संभल।** उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश का असर अब जनपद संभल में भी साफ दिखाई देने लगा है। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और राजघाट पर नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। तेज बहाव के साथ बड़ी मात्रा में जलकुंभी बहकर आ रही है, जिससे नदी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। बढ़ते जलस्तर के कारण राजघाट के सामने स्थित टापू पूरी तरह जलमग्न हो गया है, जबकि गंगा से सटे कई गांवों के खेतों में भी बाढ़ का पानी पहुंचने लगा है।

गंगा के बढ़ते जलस्तर से किसानों की चिंता बढ़ गई है। निचले क्षेत्रों के खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान की आशंका गहरा गई है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा और जलस्तर में और बढ़ोतरी हुई तो बाढ़ का दायरा भी बढ़ सकता है। ग्रामीण लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं और प्रशासन से आवश्यक सहायता की अपेक्षा कर रहे हैं।

संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिले में 16 बाढ़ चौकियां स्थापित कर राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इन चौकियों के माध्यम से गंगा के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखे गए हैं। राजघाट सहित प्रमुख स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बैरिकेडिंग कर लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीमें लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार लोगों को सतर्क रहने और तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील कर रही हैं। सावन और अन्य धार्मिक आयोजनों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत कर दी गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में गंगा का जलस्तर बढ़ता है, लेकिन इस बार पानी अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ रहा है। नदी किनारे बसे परिवारों ने भी एहतियात बरतनी शुरू कर दी है। वहीं किसान जलस्तर जल्द नियंत्रित होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि उनकी फसलों को अधिक नुकसान न उठाना पड़े। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। जलस्तर की नियमित निगरानी की जा रही है और राहत एवं बचाव दल पूरी तरह तैयार हैं। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने, प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा अनावश्यक रूप से गंगा के तेज बहाव वाले क्षेत्रों में न जाने की अपील की है।

## करन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहजोई/सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदनकटी मोजा निवासी 75 वर्षीय करन सिंह पुत्र बादाम की शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उन्हें मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई लेकर पहुंचे। परिजनों के अनुसार करन सिंह ने सुबह बताया था कि उन्हें किसी कीड़े ने काट लिया है। इसके कुछ समय बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए सीएचसी बहजोई लेकर पहुंचे, जहां सुबह करीब 6:45 बजे चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद मामले की जानकारी संबंधित पुलिस को दी गई। प्रारंभिक तौर पर परिजन कीड़े के काटने की आशंका जता रहे हैं। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण का पता चिकित्सीय परीक्षण और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## सार संक्षेप

### बाल विवाह की सूचना पर पुलिस ने रुकवाई शादी

**बहजोई।** थाना एएचटी व बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त कार्रवाई में एक संभावित बाल विवाह को समय रहते रुकवा दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन और प्रयत्न संस्था की टीम मौके पर पहुंची। जांच में विवाह के लिए तैयार की जा रही किशोरी की उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई। टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम–2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए समझाया, जिसके बाद विवाह तत्काल रोक दिया गया। किशोरी की काउंसलिंग कराई गई तथा बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के निर्देश पर उसे सुरक्षित संरक्षण के लिए वन स्टॉप सेंटर, बहजोई में भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज रावत और क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत की गई। कार्रवाई में एएचटी थाना पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी प्रयत्न संस्था की टीम शामिल रही। प्रशासन ने कहा है कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है। किसी भी संभावित बाल विवाह की सूचना तत्काल डायल–112, चाइल्ड हेल्पलाइन–1098 अथवा जस्ट राइट्स हेल्पलाइन 1800–102–7222 पर देने की अपील की गई है।

### पौधारोपण अभियान में लापरवाही पर दो ग्राम पंचायत अधिकारियों पर गिरी गाज

**बहजोई/सम्भल।** शासन के महत्वाकांक्षी वृहद पौधारोपण महाअभियान में लापरवाही और अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने दो ग्राम पंचायत अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास खंड बहजोई में आयोजित समीक्षा बैठक में दोनों अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया गया। बैठक में खंड विकास अधिकारी बहजोई ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी अजय यादव पिछले करीब 15 दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना और स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित हैं। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कुमार को समीक्षा बैठक में शामिल होने के लिए कई बार फोन पर सूचना दी गई, लेकिन उन्होंने न तो बैठक में भाग लिया और न ही फोन का जवाब दिया। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि दोनों अधिकारियों ने वृहद पौधारोपण अभियान में अपेक्षित सहयोग नहीं किया। पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार करने, स्वयं सहायता समूहों के गठन में सहयोग देने तथा ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार शत–प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित कराने में भी उनकी कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं पाई गई। मामले को गंभीर मानते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को दोनों ग्राम पंचायत अधिकारियों के कार्यों एवं आचरण की विस्तृत जांच कराकर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रशासनिक हित में दोनों अधिकारियों के आवंटित क्लस्टरों को तत्काल हटाकर अन्य विकास खंडों में पुनः आवंटित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनुशासनहीनता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



एसएम इंटर कालेज में पौधारोपण करते मुख्य अथिति व कैडेट्स।


एनकेबीएमजी कालेज में पौधरोपण करतीं प्राचार्य व शिक्षिकाएं।

### एमएम इंटर कालेज व एनकेबीएमजी कालेज में हुआ पौधारोपण, संरक्षण करने की कही गई बात

**चन्दौसी।** एसएम इंटर कालेज में एसएम इंटर कालेज व एसएम कालेज के एनसीसी कैडेट्स की ओर से पौधारोहण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय परिसर में 20 पौधों का रोपण किया। कैडेट्स ने आमजन से बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता, योगेश बाबू, मनोज कुमारर, नेमचंद, कैप्टन चंद्रवीर, आकाश, रूपेश, संजीव कुमार, शामेंद्र, लेफ्टिनेंट अमरजीत मौर्य आदि मौजूद रहे। वहीं एनकेबीएमजी कालेज में पौधारोपण महायज्ञ के अंतर्गत बरसात के मौसम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल, डा. रीता, डा. नीता गुप्ता, डा. इमराना द्वारा जामुन, अमरुद, नींबू, यूके लिप्टस की पौधे लगाए। अजीमगंज पौधशाला से विभिन्न प्रजाति के पौधे मंगवाए गए तथा महाविद्यालय की छात्राओं को पौधारोपण का रोपण कर पौधारोपण करने व उनका संरक्षण करने का आह्वान किया।



तहसील गेट पर धरने पर बैठे समिति पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

### महापंचायत में अधिक से अधिक किसानों से शामिल होने का किया आह्वान

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति का भूमि अधिग्रहण मुद्दे को लेकर पांचवें दिन भी धरना प्रदर्शन तहसील गेट पर जारी बना रहा। धरने में किसानों ने अपनी–अपनी समस्याएं रखी। जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में किसान उस पार्टी का समर्थन करेंगे जो स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को अपने एजेंटा में शामिल करेगा। कहा कि सभी किसान महापंचायत में अपने–अपने क्षेत्रों से भारी संख्या में किसानों को ट्रैक्टर–ट्रालियों से लेकर धरना स्थल आएंगे। उसी दिन किसानों की बिजली, खाद, खेती संबंधित समस्याओं का समाधान भी महापंचायत में कराया जाएगा। इस अवसर पर अमर सिंह तोमर, उदय पाल सिंह, रामेश्वर दयाल शर्मा, वीरेंद्र तोमर, अनिल कुमार, नरेश शर्मा, भीकम जाटव, लेखराज मौर्य, महावीर सिंह, अजय कुमार, सुदेश कुमार, नरेश शर्मा, हरिओम शर्मा, रामप्रसाद मौर्य, मनोज कुमार, महेंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# कोबरा का रेस्क्यू करते समय स्नेक एक्सपर्ट को डसा

- समय पर एंटी-वेनम मिलने से बची जान, अब तक पांच बार हो चुके हैं सर्पदंश का शिकार

जागरण मोर्चा, कार्यालय


स्नेक एक्सपर्ट जाबुल हसन।

**बहजोई।** जनपद के जाने-माने स्नेक एक्सपर्ट जाबुल हसन शनिवार को कोबरा सांप का रेस्क्यू करते समय स्वयं सर्पदंश का शिकार हो गए। गांव नारंगपुर में रेस्क्यू के दौरान कोबरा ने उनके हाथ पर डस लिया। गंभीर स्थिति में उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बिना देर किए एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) देकर उपचार शुरू किया। समय पर इलाज मिलने से उनकी जान बच गई। थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव बवैना निवासी 36 वर्षीय जाबुल हसन पुत्र शराफत हुसैन पिछले कई वर्षों से अपनी टीम के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निकलने वाले सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर रहे हैं। वह प्रतिदिन दो से तीन स्थानों पर पहुंचकर घरों और आबादी वाले इलाकों से सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ देते हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा के साथ वन्यजीव संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके।

शनिवार दोपहर थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी शिक्षक राजेश कुमार ने उनके पास फोन कर घर में कोबरा निकलने की सूचना दी। सूचना मिलते ही जाबुल हसन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। रेस्क्यू पूरा होने के बाद जब वह कोबरा को सावधानीपूर्वक अपने थैले में रख रहे थे, तभी सांप ने अचानक उनके हाथ पर हमला कर दिया और डस लिया।

घटना के बाद उनके भाई अली बारिश तत्काल उन्हें सरकारी अस्पताल बहजोई लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने तत्काल एंटी स्नेक वेनम लगाकर उपचार शुरू किया। वह गांव-गांव जाकर लोगों को जहरीले और गैर जहरीले सांपों की पहचान, उनसे बचाव तथा अंधविश्वास से दूर रहने के प्रति भी जागरूक करते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक रेस्क्यू के दौरान पांच बार उन्हें सांप डस चुका है, लेकिन हर बार समय पर इलाज मिलने से उनकी जान बची है।

### बरसात में बरतें विशेष सावधानी

डॉक्टर मनमोहन शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जाबुल हसन को सर्पदंश के तुरंत बाद अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों की टीम ने बिना समय गंवाए एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) देकर उपचार शुरू किया। समय पर इलाज मिलने के कारण उनकी हालत में तेजी से सुधार हुआ और खतरा टल गया। उन्होंने कहा कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़–फूंक या घरेलू उपचार के बजाय मरीज को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाना चाहिए। बरसात के मौसम में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

## स्थापना दिवस पर लगाए पौधे, लिया संरक्षण करना संकल्प

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** सनातन शाखा भारत विकास परिषद ने स्थापना दिवस पर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। जिसमें जामुन, शीशम, नीम, गुलमोहर सहित अन्य छायादार पौधों का रोपण किया। साथ ही हरित एवं स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम संयोजक पुनीत चौधरी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही मानव सभ्यता का संरक्षण है। पौधारोपण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व भी है। अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि परिषद समाज में सेवा और संस्कार की भावना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जन-जागरण का कार्य निरंतर करती रहेगी। प्रांतीय संयोजिका डा. दुर्गा टंडन ने कहा वृक्ष पृथ्वी के प्राण है। यदि हमें स्वस्थ समाज और सुरक्षित भविष्य का निर्माण करना है तो प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण को अपने जीवन का संस्कार बनाना होगा। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं हरित जीवनशैली पर चर्चा हुई। साथ ही सभी सदस्यों ने पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर लवित वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, मौसम गप्ता, अभिषेक गुप्ता, आकाश वार्ष्णेय, देव कुमार, मयंक वार्ष्णेय, दीपेश सेठ, विनीत वार्ष्णेय, प्रवीण गुप्ता, विशेष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्कूल मार्ग हुआ जलभराव, बच्चों का आवागमन हो रहा प्रभावित

- नगर पंचायत मौलागढ़ के इसी मार्ग पर बना है ग्राम प्रधान का आवास

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जलभराव से गुजरती स्कूली वैन। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** विकास खंड बनियाखेड़ा की नगर पंचायत मौलागढ़ क्षेत्र में जर्जर सड़कों व कच्चे मार्गों से आवागमन पूरी तरह प्रभावित बना हुआ है। बरसात के मौसम में बारिश होने पर जलभराव होने आम नागरिक के साथ-साथ स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही हाल नगर पंचायत क्षेत्र के एएम वर्ल्ड स्कूल मार्ग पर बना है। इस मार्ग पर ग्राम प्रधान का आवास भी है।

वर्तमान में बरसात का मौसम चल रहा है। जिससे बारिश होने पर हर स्थान पर जलभराव हो जाता है। मगर कुछ घंटों के बाद पानी उतर जाने के बाद स्थिति सामान्य हो जाती है। मगर नगर पंचायत मौलागढ़ क्षेत्र में एएम वर्ल्ड स्कूल वाले मार्ग पर स्थिति इसके विपरीत बनी हुई है। यहां बारिश होने के बाद हफ्ते जलभराव की समस्या बनी रहती है। क्योंकि मार्ग कच्चा होने से बारिश के बाद जलभराव होने से मार्ग पर गड्ढों ने जन्म ले लिया है। ऐसी स्थिति में स्कूली बच्चों को इस मार्ग पर विद्यालय जाना खतरे से खाली नहीं है। इसके बाद भी स्कूली बच्चों रोजाना विद्यालय आते-जाते हैं। जलभराव से गुजरने के बाद कई बार स्कूली बच्चे साइकिल व स्कूटी से गिरकर चुटैल होने के साथ उनके कपड़े कीच में गंदे हो जाते हैं। जबकि इसी मार्ग नगर पंचायत के ग्राम प्रधान का भी आवास है। उन्हें इस मार्ग पर होने वाले जलभराव से कोई सरोकार नहीं है। जिससे स्कूली बच्चों के साथ-साथ जनता परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## राधा गोविंद में लगाए गए विभिन्न प्रकार के 600 पौधे

**चन्दौसी।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम एख पेड़ मां के नाम थी। विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम में नीम, पीपल, बरगद, अमलताश, अशोक, सागौन सहित 600 पौधे लगाए गए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पवन कुमार शर्मा ने कहा कि वृक्ष प्रकृति के हरे–भरे फेफड़े हैं, जो हमें आक्सीजन प्रदान करने के साथ–साथ पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनोज तोमर ने कहा कि नई पीढ़ी को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। उनकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए तथा स्वच्छ पर्यावरम, शुद्ध वायु और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनका संरक्षण करें। इस अवसर पर पीयूष शर्मा, अरुण शर्मा, डा. खूब सिंह, डा. पंकज महेश्वरी, अनिल शर्मा, सुरेश पाल, नितिन चौहान, पुष्पेंद्र मौर्य, अजब, मधु, मुस्कान, खुशबू, रवि आदि मौजूद रहे।

# समिति व जागरुकता अभियान ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस व स्वतंत्रता सेनानी पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हास्पिटल में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ कांशीराम के चित्र के पुष्प अर्पित करके किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि आज भारत ने जनसंख्या के क्षेत्र में चीन को भी पीछे छोड़ दिया है, जो कि भविष्य में बड़ी समस्या की वजह बन सकती है। विश्व जनसंख्या दिवस पर संबंधित समस्याओं पर वैश्चिक चेतना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी गांधी के नाम से प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी बाबा कांशीराम स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। 13 अप्रैल 1919 को जलियावाला बाग कांड के बाद महात्मा गांधी के सभी आंदोलनों में भागेदारी की। अपनी कविताएं एवं पहाड़ी लोक गीतों से पहाड़ी क्षेत्रों में स्वतंत्रता की अलख जगाई। देश को आजाद कराने के लिए 11 बार जेल गए। भारत सरकार द्वारा उनके सम्मान में 1948 को डाक टिकिट जारी किया। इस अवसर पर डा. महेश कुमार गुप्ता, डा. अरविंद कुमार गुप्ता, डा. निशा गुप्ता, डा. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव, आशीष कुमार, नरेश पाल सिंह, नीरज शर्मा, सपना, शोभा यादव आदि मौजूद रहे।


बाबा कांशीराम की जयंती मनाते पदाधिकारी।

उत्साह | पहली बारिश में दिखा पुनर्जीवन अभियान का असर, 10 किमी तक खुदाई पूरी, एसडीएम ने किया निरीक्षण

# वर्षों से विलुप्त हो रही वर्धमार नदी में फिर लौटी जलधारा

जागरण मोर्चा, कार्यालय


वर्धमार नदी की सफाई करतीं जेसीबी। –जागरण मोर्चा

**संभल।** वर्षों से विलुप्त हो चुकी वर्धमार नदी अब एक बार फिर अपने पुराने स्वरूप की ओर लौटती दिखाई दे रही है। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नदी पुनर्जीवन अभियान का असर पहली ही बारिश में साफ दिखाई देने लगा है। करीब 10 किलोमीटर तक खुदाई पूरी होने के बाद नदी में दोबारा जल प्रवाह शुरू हो गया है। इससे प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों में उत्साह का माहौल है।

जिला प्रशासन ने 6 जून को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ वर्धमार नदी के पुनर्जीवन अभियान का शुभारंभ कराया था। अभियान के तहत सबसे पहले नदी के प्राकृतिक मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। इसके बाद बुलडोजर और जेसीबी मशीनों की सहायता से वर्षों से बंद पड़े नदी मार्ग की सफाई और खुदाई का कार्य शुरू कराया गया।

करीब 15 किलोमीटर लंबी वर्धमार नदी में अब तक लगभग 10 किलोमीटर हिस्से की खुदाई पूरी की जा चुकी है। मानसून की पहली बारिश के बाद नदी में पानी का प्राकृतिक प्रवाह शुरू हो गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पुनर्जीवन अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। लंबे समय बाद नदी में बहता पानी देखकर स्थानीय ग्रामीणों ने भी संतोष व्यक्त किया। बड़े एक्सकेवेटर मशीनों से नदी के किनारों को मजबूत और व्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि भविष्य में जल प्रवाह निर्बाध बना रहे और कटान की समस्या न हो।

शनिवार को गुन्नौर के एसडीएम विकास चंद्र ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष खुदाई का कार्य भी निर्धारित समय सीमा में तेजी से पूरा कराया जाए, जिससे वर्धमार नदी का प्राकृतिक स्वरूप पूर्ण रूप से बहाल किया जा सके। प्रशासन का मानना है कि नदी के पुनर्जीवन से वर्षा जल का बेहतर संचयन होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा तथा आसपास के किसानों और ग्रामीणों को भी इसका दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। लंबे समय से सूखी पड़ी वर्धमार नदी में फिर से जलधारा बहना जिले के लिए एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 180 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा और भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक शामिल हुए**







जागरण मोर्चा, कार्यालय

**हसनपुर, संवाददाता ।** नगर के एक पैलेस में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हसनपुर और गंगेश्वरी विकास खंड सहित नगरीय क्षेत्रों के कुल 180 गरीब कन्याओं का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। हालांकि, पहले 208 जोड़े प्रस्तावित थे, लेकिन बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद अंतिम रूप से 180 जोड़ों की शादी कराई गई। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी और ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा और भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक शामिल हुए।

विधायक खड़गवंशी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सरकार की यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने खराब मौसम की संभावना के बावजूद वाटरप्रूफ और शानदार व्यवस्था करने के लिए प्रशासनिक टीम की सराहना की। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ और अश्वनी कुमार मिश्रा ने जोड़ों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि सभी नवदंपतियों को गृहस्थी का सामान और सहायता राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर देवेंद्र खड़गवंशी, यशपाल सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर ट्रक चालकों से वसूली

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा खुद को परिवहन विभाग का अधिकारी बताकर ट्रक चालकों से कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक सीएनजी पंप के पास ट्रकों और अन्य भारी वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच करते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि ये लोग स्वयं को RTO अधिकारी बताकर वाहन चालकों से धन की मांग कर रहे थे। इसी दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उनकी पहचान और अधिकारों को लेकर सवाल उठाए, जिससे विवाद की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कथित अधिकारियों के पास मौके पर कोई स्पष्ट पहचान पत्र या अधिकृत दस्तावेज नहीं दिखाई दिए। इसी बीच मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## सार संक्षेप



### भाकियू टिकैत की पंचायत में गूंजीं जनसमस्याएं, बिजली घर निर्माण व चकबंदी में भ्रष्टाचार पर घेराव

**हसनपुर, संवाददाता।** गंगेश्वरी ब्लॉक के प्रांगण में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अमर सिंह राणा ने किया तथा संचालन टीटू त्यागी ने किया। पंचायत में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह का किसानों ने जोरदार स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था पर रोष जताते हुए कहा कि रहरा बिजली घर ओवरलोड चल रहा है, जिससे चचोरा क्षेत्र को तीसरे दिन बिजली मिल रही है। उन्होंने वर्ष 2018 से लंबित नव प्रस्तावित बिजली घर के निर्माण की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि चकबंदी वाले गांवों में विभाग द्वारा भ्रष्टाचार कर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है और आवारा पशु फसलें उजाड़ रहे हैं। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने संगठन विस्तार पर बल देते हुए चेतावनी दी कि यदि चारागाह भूमि से अवैध कब्जे न हटे और राजस्व विभाग ने लंबित शिकायतों का निस्तारण नहीं किया, तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान टुन्नी चौधरी, रोहताश, वेदपाल सिंह, बलराम सिंह और दया प्रकाश सैनी काले सिंह, टीटू त्यागी, ठाकुर महेश सिंह, वृत पाल सिंह, सुरेंद्र शर्मा, भगवान सिंह, रोहताश, वेदपाल, वेद प्रकाश सैनीसहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### भाकियू संयुक्त मोर्चा की हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस

**गजरौला।** नगर में भाकियू संयुक्त मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इकबाल सैफी के आह्वान पर गजरौला के एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक की गई जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी सहित प्रदेश की कार्यकारिणी जिले की कार्यकारिणी के समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थित इस बैठक में रही बीते समय धनौरा उपजिलाधिकारी के साथ बैठक में रखी गई मांगों पर चर्चा की गई एवं जुबिलेंट फैक्ट्री द्वारा नाईपुरा मोहल्ले में शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित आरओ प्लांट की एन .ओ .सी नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा प्रदान किए जाने पर नगर पालिका गजरौला की अध्यक्षा का आभार व्यक्त किया गया।

### सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं से मचा हड़कंप, महिला की हालत गंभीर



**हसनपुर, संवाददाता ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को सर्पदंश के दो अलग–अलग मामले सामने आने से हड़कंप मच गया।पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव में गांव लुहारी खादर निवासी प्रेमचंद की पत्नी अखिलेश शनिवार की सुबह खेत पर पशुओं के लिए चारा काटने गई थीं। इसी दौरान चारा काटते समय अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया, जिससे वह अचेत हो गईं। परिजनों ने उन्हें तुरंत नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना नगर के मोहल्ला मनापुर की है, जहां शुक्रवार की टहलने निकले 68 वर्षीय बुजुर्ग जमील अहमद को अचानक सांप ने काट लिया। हालांकि, परिजनों का कहना है कि जमील अहमद को देर रात टहलते समय सांप ने काटा था। उन्हें तत्काल सीएचसी मैं भर्ती कराया जहां उपचार के बाद अब उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। बाद में चिकित्सकों के द्वारा जमील को घर भेज दिया गया।

### साइडों के नाले चोक होने से सड़क पर भरे गंदे पानी से गुजरने को मजबूर ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी



सड़क पर भरा गंदा पानी।

**हसनपुर, संवाददाता ।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुबारक कला से गुजरने वाले नगर के बेगपुर मुंडा मार्ग पर प्राइमरी स्कूल के सामने साइडों के नालों की सफाई न होने से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है। जिससे होकर गुजरने से दोपहिया वाहन गिरने से वाहन चालक और उस पर मौजूद सवारी गिरकर चोटिल हो रही हैं। आबादी के पास प्राइमरी स्कूल के सामने भरे गंदे पानी से ग्राम व क्षेत्रवासियों के साथ स्कूली बच्चे भी गुजरने को विवश हैं। पहले नालों से गुजरने वाला पानी नजदीकी तालाब में पहुंच जाता था। अब तालाब से पहले मध्य गंगा नहर की शाखा बनने से नाला अवरुद्ध हो गया है। कई बार क्षेत्र वासियों द्वारा तालाब में जाने वाले नाले के पानी को तालाब तक पहुंचाने हेतु पर्याप्त इंतजाम किए जाने की मांग की जा चुकी है। राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने मांग करते हुए कहा कि अति शीघ्र नालो की सफाई कर नाले का पानी तालाब तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम कर जल भराव की समस्या को दूर किया जाए।अन्यथा आने वाले समाधान दिवस में समाधान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### स्कूल चलो अभियान शिक्षकों ने घर-घर जाकर नवीन नामांकन के लिए किया जागरूक

**हसनपुर, संवाददाता ।** गंगेश्वरी विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में 'स्कूल चलो अभियान' के द्वितीय चरण के तहत शिक्षकों ने गांव में घर–घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से 6 से 14 वर्ष के बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराने की अपील की।विद्यालय के प्रधानाध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने परिषदीय स्कूलों में मिलने वाली नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन, जूते–मोजे और स्वेटर जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में चल रहे इस अभियान का लक्ष्य हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। जनसंपर्क अभियान में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह, सहायक अध्यापक अमित कुमार, अजय सागर, मनीष कुमार, संतराम सिंह, राशिद अली और रेनू कंसल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मोदी- योगी की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे विपक्षी दल : आचार्य प्रमोद कृष्णम्

**उमेश लव/ मुरादाबाद।** पूर्व कांग्रेस नेता एवं सनातन धर्म से जुड़े वक्ता आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने शनिवार को मुरादाबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कथित चंदा गड़बड़ी के आरोपों पर निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आर्थिक अनियमितता का नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास से जुड़ा है। इसलिए पूरे प्रकरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आए और लोगों का भरोसा बना रहे। आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी दल राम मंदिर के मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और राम मंदिर पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार उन्हीं लोगों को है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन का समर्थन किया हो। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीति का समाजवाद के मूल सिद्धांतों से कोई संबंध नहीं रह गया है। उनका आरोप था कि विपक्ष धार्मिक आधार पर समाज को विभाजित कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने दावा किया कि विपक्ष वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में राम मंदिर के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति बना रहा है, लेकिन जनता अब ऐसी राजनीति को समझ चुकी है और उससे प्रभावित नहीं होगी।

## ललिता गौतम प्रकरण को लेकर अंबेडकर विकास मंच ने जताई चिंता, रखीं छह मांगें



**हसनपुर, संवाददाता ।** नगर के अंबेडकर विकास मंच की बैठक में प्रबुद्धजनों ने ललिता गौतम प्रकरण पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताते हुए दलित समाज और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों पर चिंता जताई। शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर कथित लाठीचार्ज व एसएसपी के अभद्र व्यवहार की निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई। मंच ने प्रशासन के समक्ष छह मांगें रखीं, जिनमें स्वतंत्र एजेंसी से समयबद्ध जांच, दोषियों को कठोर दंड, पीड़ित परिवार को सुरक्षा व आर्थिक सहायता, लाठीचार्ज की जांच कर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई, दलित उत्पीड़न रोकने के लिए प्रभावी नीति और त्वरित न्यायिक प्रक्रिया शामिल है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि न्याय न मिलने पर मंच लोकतांत्रिक रणनीति तय करेगा। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील भगत जी, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंचल सागर, महिला जिला उपाध्यक्ष मीनू रानी, मीडिया प्रभारी ललित सिंह, जिला महिला मोर्चा महासचिव सुषमा रानी, जिला महासचिव चन्द्रभान सिंह, जिला सचिव बृजपाल सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने जनसंख्या विस्फोट के दुष्प्रभाव बताए

**मुरादाबाद।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "जनसंख्या विस्फोट : भविष्य के लिए खतरा" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लेकर जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय समस्याओं को पोस्टर के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य बढ़ती आबादी, स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रतियोगिता में सुरभि चौहान (एमए द्वितीय सेमेस्टर) ने प्रथम, ज्योति प्रजापति (एमए द्वितीय सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा सौम्या सैनी (बीए चतुर्थ सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुमेरा (एमए द्वितीय सेमेस्टर) को प्रेरक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. इंदु सिंह राजपूत एवं डॉ. प्रीति पांडे शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा मलिक ने किया।

## मेरठ में लाठीचार्ज और अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर, संवाददाता ।** मेरठ में 8 जुलाई को ललिता गौतम को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुए लाठीचार्ज और भारतीय किसान यूनियन बी आर अम्बेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी पर दर्ज मुकदमे के विरोध में संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर रिहान सैफी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मेरठ पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। संगठन का दावा है कि घटना के वक्त डॉ. दिग्विजय भाटी गाजियाबाद में थे, इसके बावजूद दुर्भावना के तहत उन पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

भाकियू अम्बेडकर ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए,व फर्जी मुकदमे वापिस लेकर अध्यक्ष को रिहा किया जाए और लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई हो। ज्ञापन देने वालों में कुलदीप भारती, नदीम, विपिन सागर, मथन प्रधान, रिहान चौधरी सोनू गुर्जर अक की कसाना, गौतम गुर्जर, मस्ता कुरैशी, विपिन सागर, बिलाल सैफी, देवेंद्र यादव, रिहान सैफी, धर्मपाल यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग में ओवरब्रिज से रामगंगा में कूदे युवक-युवती, सर्च ऑपरेशन

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार को प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया। एक युवक और युवती ने कल्याणपुर ओवरब्रिज से रामगंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा दोनों की तलाश के लिए स्टीमर और गोताखोरों की टीम को नदी में उतारा गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों एक ही बाइक से कल्याणपुर ओवरब्रिज पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उन्होंने पुल पर बाइक रोकी और कुछ ही देर बाद रामगंगा नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस की जांच में युवक की पहचान तुषार (22 वर्ष), पुत्र प्रदीप गोस्वामी, निवासी सूरजनगर के रूप में हुई है। बताया गया कि तुषार बुद्ध बाजार में कपड़ों का काम करता है और उसके परिवार में एक भाई तथा दो बहनें हैं। युवती की पहचान महक के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्टीमर और गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। समाचार लिखे जाने तक दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका था। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। कटघर थाना पुलिस का कहना है कि तलाश अभियान लगातार जारी है।

## गन्ने के खेत में मिला मजदूर का शव, गांव में फैली सनसनी

- **शरीर पर चोट के निशान मिलने से परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इंतजार में पुलिस**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**भगतपुर, संवाददाता ।** भगतपुर थाना क्षेत्र के जालपुर गांव में गन्ने के खेत से एक मजदूर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय संतोष सिंह पुत्र भीम सिंह के रूप में हुई है। शव पर चोट के निशान मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार संतोष सिंह शुक्रवार शाम गांव के दो लोगों के साथ घर से निकले थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव निवासी अर्जुन सिंह के गन्ने के खेत में संतोष अचेत अवस्था में पड़े मिले। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें गंभीर हालत में तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि संतोष के चेहरे और हाथ पर चोट के निशान थे, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। उनका कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। घटना की सूचना मिलते ही भगतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

बताया गया है कि संतोष सिंह की पत्नी का करीब 15 वर्ष पहले बीमारी के कारण निधन हो गया था। तब से वह मजदूरी कर अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रहे थे।उनकी असामयिक मौत से परिवार पर गहरा संकट आ गया है। पिता के निधन से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**सफलता** फर्जी आधार, सिम व मोबाइल बरामद

## साइबर ठगी गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा, कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। –जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद साइबर थाना, साइबर सेल और सर्विलांस टीम ने ऑपरेशन 'Cy-Vajra' के तहत दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी गिरोह के कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल फोन, सिम कार्ड व ई-सिम बरामद किए गए हैं। पुलिस दोनों मामलों में फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच के दौरान एसबीआई बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी में किए जाने के साक्ष्य मिले। इसके बाद साइबर थाना मुरादाबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे साइबर ठगी से प्राप्त रकम अपने बैंक खातों में मंगवाते थे और बाद में एटीएम व चेक के माध्यम से नकदी निकालकर आपस में बांट लेते थे। आरोपियों ने कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर इस गिरोह से जुड़ने की बात भी स्वीकार की।

### पहले मामले में गिरफ्तार आरोपी

वैभव रस्तोगी, अधित गुप्ता, योगेंद्र वर्मा हैं।इस मामले में पुलिस ने एक मोबाइल (ई–सिम सहित), छह फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी अरुण वर्मा (सीलमपुर, दिल्ली) अभी फरार है।

### दूसरे मामले में गिरफ्तार आरोपी

शान उर्फ शानू पुत्र शाहिद, मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद तरसीम हैं। इनके कब्जे से फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल फोन और फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। इस मामले में नदीम, सलीम और जीशान समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का गजरौला में जोरदार स्वागत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**गजरौला।** गजरौला में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने अमरोहा दौरे के दौरान समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। राम मंदिर के मुद्दे पर सपा की राजनीति को लेकर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में बाबर, गौरी और अकबर बसते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के डीएनए में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और महाराजा अग्रसेन बसते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम को मानने वालों और बाबर का महिमा मंडन करने वालों की सोच कभी एक जैसी नहीं हो सकती। विनीत अग्रवाल शारदा ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव के पिता की सरकार में राम भक्तों पर गोलियां चलवाई गई थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के लोगों को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ दिया है, चाहे वे भाजपा के वोटर हों या नहीं। उन्होंने कपिल देव अग्रवाल के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपनी पहचान के साथ रहना चाहिए। सावन माह का उल्लेख करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूरे प्रदेश में मांस और शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष वर्ग के कुछ लोग वेश बदलकर कांवड़ यात्रा में शामिल होकर माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा हाल ही में की गई कार्रवाई का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी अराजक तत्व अशांति फैलाने का प्रयास करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब गुंडाराज नहीं, बल्कि कानून का राज है।

# जिसे बेटी मानकर दिया सहारा, उसी ने बुजुर्ग को किया बेघर

जागरण मोर्चा कार्यालय



- अनाथ समझकर पाला, अब सड़कों पर रात गुजारने को मजबूर बुजुर्ग
- घर में बंद कर बुजुर्ग के साथ दस दिन तक की गई मारपीट
- बुजुर्ग कैलाश तिवारी की पत्नी के नाम थी पूरी सम्पत्ति
- बुजुर्ग का आरोप पत्नी की भी हत्या कर दी आरोपियों ने
- पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जवाहरपुरी मोहल्ले का मामला

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी से एक बेहद मार्मिक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग ने जिस युवती को अनाथ समझकर सहारा दिया, उसी पर अब घर से बेदखल करने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित बुजुर्ग कैलाश तिवारी इस समय न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं और सड़कों पर रात गुजार रहे हैं।

कैलाश तिवारी के अनुसार, उनके घर में एक किरायेदार रहता था, जिसकी बेटी रूबी को उन्होंने अनाथ समझकर अपने परिवार का हिस्सा बना लिया। उन्होंने उसे बेटी की तरह पाला-पोसा और उसकी परवरिश में कोई कमी नहीं छोड़ी। समय के साथ रूबी बड़ी हुई तो घर के कामकाज और जिम्मेदारियां भी उसी को सौंप दी गईं। इसी बीच कैलाश तिवारी की पत्नी माया देवी की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुजुर्ग का आरोप है कि इसी दौरान रूबी ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर उनकी पत्नी की हत्या कर दी। हालांकि, उन्हें बताया गया कि उनकी पत्नी की मौत बीमारी के चलते हुई है।

पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने अपनी पत्नी के शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही तो आरोपियों ने उन्हें कमरे में बंद कर दिया। किसी तरह दबाव बनाकर पत्नी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसके बाद आरोप है कि रूबी और उसका साथी उन्हें अपने साथ ले गए, जहां करीब दस दिनों तक एक कमरे में बंद कर उनके साथ मारपीट की गई।

कैलाश तिवारी का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और उनके घर पर कब्जा कर लिया। किसी तरह मौका पाकर वह आरोपियों के चंगुल से छूटकर बाहर निकले और अपनी जान बचाई।

शुक्रवार को पीड़ित बुजुर्ग ने क्षेत्राधिकारी (सीओ) सिटी से मुलाकात कर अपनी पूरी आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। सीओ सिटी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है और कहा है कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को कैलाश तिवारी ने मीडिया के सामने आकर अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने बताया कि जिस बेटी को उन्होंने सहारा दिया, उसी ने आज उन्हें बेघर कर दिया। अब उनके पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं है और वह सड़कों पर रात बिताने को मजबूर हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, उनकी पत्नी की मौत की सच्चाई सामने लाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने अपने मकान पर दोबारा कब्जा दिलाने की भी गुहार लगाई है। मामले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। स्थानीय लोग भी इस घटना को लेकर हैरान हैं और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस जांच में क्या सच्चाई सामने आती है और पीड़ित बुजुर्ग को कब तक न्याय मिल पाता है।

## सार संक्षेप

### पड़ोसी से मारपीट में चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव जगत निवासी नन्हें ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जून को वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के गोपाल, सोविंद, पुष्पेंद्र व रमेश चंद्र लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाली गलौज करते हुए उसके नाती विपिन गुप्ता को पूछने लगे। जब उसने गाली देने को मना किया तो चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। परिवारवालों के आने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने चारों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### जेवर व नकदी लेकर प्रेमिका प्रेमी संग फरार

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के एक गाव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को गांव निवासी शैलेश यादव बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। घर से जाते समय उसकी पुत्री सोने-चांदी के जेवरात के अलावा 21 हजार रुपये नकद अपने साथ ले गई है। पिता का आरोप है कि पुत्री को ले जाने में शैलेश यादव के तहेरे भाई सुदेश यादव ने मदद की। पुलिस ने दोनों आरोपित पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

### पिता-पुत्र से मारपीट में दो पर प्राथमिकी

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव उरौलिया निवासी नामे अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 जुलाई की शाम 6 बजे वह अपने पुत्र मन्नान के साथ खेत से धान की रोपाई करके घर वापस आ रहा था। रास्ते में अमन व अल्तमश निवासी वार्ड संख्या -22 ककराला ने दोनों को घेर लिया और तमंचों की बट से मारपीट की। शोर सुनकर पड़ोस के खेत से मोमीर आ गया तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। बाद में आरोपित गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने दोनों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

### किशोरी को ले जाने के आरोप में युवक पर मुकदमा

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जुलाई की शाम 3 बजे व अपनी 16 वर्षीय पुत्री के साथ खेत पर चारा काटने गई थी। कुछ समय बाद उसकी बेटी शौच के लिए वहां से चली गई। काफी देर तक उसकी बेटी जब वापस नहीं लौटी तो उसने खोजबीन की। इस दौरान उसे पता चला कि उसकी बेटी को गांव का प्रेमशंकर बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### घर से भैंस चोरी,अज्ञात पर केस

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव फकीराबाद निवासी छोटेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 जुलाई की रात वह अपनी भैसों को बांधकर सो गया था। रात करीब 3 बजे उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि उसकी भैसें कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवती को भगाने के आरोप में युवक पर रिपोर्ट

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 जुलाई की सुबह 4 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर पर थी। इसी दौरान गांव सिवाया हामिदपुर निवासी फरमान पुत्र रज्जाक उसके घर आया और पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने आरोपित पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक से मारपीट करने पर चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्रीनारायण गंज निवासी संदीप सक्सेना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 जुलाई की रात 10 बजे वह अपने घर पर काम कर रहा था। तभी घर के बाहर से आवाज आने पर वह उठकर घर के बाहर गया। वहां उसने देखा कि उसके पुत्र रक्षित सक्सेना के साथ युग चौधरी, गुड्डू चौधरी,अभिराज व हिमांशु यादव मारपीट कर रहे थे। जिसमें उसका पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# बिनावर में सनसनी: बेटे ने कुल्हाड़ी से काटकर की पिता की नृशंस हत्या

## समूह की किस्त भरने को पिता से मांग रहा था रुपये, न देने पर उतारा मौत के घाट

जागरण मोर्चा कार्यालय



राधेश्याम का फाइल फोटो।

**थाना पुलिस समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंचे, जांच शुरू बेटे समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या की धराओं में रिपोर्ट दर्ज**

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ब्यौर में शुक्रवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक बेटे ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। बेटे समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या की धाराओं में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

गांव निवासी राधेलाल (60) के पांच बेटे हैं, जिनमें आरोपी अहिवरन सबसे छोटा है। बताया जा रहा है कि राधेलाल के पास करीब 18 बीघा जमीन है और जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार में पहले से ही तनाव बना हुआ था। इसके अलावा आरोपी अहिवरन अपने समूह की किस्त भरने के लिए पिता से रुपये मांग रहा था। जब राधेलाल ने रुपये देने से इनकार कर दिया तो विवाद बढ़ गया।

परिजनों के मुताबिक शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे आरोपी अहिवरन शराब के नशे में घर पहुंचा। इसी दौरान उसका अपने पिता से फिर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर उसने कुल्हाड़ी उठा ली और अपने पिता पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। इसके बाद उसने पिता का गला काट दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। परिवार के अन्य सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक राधेलाल की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही थाना बिनावर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी अहिवरन शराब का आदी है और आए दिन घर में विवाद करता रहता था। परिवार के अन्य भाई—यशपाल, कालीचरण, शंकर और झाझन—इस घटना से स्तब्ध हैं। गांव में इस वारदात के बाद दहशत और शोक का माहौल है।

थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और पैसों के लेन-देन को हत्या की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस ने बेटे अहिवारन उसके दोस्त राकेश के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने की बात कही है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट से शिफ्ते रज़ा को अग्रिम जमानत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गो-वध अधिनियम से जुड़े एक मामले में आरोपी शिफ्ते रज़ा को बड़ी राहत देते हुए उनकी अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला ने 10 जुलाई को पारित किया।

मामला केस क्राइम संख्या 183/2025 से संबंधित है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) तथा उत्तर प्रदेश गो-वध निवारण अधिनियम की धारा 3, 5 और 8 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मुकदमा थाना कुंवरगांव, जिला बदायूं में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुआ था। सुनवाई के दौरान आवेदक के अधिवक्ताओं आशुतोष कृष्णा और सौरभ कुमार ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है। उन्होंने बताया कि एफआईआर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई थी और बाद में पुलिस ने एक सह-आरोपी सरताज को गिरफ्तार कर उसके बयान के आधार पर शिफ्ते रज़ा का नाम शामिल किया। बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि आवेदक का नाम केवल उसके पुराने आपराधिक इतिहास वर्ष 2021 के एक मामले के आधार पर जोड़ा गया, जबकि उसके पास से कोई मांस या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने पाया कि आवेदक मौके से गिरफ्तार नहीं हुआ था और सह-आरोपियों से भी ऐसा कोई साक्ष्य बरामद नहीं हुआ, जिससे गो-वध की पुष्टि हो सके। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि पुलिस आवेदक को गिरफ्तार करती है, तो उसे व्यक्तिगत मुचलका और दो जमानतदार प्रस्तुत करने पर तत्काल रिहा किया जाएगा। साथ ही, अदालत ने कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं। इनमें जांच में सहयोग करना, गवाहों को प्रभावित न करना, साक्ष्यों से छेड़छाड़ न करना और बिना अनुमति देश छोड़कर न जाना शामिल है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि इन शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो जमानत निरस्त की जा सकती है।

# विवाहिता की हत्या में पति को 10 और सास-ससुर को सात-सात साल की कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** फास्ट ट्रैक कोर्ट और महिलाओं से संबंधित अपराध की न्यायाधीश नेहा गर्ग ने दहेज उत्पीड़न और हत्या करने में आरोपी पति के साथ सास और ससुर को दोषी माना है। न्यायाधीश ने दोषी पति को 10 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 40 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने का हुक्म दिया। इस मामले में दोषी सास और ससुर को सात-सात साल की कैद और 20-20 हजार रुपये जुर्माने अदा करने का आदेश दिया।

अपर शासकीय अधिवक्ता मदनलाल राजपूत के अनुसार वादी मुकदमा पूरन ने सहसवान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी। जिसमें उसने बताया, उन्होंने अपनी बेटी रेखा पुत्री पूरन निवासी ग्राम सदाठेर थाना कादरचौक की शादी मुकेश पुत्र किशोरी लाल निवासी ग्राम समदा कोतवाली सहसवान के साथ 2016 में की थी। शादी के कुछ महीने बाद से ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मेरे द्वारा मांग पूरी न करने के कारण बेटी के साथ मारपीट करने लगे। सात जून 2021 को मेरा बेटा कप्तान अपनी शादी की दावत का कार्ड देने बहन के घर समदा गया तो रेखा ने उससे कहा की भाई मेरे पति मुकेश सास पार्वती, ससुर किशोरी लाल, देवर जुगेश और ननद पिंकी उसे आए दिन कहते कि अपने पिता से दहेज में बाइक और एक लाख रुपये दिलवाओ नहीं तो तुझे चैन से नहीं जीने देंगे। इसके बाद आठ जून 2021 को मेरा बेटा कप्तान वहां से वापस घर आया। 10 जून 2021 को बेटे कप्तान को मुकेश पुत्र किशोरी लाल ने पूर्वाह्न 11 बजे फोन करके बताया, उसकी बेटी सदाठेर आ रही है, लेकिन शाम पांच बजे तक मेरी बेटी जब घर नहीं पहुंची तब मुझे कुछ आशंका हुई। अपने बेटे कप्तान को उसी दिन लड़की के ससुराल भेजा तो घर में ताला लगा था। पड़ोसियों से पूछा तो बताया, सभी लोग बहुत जल्दी में लग रहे थे और ताला लगाकर कहीं भाग गए हैं। न्यायालय में पति मुकेश पुत्र किशोरी लाल, सास पार्वती पत्नी किशोरी लाल, ससुर किशोरी लाल पुत्र वेनी राम निवासी समदा कोतवाली सहसवान पर दहेज के कारण रेखा की हत्या करने के आरोप का मुकदमा चलाया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया।

# मासूम की हत्या पर सख्त फैसला, आरोपी को फांसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** डेढ़ साल के मासूम आरव की नृशंस हत्या के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी विराज पाठक को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट के इस फैसले से जहां पीड़ित परिवार को न्याय मिला है, वहीं आरोपी के घर में मातम छा गया है। सजा सुनाए जाने के बाद आरोपी की बुजुर्ग मां सदमे में आ गईं, जिनकी हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए बरेली ले गए।

घटना 30 मई की है, जब बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी आरोपी विराज पाठक एकतरफा प्रेम के चलते शिकोहाबाद पहुंचा था। वहां उसने डेढ़ साल के मासूम आरव को टॉफी दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया और सड़क पर पटक-पटक कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। इस जघन्य वारदात से पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने इसे रेयर ऑफ द रेयरेस्ट श्रेणी में रखते हुए तेजी से विवेचना पूरी कर चार्जशीट दाखिल की। सुनवाई के दौरान अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर महज 39 दिन में फैसला सुनाते हुए आरोपी को मृत्युदंड और 50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। फैसले के बाद आरोपी के घर में सन्नाटा पसरा हुआ है। परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं। आरोपी के बड़े भाई मुनीश पाठक ने इसे परिवार के लिए बेहद दुखद बताया। वहीं, कोर्ट परिसर में आरोपी ने कहा कि उससे नशे की हालत में यह अपराध हो गया। हालांकि, उसके इस कृत्य की सजा अब पूरा परिवार भुगत रहा है।

# समाधान दिवस में सुनी गईं जन समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** शनिवार को कोतवाली बिसौली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने उपस्थित लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के समाधान में देरी या लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने लोगों को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, फर्जी कॉल से सतर्क रहें, किसी के साथ भी ओटीपी साझा न करें और लालच भरे ऑनलाइन ऑफरों से बचें। उन्होंने अपील की कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस इंस्पेक्टर ने भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है। इस दौरान शादाब अली नकवी, विनोद शर्मा, राजस्व निरीक्षक अमित कुमार, संदीप कुमार, संभू कुमार, आदित्य तोमर, अरविंद कुमार, सचिन भाटी, अनमोल मिश्रा, श्रीदत्त मिश्रा, तनवीर अहमद, डेविड कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दहेजलोभी ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला,रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** थाना इस्लामनगर के मोहल्ला मुगल निवासी जैरुल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी चार साल पहले वसीम उर्फ शिबली निवासी मोहल्ला डहेरिया थाना इस्लामनगर के साथ हुआ था। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले इतने दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वह लोग अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपये व चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। इसी को लेकर पति वसीम,ससुर साबिर खां,सास रिहाना,ननद आशिया,नंदोई शानू उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी बीच उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया। 27 जुलाई 2025 को सभी ने उसे बुरी तरह मारापीटा और स्त्रीधन ले लिया। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
7078173252
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

**आयोजन** स्थापना दिवस पर शिक्षा और संस्कारों पर जोर, बेटियों की पढ़ाई को बताया जरूरी

# नूरी रज़ा मेमोरियल कॉलेज में 38वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय




सैदपुर के नूरी राजा स्कूल में स्थापना दिवस के मौके पर मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**सैदपुर।** नूरी रज़ा मेमोरियल कॉलेज में शनिवार को 38वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के महत्व पर विशेष बल दिया। कॉलेज प्रबंधक नजमा बेगम ने स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान की सफलता सभी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने शिक्षकों का सम्मान करें।

उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में बहुत ऊंचा होता है और हर छात्र को उनके मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि कॉलेज गरीब और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए लगातार सहयोग करता आ रहा है और भविष्य में भी यह कार्य जारी रहेगा।

संस्थापक जाहिद हुसैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में बेटियों की शिक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब एक बेटी शिक्षित होती है तो पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है। उन्होंने बताया कि कॉलेज की स्थापना 11 जुलाई 1988 को क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से की गई थी।

कार्यक्रम के अंत में फातिहा पढ़ी गई और हलवा तस्कीम किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एसएच कुरैशी, इकरार अहमद, तहूर अब्दुल वाहिद सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# समय से जीएसटी भरें, चाइनीस माझां बेचने से बचें : राज्य कर विभाग



राज्य कार्यालय की बैठक में सम्मिलित लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के राज्य कर कार्यालय में 11 जुलाई को एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में व्यापारियों को जागरूक किया गया। जिसमें पर्यावरण सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

शनिवार को संवाद कार्यक्रम में राज्य कर अधिकारी शैलेंद्र कुमार मौर्य और वीर सिंह ने उपस्थित व्यापारियों को चाइनीज मांझा, सिंथेटिक मांझा और सीसा लेपित डोरी के उपयोग से होने वाली जनहानि और पर्यावरणीय नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने इन खतरनाक सामग्रियों के उपयोग पर प्रतिबंध का पालन करने के लिए व्यापारियों को प्रेरित किया। इसके साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि वे समय से जीएसटी रिटर्न दाखिल करें और नियमानुसार कर का भुगतान सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का पालन करने से व्यापार सुचारू रूप से चलता है और अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सकता है। संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों की ओर से शिवम, मोहम्मद अब्दुल हबीब, मोहम्मद असलम, पुत्तन और अज़्जन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## सतलुज विवाद पर रवनीत सिंह बिट्टू ने जो सवाल उठाये हैं क्या दिलजीत दोसांझ उनका जवाब देंगे?

पंजाब की राजनीति में एक बार फिर इतिहास, सिनेमा और सियासत आमने सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता और गायक दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पूरी तरह राजनीतिक बहस में बदल गया है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने दिलजीत दोसांझ और फिल्म के निर्देशक हनी त्रेहन पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि फिल्म के जरिए पंजाब के उग्रवाद के दौर की केवल एकतरफा तस्वीर पेश की जा रही है और समाज में पुराने जख्मों को फिर से कुरेदने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि केंद्र सरकार का फिल्म को ओटीटी मंच से हटाने में कोई हाथ नहीं है। साथ ही उन्होंने पूरे विवाद को सुनियोजित प्रचार करार दिया। हम आपको बता दें कि विवाद की शुरूआत तब हुई जब सतलुज ओटीटी पर रिलीज होने के महज दो दिन बाद ही वहां से हटा ली गई। इस कदम के बाद पंजाब के फिल्म जगत, सोशल मीडिया और पंजाब सरकार के कुछ हलकों में यह सवाल उठने लगे कि क्या राजनीतिक दबाव के चलते फिल्म हटाई गई। हालांकि रवनीत सिंह बिट्टू ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि सरकार का ऐसे मंचों पर कोई नियंत्रण नहीं है। उनका दावा है कि फिल्म के निमार्ताओं ने स्वयं ही इसे हटाया क्योंकि उन्हें जितना आर्थिक लाभ चाहिए था, वह मिल चुका था। उन्होंने कहा कि जब स्वयं दिलजीत दोसांझ पहले ही यह कह चुके थे कि फिल्म केवल दो तीन दिन के लिए उपलब्ध रहेगी, तभी समझ जाना चाहिए था कि पूरे घटनाक्रम में कुछ न कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को फिल्म हटानी ही होती तो उसे प्रसारित होने की अनुमति ही क्यों दी जाती। बिट्टू ने आरोप लगाया कि पहले फिल्म को प्रसारित कर माहौल बनाया गया और फिर उसे हटाकर सरकार पर प्रतिबंध लगाने का आरोप मढ़ दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने दिलजीत दोसांझ पर केवल इस विवाद तक हमला सीमित नहीं रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि दिलजीत केवल धन कमाने के लिए काम करते हैं और विदेश में बैठकर पंजाब के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने उन्हें बहुरूपिया बताते हुए कहा कि वह लॉस एंजिलिस में रहकर पंजाब की भावनाओं से खेल रहे हैं। बिट्टू ने सवाल उठाया कि यदि दिलजीत को समाज और मानवाधिकारों की इतनी चिंता है तो उन्होंने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा पर फिल्म क्यों नहीं बनाई? उन्होंने फिल्म चमकीला का भी जिक्र करते हुए कहा कि यदि दिलजीत अपने परिवार की महिलाओं का सम्मान करते तो ऐसी फिल्म में काम नहीं करते। उन्होंने यह दावा भी किया कि विदेशों में अपने कार्यक्रमों के दौरान दिलजीत खालिस्तान के झंडे लेकर आने वालों को हटाने की बात करते हैं और फिर सवाल उठाया कि आखिर उनके पीछे कौन-सी ताकतें काम कर रही हैं? रवनीत सिंह बिट्टू ने स्पष्ट किया कि उन्हें पंजाब में उग्रवाद के दौर पर फिल्म बनने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनका विरोध केवल एकतरफा कहानी दिखाने को लेकर है। उन्होंने कहा कि यदि उस दौर की कहानी दिखाई जा रही है तो उन पुलिस अधिकारियों, सुरक्षाकर्मियों और निर्दोष नागरिकों के बलिदान को भी सामने लाया जाना चाहिए जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राण गंवाए। उन्होंने दिलजीत दोसांझ और हनी त्रेहन को चुनौती देते हुए पूछा कि क्या वह उन पुलिस अधिकारियों और आम नागरिकों पर भी फिल्म बनाएंगे जिनकी 1984 के बाद के दौर में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। उन्होंने लालड़ू के पास एक सौ पच्चीस यात्रियों के नरसंहार और युवा भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी अविंदर सिंह की हत्या जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन परिवारों के दर्द को भी देश के सामने लाया जाना चाहिए।

फिल्म में किए गए उस दावे पर भी केंद्रीय मंत्री ने सवाल उठाया जिसमें पच्चीस हजार अज्ञात शवों के गुप्त तरीके से निपटान की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि यदि यह दावा तथ्यात्मक है तो निमार्ता उसके प्रमाण सार्वजनिक करें। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि पच्चीस हजार तो दूर, यदि पांच हजार मामलों का भी पूरा ब्यौरा मीडिया, संबंधित आयोग या न्यायालय के सामने रख दिया जाए तो वह अपनी बात वापस लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि तथ्यों के बिना ऐसे गंभीर आरोप समाज में भ्रम और तनाव पैदा करते हैं। अपने परिवार के इतिहास का जिक्र करते हुए रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि उनके दादा और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह ने आतंकवाद के कठिन दौर में राज्य में शांति बहाल करने के लिए संघर्ष किया था और इसी दौरान उनकी हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि उस समय पंजाब में भय का ऐसा माहौल था कि सामान्य सामाजिक जीवन भी प्रभावित हो गया था। विवाह समारोहों से लेकर महिलाओं के पहनावे तक पर आतंक का साया था। उन्होंने उस दौर की तुलना कट्टर शासन से करते हुए कहा कि आज की शांति बहुत कठिन संघर्ष के बाद मिली है और इसे केवल फिल्म की कमाई या राजनीतिक लाभ के लिए दांव पर नहीं लगाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म में घटनाक्रम की समयरेखा को लेकर गंभीर सवाल हैं। उन्होंने कहा कि जसवंत सिंह खालरा के लापता होने की घटना उनके दादा की हत्या के बाद हुई थी और उस समय पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी। ऐसे में उस पूरे घटनाक्रम की जिम्मेदारी किसकी थी, इस पर भी सवाल उठना चाहिए। उन्होंने अकाली दल पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि गांवों और गुरुद्वारों में फिल्म का प्रदर्शन कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जसवंत सिंह खालरा की पत्नी ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल पर भी गंभीर आरोप लगाए थे, जिनकी चर्चा आज नहीं की जाती। साथ ही रवनीत सिंह बिट्टू ने सोशल मीडिया पर भी अपनी बात विस्तार से रखते हुए कहा कि इतिहास की केवल एक तरफा नहीं, बल्कि पूरी सच्चाई को जानना जरूरी है। उन्होंने लिखा कि पंजाब ने अपने निर्दोष लोगों के बलिदान के साथ जो असहनीय पीड़ा झेली है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका कहना था कि हर पीड़ित को याद किया जाना चाहिए और हर पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्थायी और वास्तविक शांति केवल सत्य के मार्ग पर चलकर ही प्राप्त की जा सकती है। बिट्टू के अनुसार यदि इतिहास के केवल एक हिस्से को दिखाया जाएगा और दूसरे पक्ष के दर्द तथा बलिदान को नजरअंदाज किया जाएगा तो समाज में संतुलित विमर्श कभी स्थापित नहीं हो सकेगा। उनका कहना है कि पंजाब के उग्रवाद के दौर की कहानी में केवल कुछ घटनाओं या कुछ पात्रों को केंद्र में रखना न्यायसंगत नहीं है, बल्कि उन हजारों निर्दोष परिवारों, पुलिसकर्मियों, सुरक्षाबलों और आम नागरिकों के दर्द को भी बराबर महत्व मिलना चाहिए जिन्होंने आतंकवाद की कीमत अपने जीवन से चुकाई। बहरहाल, फिलहाल सतलुज को लेकर छिड़ा विवाद केवल एक फिल्म तक सीमित नहीं रह गया है। यह बहस अब इतिहास की व्याख्या, राजनीतिक विमर्श, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और पंजाब के उग्रवाद वाले दौर की स्मृतियों तक पहुंच चुकी है। एक पक्ष इसे दबाई गई सच्चाइयों को सामने लाने का प्रयास बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे अधूरी और एकतरफा कहानी के जरिए समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश मान रहा है। ऐसे में यह विवाद आने वाले दिनों में पंजाब की राजनीति और जनचर्चा दोनों के केंद्र में बना रहने के संकेत दे रहा है।

## मैं जवाहरलाल नेहरू बोल रहा हूं...



पंकज झा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सलाहकार हैं।)

इतिहास बड़ा निष्ठुर होता है। वह नीर-क्षीर विवेकी भी होता है, बशर्ते उसके दूध में सायास पानी न मिला दिया गया हो। इतिहास के कालखंड में सात-आठ दशक कोई बहुत लंबा समय नहीं होते। स्वतंत्रता का समय भी उसके लिए मानो कल की ही बात है। इतिहास के इसी कारागार में विश्राम करते हुए मैं, जवाहरलाल नेहरू, आज नए भारत को देख रहा हूं। कभी फ्रांसिस फुकुयामा ने इतिहास की समाप्ति की बात कही थी, किंतु भारतीय दृष्टि से देखें तो स्वयं इतिहास का इतिहास ही इतना विशाल है कि उसके जनक माने जाने वाले हेरोडॉट भी मानो अभी-अभी आए हों। ऐसे में अस्सी वर्ष का अंतर तो पलक झपकने जितना ही है।

इतिहास के इसी शिकंजे में बैठा मैं स्वयं से पूछता हूं - क्या यह वही भारत है, जिसके लिए हमने नियति से करार किया था? क्या वह संकल्प पूरा हुआ? आज बिना किसी दुराग्रह के मैं स्वीकार करता हूं कि भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उन अनेक कार्यों को पूरा किया है, जिन्हें मुझे अथवा मेरे बाद आने वालों को बहुत पहले कर लेना चाहिए था। आज जब मेरी और मोदीजी की तुलना होती है तो मैं संकोच के बिना कह सकता हूं कि अनेक मामलों में उन्होंने भारत को वहां पहुंचाया है, जहां पहुंचाने का स्वप्न हमारे समय ने देखा था। बापू का भारत, हजारों स्वतंत्रता सेनानियों का भारत, गुमनाम-अनाम बलिदानियों का भारत- उस दिशा में उन्होंने निर्णायक कदम बढ़ाए हैं।

इतिहास के झरोखे से वर्तमान को देखता हूं तो मन में बार-बार यही विचार आता है कि काश समय को पीछे मोड़ने वाली कोई यंत्रणा होती और मैं उन निर्णयों को बदल पाता, जिन्हें आज अपनी सबसे बड़ी भूल मानता हूं। वर्तमान का मूल्यांकन करते हुए मेरे सामने पश्चाताप के अनेक अवसर खड़े हैं। उन सबका एक ही प्रायश्चित मुझे दिखाई देता है - यह स्वीकार करना कि भारत के चौदहवें प्रधानमंत्री ने अनेक विषयों में अपने पूर्ववर्तियों से कहीं अधिक दूरदृष्टि और दृढ़ता का परिचय दिया है।

अब आत्मचिंतन का समय है। इसलिए मुझे यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं कि नरेंद्र मोदी ने अपनी महानता किसी वंश, विशेषाधिकार या प्रचार से नहीं, बल्कि अपने कर्म से अर्जित की है। हमने तत्कालीन राजनीति के कारण अनेक कर्मयोगियों को उनका उचित सम्मान नहीं दिया। गांव, किसान और देहात में बसने वाले भारत की समझ भी हममें उतनी नहीं थी, जितनी होनी चाहिए थी। हमने भारत को पुस्तकों, विचारधाराओं और पाश्चात्य दृष्टि से पढ़ा, जबकि वास्तविक भारत खेतों, गांवों, तीर्थों, परंपराओं और जनजीवन में सांस लेता था। पढ़ा हुआ भारत और जिया हुआ भारत, दोनों में कितना अंतर होता है, यह अब अधिक स्पष्ट दिखाई देता है।

मैं मूलतः कश्मीरी था, किंतु कश्मीर के दर्द को उस गहराई से नहीं समझ पाया, जैसी एक भारतीय प्रधानमंत्री को समझनी चाहिए थी। अनुच्छेद 370 और 35-ए जैसे प्रावधान तात्कालिक राजनीति और तुष्टीकरण की नीति का परिणाम थे। अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आशंकाओं को भी मैंने पर्याप्त महत्व नहीं दिया। आज इतिहास के कटघरे में खड़ा होकर यह स्वीकार करने में मुझे संकोच नहीं कि उन निर्णयों के दूरगामी परिणाम देश ने भुगते। हजारों कश्मीरी पंडितों का विस्थापन, उनका अपने ही देश में शरणार्थी बन जाना और दशकों तक कश्मीर का असामान्य बने रहना मेरे अंतर्मन को आज भी व्यथित करता है। नरेंद्र मोदी ने उस अनुच्छेद को समाप्त कर वह निर्णय लिया, जिसे लेने का साहस हम नहीं जुटा सके। इसलिए मैं मानता हूं कि उन्होंने मेरे अधूरे संकल्प को पूर्ण किया।

जब मैं अपने कहे जाने वाले राजनीतिक दल की वर्तमान स्थिति देखता हूं तो एक और पश्चाताप सामने आता है। महात्मा गांधी चाहते थे कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस का रूपांतरण लोक सेवक संघ में हो जाए। यदि उस समय मैंने उनकी बात मान ली होती तो शायद भारतीय राजनीति की दिशा कुछ और होती। वंशवाद को बढ़ावा देना भी मेरी बड़ी भूल रही। आज पीछे मुड़कर देखता हूं तो अनुभव होता है कि लोकतंत्र में किसी परिवार का नहीं, केवल राष्ट्र का स्थायी स्थान होना चाहिए।

भारत के विभाजन, सरदार वल्लभभाई पटेल को उनके समुचित स्थान से वंचित रखने, डॉ. राजेंद्र प्रसाद के प्रति अनावश्यक कटुता और सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार जैसे प्रसंगों पर भी आज आत्मग्लानि होती है। प्रसन्नता इस बात की है कि आज वही सोमनाथ अपने वैभव के साथ खड़ा है और उसके गौरव के पुनर्स्थापन में नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इतिहास अंततः उसी को स्मरण रखता है जो निर्माण करता है, केवल विमर्श नहीं।

विदेश नीति के क्षेत्र में भी मेरी अनेक धारणाएं समय की कसौटी पर पूर्णतः सफल सिद्ध नहीं हुईं। गुटनिरपेक्षता का उद्देश्य उचित था, पर उसका व्यवहारिक स्वरूप सीमित रह गया। आज भारत सभी प्रमुख शक्तियों से समान निकटता रखते हुए अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखता है। यही वास्तविक रणनीतिक संतुलन है। चीन के प्रति मेरे अत्यधिक विश्वास, 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' की भावना, सुरक्षा संबंधी तैयारियों की उपेक्षा और 1962 के कटु अनुभव की स्मृति आज भी मुझे विचलित करती है। इसके विपरीत आज का भारत गलवान से लेकर डोकलाम तक अपने राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा करते हुए दिखाई देता है। यह परिवर्तन भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक है।

जब मैं अपने परिवार की बाद की पीढ़ियों को देखता हूं तो राजा इंद्रद्युम्न की कथा स्मरण आती है, जिन्होंने यह वरदान मांगा था कि वे निर्वंश हों, ताकि उनके कार्यों का श्रेय लेने कोई वंशज न आए। अब समझ आता है कि महात्मा गांधी भी वंशवादी राजनीति के प्रति क्यों सजग थे। लोकतंत्र में वंश परंपरा नहीं, योग्यता ही नेतृत्व का आधार होनी चाहिए। यदि मेरे निर्णयों ने उस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया तो उसका दायित्व मुझसे अलग नहीं किया जा सकता।

आज मुझे लगता है कि मेरी अनेक भूलों का मूल कारण यह था कि विशेषाधिकारों से भरा जीवन भारत की वास्तविक संवेदना को पूरी तरह समझ नहीं पाया। भारत को जानने के लिए भारत जैसा जीवन जीना पड़ता है। अब यदि सनातन मान्यताओं के अनुसार मुझे पुनर्जन्म का अवसर मिले तो मैं किसी साधारण भारतीय परिवार में जन्म लेना चाहूंगा, ताकि इस देश को पुस्तकों से नहीं, जीवन से समझ सकूं। तभी भारत की आत्मा को पहचाना जा सकता है।

माफी मांग लेने से कोई छोटा नहीं हो जाता। अपने जीवन में मैंने अनेक ऐसे निर्णय लिए जिनका बोझ इतिहास आज भी मेरे नाम के साथ जोड़ता है। यदि मेरे कारण राष्ट्र को पीड़ा पहुंची, यदि मेरे निर्णयों से भविष्य की पीढ़ियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, तो उस दायित्व से मैं स्वयं को अलग नहीं कर सकता। प्रयागराज की धरती में विलीन मेरी राख का प्रत्येक कण आज यही कहना चाहता है कि राष्ट्र किसी व्यक्ति से बड़ा होता है। यदि किसी उत्तराधिकारी ने राष्ट्रहित में उन भूलों को सुधारा है, तो उसके योगदान का सम्मान होना ही चाहिए।

भारतीय गणतंत्र के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का जो रिकॉर्ड कभी मेरे नाम था, उसके आगे निकलने पर मैं श्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूं। इतिहास अंततः पदों की अवधि नहीं, निर्णयों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। मेरी कामना है कि भारत निरंतर प्रगति करे, अपनी सभ्यता, संस्कृति और आत्मविश्वास के साथ विश्व का नेतृत्व करे। और यदि मेरी भूलों से भविष्य के नेतृत्व को कोई सीख मिलती है, तो वही मेरे आत्मस्वीकार का सबसे बड़ा प्रतिफल होगा।

**आपका ही,**
**जवाहर**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

## भारत की संतुलित हिंद-प्रशांत कूटनीति



प्रो. अंशु जोशी

(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापिका हैं)

इस सप्ताह, जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का तीन देशों का दौरा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहजीवी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को मजबूत करने के भारत के प्रयासों का प्रमाण है, वहीं दूसरी ओर ईरान और अमेरिका के बीच नाजुक संघर्षविराम का टूटना पश्चिम एशिया की जटिल सुरक्षा चुनौतियों की निरंतरता को रेखांकित करता है। एक ओर भारत सहयोग, संपर्क और साझा विकास की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर पश्चिम एशिया में अविश्वास और सैन्य टकराव का दुष्चक्र गहराता दिखाई दे रहा है।

प्रधानमंत्री का यह दौरा 'एक्ट ईस्ट नीति' और 'महासागर सिद्धांत' के माध्यम से एक मुक्त, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भारत के दृष्टिकोण को और सशक्त करता है। इंडोनेशिया की यह उनकी चौथी यात्रा है और 2018 में दोनों देशों के संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिलने के बाद पहली द्विपक्षीय यात्रा भी। यह केवल औपचारिक कूटनीतिक संपर्क नहीं, बल्कि रणनीतिक संबंधों के सुदृढ़ीकरण का संकेत है।

जकार्ता में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियंतो के साथ समुद्री सुरक्षा, रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित किया तथा योगाकार्ता स्थित प्रम्बानन शिव मंदिर परिसर में भारत समर्थित जीर्णोद्धार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे स्पष्ट हुआ कि भारत अपनी रणनीतिक कूटनीति को सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत संबंधों के साथ जोड़कर आगे बढ़ा रहा है। वैश्विक शांति और सुरक्षा में योगदान के लिए उन्हें इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

ऑस्ट्रेलिया चरण में दोनों देशों की उन्नत रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिली। रक्षा, अंतरिक्ष, व्यापार और पेशेवर गतिशीलता के साथ-साथ यूरेनियम आपूर्ति संबंधी ऐतिहासिक समझौता भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं न्यूजीलैंड की यात्रा लगभग चार दशकों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली राजकीय यात्रा है। यह अप्रैल 2026 में हुए मुक्त व्यापार समझौते के बाद हो रही है, जिससे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। यह समझौता व्यापार, निवेश, रोजगार और निर्यात वृद्धि के साथ दोनों अर्थव्यवस्थाओं को अधिक निकटता से जोड़ने का आधार बनेगा।

पूरे दौरे की संरचना भारत की ऐसी विदेश नीति को रेखांकित करती है, जो शून्य-योग प्रतिस्पर्धा के बजाय 'विन-विन' अवसरों और पारस्परिक निर्भरता पर आधारित है। इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ समुद्री सुरक्षा, रक्षा सहयोग और व्यापार पर बल देकर भारत सुरक्षित समुद्री मार्ग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और क्षेत्रीय स्थिरता जैसी सार्वजनिक सामरिक परिसंपत्तियों के निर्माण में योगदान दे रहा है। साथ ही न्यूजीलैंड के साथ आर्थिक साझेदारी और ऑस्ट्रेलिया में निवेश आधारित सहयोग यह दर्शाता है कि भारत अपने विशाल बाजार और विकास क्षमता के माध्यम से निवेश, प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिजों तथा नवाचार तक पहुंच को मजबूत कर रहा है।

तीनों देशों में भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ प्रधानमंत्री का संवाद भी उल्लेखनीय रहा। प्रवासी भारतीय केवल सांस्कृतिक सेतु ही नहीं, बल्कि विश्वास, पूंजी, नवाचार और आर्थिक सहयोग के वाहक भी हैं। व्यापक स्तर पर यह यात्रा भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और 'महासागर सिद्धांत' को नई ऊर्जा देती है, जिसके माध्यम से दक्षिण-पूर्व एशिया से दक्षिण प्रशांत तक व्यापक रणनीतिक साझेदारियों का एक सुदृढ़ नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। किसी एक महाशक्ति पर निर्भर रहने के बजाय भारत इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे समान विचार वाले देशों के साथ बहुस्तरीय सहयोग विकसित कर अपने कूटनीतिक विकल्पों का विस्तार कर रहा है।

इसके विपरीत, पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच हाल में बना सीमित संघर्षविराम शीघ्र ही टूट गया। होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन बहाल करने को लेकर बनी अस्थायी व्यवस्था अविश्वास और परस्पर आरोपों के कारण टिक नहीं सकी। ईरान ने लेबनान पर इज़राइली कार्रवाई, अपने हवाई क्षेत्र में ड्रोन घुसपैठ और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े विवादों को समझौते के उल्लंघन का आधार बताया, जबकि अमेरिका ने ईरान के व्यवहार को युद्धविराम की भावना के प्रतिकूल माना।

इस मतभेद ने तनाव को और बढ़ा दिया। अमेरिका ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थायी व्यवस्था में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कठोर नियंत्रण अनिवार्य होगा, जबकि ईरान बिना शर्त प्रतिबंधों में राहत, अपनी क्षेत्रीय भूमिका की मान्यता तथा अपनी सहयोगी शक्तियों से जुड़े मुद्दों पर समझौता करने को तैयार नहीं दिखा। परिणामस्वरूप संघर्ष फिर तेज हो गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को रोकने तथा रक्षात्मक कार्रवाई की जानकारी दी, जबकि ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में जहाजों और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया। कतर जैसे क्षेत्रीय मध्यस्थ तनाव कम करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन स्थायी समाधान अब भी दूर दिखाई देता है।

भारत के लिए हिंद-प्रशांत में सहयोग और पश्चिम एशिया में अस्थिरता का यह समानांतर परिदृश्य महत्वपूर्ण संकेत देता है। इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ गहरे संबंध भारत को ऊर्जा स्रोतों में विविधता, सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखलाओं और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था के निर्माण में सहायता देते हैं। दूसरी ओर, खाड़ी क्षेत्र में भारत के ऊर्जा हित, विशाल प्रवासी समुदाय और आर्थिक संबंध यह अपेक्षा करते हैं कि भारत संतुलित, व्यावहारिक और सिद्धांतनिष्ठ नीति अपनाए, जो संवाद, तनाव-नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान पर आधारित हो।

ईरान-अमेरिका के बीच टूटता संघर्षविराम इस तथ्य को रेखांकित करता है कि क्षेत्रीय स्थिरता कितनी शीघ्र नए टकराव में बदल सकती है। ऐसे समय में भारत की बहु-संरेखण (मल्टी एलाइनमेंट) आधारित विदेश नीति अधिक प्रासंगिक दिखाई देती है। विभिन्न साझेदारों के साथ समानांतर सहयोग, किसी एक शक्ति-गुट पर निर्भरता से बचाव तथा आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक साधनों के माध्यम से परस्पर लाभकारी संबंधों का विस्तार ही वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्ति बनकर उभर रहा है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

## राजस्थान में न केवल ऊंटों का जीवन संकट में है, बल्कि घुमन्तू पालकों की रोजी-रोटी पर भी दांव लगा



**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डॉ. मुकुल सैन ने नवाचार में ऊंची छलांग लगाई है। डॉ. सैन ने घुमन्तू ऊंट पालकों के लिए जीवनदायिनी सरीखा डिजाइन पेटेंट यूके से प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है, इन दिनों राजस्थान में न केवल ऊंटों का जीवन संकट में है, बल्कि घुमन्तू पालकों की रोजी-रोटी पर भी दांव लगा है। यूं तो ऊंटों की संख्या राजस्थान में सर्वाधिक है। एक आंकड़ें के मुताबिक हिन्दुस्तान में कुल ऊंटों का 85 प्रतिशत ऊंट केवल राजस्थान में पाए जाते हैं। यह बात दीगर है, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, यूपी आदि में भी ऊंटों का पालन किया जाता है। एक दर्जन पेटेंट अपनी झोली में रखने वाले डॉ. सैन ने इनके दर्द को संजीदगी से समझा है। इस पेटेंट से उन्होंने रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंटों और उनके कारोबारियों के लिए आशा की किरण जगा दी है। डॉ. सैन को सोलर असिसटेड मोबाइल कैमल डेयरी मिल्किंग मशीन का यूके के इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट्स ऑफिस से डिजाइन पेटेंट मिला है। यदि यह जमीनी हकीकत में बदलता है तो डिजाइन की गई इस मशीन में रेगिस्तान में भी 04 डिग्री तापमान तक घुमन्तू ऊंटों का दूध स्टोर किया जा सकता है। 20 लीटर क्षमता के डिजाइन की लागत करीब 1 से 1.5 लाख तक रहेगी। इस मशीन में चराई के दौरान मिल्किंग के बाद दूध ऑटोमेटिक ही ठंडा और स्टोर हो जाएगा। यह सौर ऊर्जा पर आधारित है, जोकि रेगिस्तान में भरपूर मात्रा में मिलती है। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन इस





### पेटेंट बदल देगा ऊंटों की सूरत-सीरत

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डॉ. मुकुल सैन प्रतिभा के धनी, नवाचार के प्रति उनका नजरिया बेमिसाल, 2024 से लेकर 2026 तक 12 आईपीआर ग्रांटेड, इनमें से 10 आईपीआर भारतीय हैं, कनाडा से 01 कॉपीराइट भी उनकी उपलब्धियों में शुमार, डॉ. सैन की झोली में आधा दर्जन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस है, देश-विदेश में 28 शोध पत्रों के संग-संग अब तक दो किताबें भी प्रकाशित हो चुकी है।

एक्सक्लूसिव पेटेंट डिजाइन पर डॉ. मुकुल सैन को बधाई देते हुए कहते हैं, यह पेटेंट ऊंटों और ऊंट पालकों के लिए बेशकीमती सौगात है। उन्होंने उम्मीद जताई, इस नवाचार से ऊंट के दूध का गुणवत्तापूर्ण संरक्षण के संग-संग बाजार का भी विस्तार होगा। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन कहते हैं, कॉलेज के लिए यह गौरव का विषय है। ऐसे प्रसंस्करण भविष्य में दूध के क्षेत्र में नई संभावनाएं और नवाचार के द्वार खोलेंगे।पंजाब के अबोहर में जन्मे डॉ. सैन ने ऊंटों और ऊंट पालकों के दर्द को करीब से देखा है। छोटूपन में यह दंश तो वह नहीं समझ पाए लेकिन एग्रीकल्चर और डेयरी में उच्च शिक्षा-दीक्षा के दौरान उन्होंने ऊंटों के जीवन कल्याण की ठानी। सोचा एक ऐसा डिजाइन ईजाद किया जाए, जिससे इनके दिन बहुर जाएं। डॉ. सैन नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिटयूट- एनडीआरआई, करनाल से डेयरी इंजीनियरिंग में पीएचडी हैं। राजस्थान के बीकानेर में प्रवास के दौरान उन्होंने ऊंट के दूध की गुणवत्ता के संरक्षण की ठानी, क्योंकि इसमें औषधीय गुण हैं। जैसे ऊंट का दूध बेनिफिसियल एक्टिव प्रोटीन से भरपूर है। डायबिटीज और पेट के रोगों में वरदान है। इसका प्रयोग ऑटिज्म रोगियों के लिए भी किया जाता है। अब तक इसका सर्वाधिक बाजार मिल्क पाउडर के रूप में है। अब उम्मीद की जाती है, यह लिक्विड रूप में भी मिल जाएगा। डॉ. सैन प्रतिभा के धनी हैं। नवाचार के प्रति उनका नजरिया बेमिसाल है। 2024 से लेकर 2026 तक 12 आईपीआर ग्रांटेड हैं। इनमें से 10 आईपीआर भारतीय हैं, कनाडा से 01 कॉपीराइट भी उनकी उपलब्धियों में शुमार हैं। डॉ. सैन की झोली में आधा दर्जन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हैं। 28 शोध पत्र देश-विदेश में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. सैन की 2020 में नेचुरल फाइबर कंपोजिस्ट्स, 2023 में फ्यूचरिस्टिक ट्रेंड्स इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड फूड साइंसेज पब्लिश हो चुकी हैं। इसके अलावा वेलेराइजेशन ऑफ वेस्ट राइस स्ट्रा और एडवांसेज इन इंडीजीनियस डेयरी प्रोडक्ट्स की पांडुलिपियां प्रकाशकों के पास हैं। इन पुस्तकों को स्प्रिंजर सरीखे इंटरनेशलन पब्लिशर्स प्रकाशित करेंगे। इसके अलावा आठ इंटरनेशनल बुक चैप्टर समेत एक लैब मैन्युअल भी उनकी झोली में है। डॉ. सैन भविष्य की प्लानिंग बताते हुए कहते हैं, दूध हमेशा से उनके चिंतन और मनन का विषय है। वह अब दूध के उत्पादों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की तकनीकों पर भी रिसर्च करेंगे। हकीकत यह है, ऊंटों और पालकों की दुश्वारियां जग जाहिर हैं। देश में सर्वाधिक ऊंटों की संख्या राजस्थान में है। राजस्थान के खासकर बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर सरीखे जिलों में पुरसा हाल नहीं है। कड़वी सच्चाई यह है, राजस्थान सरकार की आंख मूंदु नीति के चलते ऊंट पालन कारोबार मुनाफे का सौदा कभी नहीं रहा है। इस पेटेंट के बाद न केवल ऊंट पालक अपना दूध बेच सकेंगे, बल्कि इनके प्रति मुहब्बत में भी इजाफा होगा, क्योंकि सरकार की मौजूदा नीति के मुताबिक ऊंट को न तो वध के लिए नहीं बेचा जा सकता है और न ही अवैध ट्रैफिकिंग की जा सकती है। राजस्थान की रीढ़ की हड्डी समझे जाने वाले ऊंट मशीनीकरण और परिवहन के आधुनिक साधनों के चलते ऊंटों की उपयोगिता में भारी गिरावट आई है। शोध रिपोर्ट्स के मुताबिक साढ़े चार दशक में राजस्थान में ऊंटों की संख्या 15 लाख से घटकर केवल एक लाख ही रह गई है। अंदेशा है, डायनासोर की मानिंद एक दिन ऊंट भी कागजों तक सिमट कर रह जाएंगे। ऐसे में डॉ. मुकुल सैन का पेटेंट ऊंटों और उनके पालकों के लिए भगवान सरीखा है। इस पेटेंट के बाद ऊंट से लेकर घुमन्तू पालकों तक की सूरत-सीरत बदल जाएगी। ऑटोमिल्किंग के संग-संग इमिडेट कूलिंग मिलेगी। हयूमन टच एक्सक्लूड हो जाएगा और दूध हाइजीन रहेगा। कोल्ड चेन मैनेजमेंट के कारण दूध की गुणवत्ता भी बरकरार रहेगी। दूध उपलब्धता में बेहतर वृद्धि हो जाएगी। ऊंट के दूध में थैरेप्यूटिक गुण होने के कारण एक्सपोर्ट के वैश्विक द्वार खुल जाएंगे। अंततः ऊंटों की तेजी से गिरती संख्या का ग्राफ भी रूक जाएगा।

# प्रदेश में मानसून की रफ्तार पड़ी धीमी, सिर्फ इन जिलों में बारिश की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दिनों की अच्छी बारिश के बाद अब मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर कमजोर होगा और फिलहाल सक्रियता मुख्य रूप से पूर्वी-तराई जिलों तक सीमित रहेगी। इसे देखते हुए रविवार के लिए पूर्वी तराई के 13 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब अब कमजोर होकर लो-प्रेशर क्षेत्र में बदल गया है। इसके असर से अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश में कमी आएगी। इस दौरान औसत तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है और उमस भरी गर्मी एक बार फिर लोगों को परेशान करेगी।

मौसम विभाग के अनुसार 11 जुलाई से अगले चार-पांच दिनों तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्यांचल में बारिश का सिलसिला अपेक्षाकृत कमजोर रहेगा। हालांकि कहीं-कहीं हल्की से मध्यम और छिटपुट बारिश की संभावना बनी रहेगी।

बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक बाराबंकी में 160 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सहारनपुर में 99 मिमी, बरेली में 87 मिमी और बहराइच में 72.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी तराई में फिलहाल बारिश का दौर जारी रहेगा, जबकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में कुछ दिनों तक मानसून अपेक्षाकृत कमजोर रहने के आसार हैं।

### 29 जिलों में हुई सामान्य से कम बारिश

मौसम विभाग से मिले आंकड़ो के अनुसार इस सीजन में अब तक प्रदेश में बारिश का वितरण असमान बना हुआ है। आठ जिलों में सामान्य से 60 प्रतिशत या अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि सात जिलों में 20 से 59 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। 21 जिले सामान्य श्रेणी में रहे। वहीं 29 जिले अब भी सामान्य से कम वर्षा वाले क्षेत्र में हैं।

### इन जिलों में है भारी बारिश का येलो अलर्ट

महराजगंज, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, बलरामपुर, अंबेडकरनगर व आसपास के क्षेत्र।

## सार संक्षेप

### चकरपुर – बुढ़ाबाग क्षेत्र में सागौन के चार पेड़ कटे, वन विभाग ने दो पेड़ों का मामला दर्ज किया



जंगल में कटे पेड़ों के गिल्टे। -जागरण मोर्चा

खटीमा। खटीमा वन रेंज के चकरपुर बुढ़ाबाग क्षेत्र में सागौन के चार पेड़ काटकर लकड़ी पार करने का मामला प्रकाश में आया है। वन क्षेत्राधिकार हरेन्द्र सिंह बिष्ट ने काटे गए दो पेड़ों का केस काटने की जानकारी दी हैं। पेड़ काटकर इमारती लकड़ी पार करने का मामला 6 जुलाई को प्रकाश में आया। लोग अभी नखातल क्षेत्र से 16 पेड़ काटे जाने के मामले को भूल भी नहीं पाए थे कि सागौन के चार और पेड़ 6 जुलाई को कटने का मामला प्रकाश में आया है। वन विभाग की कड़ी चौकसी के बाद भी पेड़ों के कटने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौके पर काटे गए चार पेड़ों की जड़ें मौजूद हैं। बावजूद वन महकमा दो पेड़ों के कटने की बात कह रहा है। मौके पर कटे पेड़ों की लकड़ियां भी नहीं हैं। इधर एसडीओ फॉरेस्ट संचिता वर्मा ने बताया कि उन्हें दो सागौन के पेड़ों के कटने की जानकारी है। कटे पेड़ों के केश काटे गए हैं। उनकी लकड़ियां भी सुरक्षित रखने की जानकारी दी गई।

### ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत वारंटी गिरफ्तार




पुलिस के साथ ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत गिरफ्तार वारंटी।

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत खटीमा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार शनिवार को बाजार चौकी पुलिस ने वार्ड नंबर-7, उमरूखुर्द इस्लामनगर निवासी नवाब पुत्र मेहंदी हसन को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जीवन सिंह फुफाल, कांस्टेबल इशाक मोहम्मद एवं ललित बिष्ट शामिल रहे।

### सोलर पैनल कारोबारी को अगवा कर लूटपाट

**लखनऊ।** जानकीपुरम के साईं विहार कालोनी के पास से स्कार्पियो सवार तीन युवकों ने सोलर पैनल कारोबारी को अगवा कर लिया। उसके साथ लूटपाट की, ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर कराये। पीड़ित का आरोप है कि वह 9 जुलाई से जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए चक्कर काट रहा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। पुलिस इसे रुपये के लेनदेन का विवाद बता रही है। सीतापुर निवासी अभिषेक सिंह के मुताबिक वह 9 जुलाई को जानकीपुरम स्थित साईं विहार कॉलोनी में दुबग्गा निवासी दोस्त मिला। दोस्त ने दो साथियों की मदद से अभिषेक को स्कार्पियो से अगवा कर लिया। इसके बाद उसे बंधक बनाकर उसकी सोने की चेन, लॉकेट और अंगूठी लूट ली।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

## बूथ को मजबूत करने पर रहेगा विशेष फोकस, बनी यह रणनीति

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के बाद भाजपा अब जमीनी स्तर पर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। इसके लिए भाजपा ने शनिवार को हुई बैठक में संगठन को बूथ को पार्टी के लिए जीत का मजबूत किला बनाने के साथ ही विपक्ष के खिलाफ आक्रामक रणनीति का खाका तैयार किया गया। बैठक में तय किया गया कि घर नए के साथ ही घर बैठे पुराने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संपर्क करके उनको बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी देकर सक्रिय किया जाए। इसके साथ ही पार्टी से जनता जोड़ने के लिए आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए भी सभी पदाधिकारियों को टास्क दिया गया है।

नई कार्यकारिणी और सभी मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी मुख्यालय में आगामी चुनावी तैयारियों की रणनीति तैयार की और पदाधिकारियों को चुनाव जीतने का मंत्र समझाया। बैठक में खास तौर से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तीकरण, जनसंपर्क अभियान, वृक्षारोपण, डिजिटल बूथ प्रशिक्षण और कारगिल विजय दिवस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पूरे प्रदेश में श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, पूर्व सैनिकों के सम्मान और युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना जगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों से कहा कि विपक्ष झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार का माहौल बनाने में जुटा है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएं और विपक्ष के आरोपों का तथ्यों के आधार पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए संगठन और सरकार को पूरी ताकत के साथ जनता के बीच काम करना होगा। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संगठन के अभियान केवल औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि जनसंपर्क बढ़ाने और जनता का विश्वास मजबूत करने का माध्यम बनें। प्रत्येक पदाधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित प्रवास करें, संगठन की समीक्षा करें और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से लगातार संवाद बनाए रखें।




## सोमवार को लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे राजनाथ सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 13 जुलाई को लखनऊ के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह केजीएमयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का लोकार्पण भी करेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने रक्षा मंत्री के दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि राजनाथ सिंह सोमवार सुबह 10:35 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वह सीधे केजीएमयू जाएंगे।

वहां सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। दीक्षांत समारोह के बाद रक्षा मंत्री सरकारी आवास जाएंगे। इसके बाद दोपहर तीन बजे वह ला मार्टिनियर कॉलेज हेलीपैड से हेलीकॉप्टर के जरिये उन्नाव के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्नाव में वह लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। वहां से लौटने के बाद शाम को सरोजनीनगर स्थित सैनिक स्कूल पहुंचेंगे। वहां वार मेमोरियल पर देश के जांबाजों को श्रद्धांजलि देंगे। शाम 4:30 से पौने पांच बजे तक वह सैनिक स्कूल परिसर में ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। शाम छह बजे वह लखनऊ एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए वापस प्रस्थान करेंगे।

## नगर पालिका अध्यक्ष की पहल पर दिव्यांग बालिका को मिली ट्राई साइकिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



दिव्यांग को ट्राई साइकिल देते नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी व भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी की पहल पर वार्ड संख्या-16 की एक दिव्यांग बालिका को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गयी। ट्राई साइकिल मिलने से बालिका की आवाजाही अब पहले की अपेक्षा अधिक सुगम हो सकेगी। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या-16 के निवासी दीपक ने नगर पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया कि बस्ती की एक दिव्यांग बालिका को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है और उसे ट्राई साइकिल की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों से संपर्क किया। उनकी पहल पर परिषद ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए बालिका को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। ट्राई साइकिल मिलने पर बालिका और उसके परिजनों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी एवं भारत विकास परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग देना ही वास्तविक सामाजिक सेवा है। साथ ही उन्होंने भारत विकास परिषद के सहयोग की सराहना करते हुए परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## लखनऊ में मुख्यमंत्री करेंगे पौधरोपण : 'शक्ति वन'' में पार्क से देख सकेंगे कुकरैल नदी का नजारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** अयोध्या रोड पर अकबरनगर में अवैध निर्माण तोड़कर खाली कराई गयी 30 हजार वर्गमीटर भूमि पर हरियाली विकसित की जाएगी। नगर निगम 14 करोड़ की लागत से यहां ''शक्ति वन'' विकसित कर रहा है। जिसमें लोग सुबह टहल सकेंगे और कुकरैल नदी का नजारा ले सकेंगे।

इसके बीचो-बीच पार्क विकसित किया जाएगा साथ ही बच्चों के खेलने के लिए झूले और लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाई जाएंगी। सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम फव्वारे भी लगाएगा। लोगों की सेहत का ध्यान रखते हुए ''शक्ति वन'' में ओपन जिम लगाया जाएगा साथ ही लोग पाथ-वे पर टहल सकेंगे। आगंतुकों की सुविधा के लिए शौचालय और पार्किंग की सुविधा रहेगी। वर्षा जल संचयन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा।

''शक्ति वन'' में 62000 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इनमें 4 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में मियावाकी पद्धति से 14 हजार पौधे, विभिन्न प्रजातियों के 3318 पेड़ लगाए जाएंगे। इनमें सीता अशोक, बरगद, पीपल, गूलर, रुद्राक्ष, अमरूद, आम, जामुन, अर्जुन, मौल श्री, शहतूत, नींबू, कचनार, केनर, पिलखन, शीशम, गुलमोहर, अशोक आदि प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। इसके अलावा 9310 झाड़ीदार पौधे और 35700 बाड़दार पौधे लगाए जाएंगे। शक्ति वन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह पौधरोपण करेंगे। इसके लिए नगर निगम सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हैं।

## दुबई से लखनऊ आ रहे विमान से पक्षी टकराया, हादसा टला, दहशत में आए सवार 163 यात्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** विमान से पक्षी के टकराने पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया था। हादसा टल गया। विमान को एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग करवाई गई।

दुबई से लखनऊ आ रही फ्लाइट दुबई की उड़ान से शनिवार को पक्षी टकरा गया। विमान एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था। हालांकि, हादसा टल गया। पक्षी टकराने से विमान में सवार यात्री दहशत में आ गए। पायलट ने विमान की एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग करवाई।

मामला फ्लाई दुबई एयरलाइन के विमान संख्या एफडी-443 का है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार विमान निर्धारित समय के अनुसार सुबह 6:35 बजे लखनऊ लैंड करता है लेकिन शनिवार को यह उड़ान देरी की शिकार हुई और लखनऊ पहुंचने वाली थी। विमान में 163 यात्री सवार थे।

इसी बीच लखनऊ एयरपोर्ट के नजदीक पहुंचने पर विमान से अचानक एक पक्षी टकरा गया। घटना की जानकारी मिलते ही पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराने का निर्णय लिया। इसके बाद पूर्व एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी को सूचित कर लैंडिंग की अनुमति मांगी गई जिसके मिलने पर विमान को सुबह 7:13 बजे सकुशल एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। पायलट की तत्परता और कुशलता से बड़ा हादसा टल गया। दूसरी ओर पक्षी टकराने की जानकारी मिलने पर विमान के यात्रियों में हड़कंप मच गया। वे दहशत में आ गए। हालांकि सुरक्षित लैंडिंग के बाद विमान में सवार सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों ने राहत की सांस ली। इसके बाद इंजीनियरों की टीम को बुलाया गया और घटना के बाद विमान को रनवे से हटाकर पार्किंग वे में खड़ा किया गया, जहां इंजीनियरों की टीम ने तकनीकी जांच शुरू कर दी।

## लग्जरी बसों की छत से टपक रहा बारिश व एसी का पानी, यात्री का लैपटॉप खराब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** अवध डिपो की लग्जरी बसें यात्रियों के लिए मुसीबत बन गई हैं। छतों से बारिश का पानी टपक रहा है, जिससे मुसाफिरों का लगेज भीग रहा है। खराब हो रहा है तथा उनका सफर मुहाल हो रहा है।

ऐसा ही मामला शनिवार को रोडवेज के अवध डिपो में नाराज यात्री ने दर्ज कराया है। यात्री गौरव पटेल ने बताया कि वह लखनऊ से वाराणसी जाने के लिए एसी जनरथ बस संख्या यूपी 33 एटी 4822 में आलमबाग से सवार हुए थे। उन्होंने बताया कि बस में सवार होने पर काफी गंदगी मिली। इसके बाद वह अपनी सीट पर बैठे और सीट के ऊपर बने लगेज कम्पार्टमेंट में अपना लैपटॉप व अन्य सामान रख दिया। उसमें काफी पानी भरा हुआ था। जब उन्होंने लैपटॉप बैग उठाया तो वह पूरी तरह से भीग चुका था। ऐसा सिर्फ उनके साथ ही नहीं, अन्य यात्रियों के साथ भी हुआ। इसकी शिकायत उन्होंने कंडक्टर से की, जिस पर उन्हें बताया गया कि एसी का पानी शायद लीक होकर भर गया है। उन्होंने जब रोडवेज प्रशासन से शिकायत की तो उन्हें किराया वापस लेने का विकल्प दिया गया। वह लैपटॉप लेकर अहिमामऊ में ही उतर गए। रोडवेज की ओर से उनकी शिकायत पर किसी प्रकार का सहयोग व समाधान नहीं किया गया। अवध डिपो की लग्जरी बसों से छत टपकने की शिकायतें रोजाना दर्ज हो रही हैं। शनिवार को बस संख्या यूपी 32 एटी 5839, यूपी 33 एटी 5754, यूपी 33 एटी 5862 सहित करीब आधा दर्जन जनरथ बसों में ऐसी शिकायतें ड्राइवर व कंडक्टरों ने दर्ज कराई।

**सराहनीय** युवक के दाहिने फेफड़े में धंसा हुआ था चाकू, मरीज की हालत सामान्य

## छाती में धंसे चाकू को निकालकर युवक की बचाई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ. समीर मिश्र ने बताया कि एक्सरे में छाती के दाहिनी ओर भारी मात्रा में खून भरा हुआ था, भीतर फंसा चाकू भी साफ नजर आया। डॉक्टरों ने तत्काल इंटरकॉस्टल ड्रेन डालकर करीब 200 मिलीलीटर खून बाहर निकाला, जिससे मरीज की स्थिति में कुछ सुधार हुआ।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों ने बेहद जटिल ऑपरेशन कर युवक को जान बचाने में सफलता हासिल की है। युवक की छाती में चाकू धंसा हुआ था, जो दाहिने फेफड़े के अत्यंत संवेदनशील हिस्से तक पहुंचकर प्रमुख रक्त वाहिकाओं को क्षतिग्रस्त कर चुका था। सफल ऑपरेशन के बाद फिलहाल मरीज की हालत स्थिर है। कुलपति ने इस



सराहनीय कार्य के लिए ऑपरेशन करने वाली पूरी टीम को बधाई दी है।

लखीमपुर खीरी निवासी सर्वेश पर चार जुलाई की रात करीब नौ बजे चाकू से हमला हुआ था। हमले में चाकू उनकी दाहिनी छाती में गहरे तक धंस गया। आनन-फानन में सर्वेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तुरंत ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में पांच जुलाई की सुबह सर्वेश का इलाज शुरू हुआ। डॉक्टरों ने रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी संबंधी जांच कराई। ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ. समीर मिश्र ने बताया कि एक्सरे में छाती के दाहिनी ओर भारी मात्रा में खून भरा हुआ था, भीतर फंसा चाकू भी साफ नजर आया।

डॉक्टरों ने तत्काल इंटरकॉस्टल ड्रेन डालकर करीब 200 मिलीलीटर खून बाहर निकाला, जिससे मरीज की स्थिति में कुछ सुधार हुआ। इसके बाद किए गए सीटी स्कैन से पता चला कि चाकू दाहिने पल्मोनरी हिलम तक पहुंच चुका था और उसने पल्मोनरी आर्टरी (मुख्य संवेदनशील रक्त वाहिनी) की शाखा को गंभीर नुकसान पहुंचाया था।

### खून की नस को सुरक्षित कर निकाला ब्लेड

डॉ. सौम्या सिंह ने बताया कि कॉर्डियो थौरेसिक वैस्कुलर सर्जरी विभाग की टीम ने राइट पोस्टेरोलैटरल थोराकोटॉमी कर पहले खून की नस को सुरक्षित किया, फिर प्रत्यक्ष निगरानी में चाकू निकाला। वहीं, डॉ. वैभव जायसवाल ने बताया कि क्षतिग्रस्त रक्तवाहिनी की सफल मरम्मत कर खून का बहाव रोका गया। ऑपरेशन के दौरान मरीज को तीन यूनिट खून और चार यूनिट फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा चढ़ाया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में भर्ती किया गया। फिलहाल उसका ब्लड प्रेशर, पल्स और ऑक्सीजन स्तर सामान्य है।

## जन्म से नहीं, माइग्रेशन से बढ़ी लखनऊ की आबादी, 15 साल में बढ़ी करीब 16 लाख जनसंख्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ का चेहरा अब केवल जन्म दर से नहीं, बल्कि माइग्रेशन से भी बदल रहा है। डेढ़ दशक में लखनऊ उन शहरों में शामिल हो गया है, जहां आबादी बढ़ाने में दूसरे जिलों और राज्यों से आकर बसने वाले लोगों की बड़ी भूमिका रही है।

2027 की जनगणना के लिए करीब 61.99 लाख लोगों की हाउस लिस्टिंग हुई है। वहीं, 2011 की जनगणना में जिले की आबादी 45.89 लाख थी। इससे करीब 16 लाख लोगों की बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, केवल जन्म दर के आधार पर इतनी तेज वृद्धि संभव नहीं। राजधानी में रोजगार, उच्च शिक्षा, चिकित्सा सुविधाएं, सरकारी कार्यालय, आईटी और सेवा क्षेत्र के विस्तार ने लोगों को आकर्षित किया है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार, उत्तर प्रदेश में प्रजनन दर लगातार घट रही है। ऐसे में लखनऊ जैसे बड़े शहरों की आबादी बढ़ने का प्रमुख कारण माइग्रेशन है।

**माइग्रेशन के कारण और स्रोत :** हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, उन्नाव, रायबरेली, अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा और पूर्वांचल के कई जिलों से लोग लखनऊ आए हैं। दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग नौकरी, कारोबार और पढ़ाई के लिए यहां पहुंचे और स्थायी रूप से बस गए। राजधानी में आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण और सेवा क्षेत्र के विस्तार ने इस रफ्तार को और तेज किया है।

**आबादी का दबाव:** शहरी क्षेत्र में जोन-6 में 8.60 लाख, जोन-3 में 7.26 लाख, जोन-8 में 6.46 लाख और जोन-7 में 5.48 लाख लोगों का कवरेज दर्ज हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में मोहनलालगंज (4.63 लाख) और मलिहाबाद (3.95 लाख) सबसे आगे हैं।

# अलग अलग जन्मतिथि दर्शाकर वनबा लिए पासपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** युवक ने तथ्यों को छुपाकर और दस्तावेजों में कथित रूप से हेरफेर कर दो अलग-अलग पासपोर्ट बनवा लिए। बरिष्ठ अधीक्षक पासपोर्ट कार्यालय बरेली की ओर से मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया जगतपुर निवासी सिमर प्रीत सिंह ने वर्ष 2023 में पहली बार पासपोर्ट बनवाया था। इस पासपोर्ट में उसकी जन्मतिथि 19-11-2002 दर्शाकर पीसीसी आवेदन किया। पत्रावलियों की जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने वर्ष 2016 में पासपोर्ट कार्यालय बरेली से अपनी जन्मतिथि 10-3-1999 दर्शाकर पासपोर्ट प्राप्त कर लिया। बताया जा रहा है कि यह पासपोर्ट बरेली पासपोर्ट कार्यालय से जारी हुआ। इसके बाद आरोपी ने लखनऊ से अपनी जन्मतिथि 29-5-2001 दर्शाकर 2023 में प्राप्त कर लिया। यह पासपोर्ट लखनऊ से जारी किया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब संबंधित विभाग द्वारा रिकॉर्डों के सत्यापन के दौरान दोनों पासपोर्टों की जानकारी में अंतर पाया गया। जांच में यह संदेह जताया गया कि एक ही व्यक्ति द्वारा अलग-अलग पहचान संबंधी विवरणों का उपयोग कर दो पासपोर्ट प्राप्त किए गए हैं। विभागीय स्तर पर जब दस्तावेजों की गहन जांच की गई तो जन्मतिथि, पते और अन्य विवरणों में असमानता सामने आई। जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई। पासपोर्ट कार्यालय की रिपोर्ट के आधार पर बरिष्ठ अधीक्षक पासपोर्ट बरेली के आदेश पर घुंघचाई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताता कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रैली निकाली, नवदंपतियों को वितरित की गई शगुन किट

जागरण मोर्चा कार्यालय


जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर विदा करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.सी. पंत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में आशा बहुओं तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए प्रतिभागियों ने परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण से जुड़े नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया तथा पंपलेट वितरित किए। रैली के बाद सीएमओ कार्यालय के सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. बी.सी. पंत ने की। उन्होंने जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों और परिवार नियोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. छत्रपाल सिंह ने बच्चों के बीच उचित अंतर रखने और सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जानकारी दी। जनपदीय परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक अमित शर्मा ने बताया कि 11 से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसका स्लोगन है— "जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ एवं खुशहाल।" गोष्ठी में विशेषज्ञों ने मातृ स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भधारण और परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की जानकारी दी। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नवदंपतियों को शगुन किट वितरित कर सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## सार संक्षेप

### सेंट जोसेफ स्कूल में विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**पूरनपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को सेंट जोसेफ स्कूल, पूरनपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के लिए निकटवर्ती सामाजिक वानिकी विभाग से विभिन्न प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए गए, जिन्हें विद्यालय परिसर में रोपा गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबेस्टियन ने विद्यार्थियों को पौधों और वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को संतुलित रखने, शुद्ध वायु प्रदान करने तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी छात्रों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राइमरी विंग की प्रधानाध्यापिका सिस्टर टेसी, सिस्टर संजना, कोमल गुप्ता, भारती पांडे, मोहम्मद आशी, नीलम सिंह, रोहित सिंह, रियाज अहमद खान, पारुल सिंह, रजनी सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया।

### रम्पुरा में छत से गिरकर किशोर घायल, अस्पताल में भर्ती

**पूरनपुर।** रम्पुरा में एक किशोर मकान की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्काल घायल किशोर को उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने आवश्यक उपचार शुरू किया। किशोर मशीप बच्चों के साथ छत पर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरा। गिरने से उसके सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और परिजनों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति पर निगरानी रखी। घटना के बाद मोहल्ले में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने ऐसे हादसों से बचने के लिए घरों की छतों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और बच्चों व किशोरों को छत पर जाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी।

### दरवाजे पर गाली गलौज कर की मारपीट, केस दर्ज

**पूरनपुर।** दरवाजे पर पहुंच कर गाली गलौज कर मारपीट की गई। इससे पहले भी विवाद कर चुका है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर निवासी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि गांव निवासी रणवीर सिंह उर्फ गब्बर सिंह शराब पीकर आए दिन गाली गलौज कर परेशान करता रहता है। आठ जुलाई की शाम वह शराब पीकर आया और घर पर आते ही उसके भाई दिनेश सिंह व घर की महिलाओं को गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। लोगों ने मामले को शांत कर दिया। आरोप की नौ जुलाई को रात्रि के दौरान आरोपी फिर घर पहुंचा और गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की।

# ट्रक में लगी आग से चालक की जिंदा जलकर मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक का फाइल फोटो।

**पूरनपुर।** हाईवे पर चलती ट्रक में अचानक आग लग गई। जिससे दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की जिंदा जल कर मौत हो गई। चालक केबिन में ही फंस गया था। घटना से हाईवे पर अफरा तफरी मच गई, कडी मशक्कत के बाद आग पर कावू पाया जा सका। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सूचना पर परिजन पहुंच गए। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। जिला रामपुर के बिलासपुर निवासी बलविंदर सिंह खुद की ट्रक चलाता था। शुक्रवार को वह ट्रक में प्लास्टिक का सामान भरकर ले जा रहे थे। इसी दौरान पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे पर बड़ी नहर और धन्ना गुरुद्वारे के बीच शुक्रवार की रात करीब दस बजे अचानक हाईवे पर चलते ट्रक में आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। हादसे में ट्रक मालिक की जिंदा जलकर मौत हो गई। ट्रक में भारी मात्रा में प्लास्टिक के टुकड़े लदे होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। चालक केबिन में ही फंस गया और बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इसके बाद चालक के शव को निकाला गया। पूरा ट्रक आग का गोला बन गया। राहगीरों ने दी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक चालक की केबिन के अंदर ही जलकर मौत हो चुकी थी। आग बुझने के बाद चालक का शव बुरी तरह झुलसा था। सूचना पर बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले की जानकारी लगने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। रोते विखलते परिजन अस्पताल पहुंचे, उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके दो बेटे हैं। जिसमे दीप व परदीप है।हादसे से दोनो पुत्रो व परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।


हाईवे पर जलता ट्रक। -जागरण मोर्चा

# राजघाट पार्क में डीएम ने एसएसबी जवानों संग किया वृहद वृक्षारोपण, छात्रावास का भी किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को राजघाट पार्क परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों और जवानों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण में एसएसबी के योगदान की भी सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने सभी अधिकारियों, जवानों और नागरिकों से लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लेने की अपील की। वृक्षारोपण के बाद जिलाधिकारी ने राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास के कमरों, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। विद्युत व्यवस्था में कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए।

# मामूली विवाद में युवक पर तमंचे से फायरिंग, जान से मारने की धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में तमंचे के साथ पकड़ा खड़ा आरोपी युवक। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली में मामूली बात को लेकर एक युवक पर तमंचे से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली के रहने वाले पीड़ित श्रीराम कश्यप पुत्र स्वर्गीय श्री राम भरोसेलाल कश्यप ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दिनांक 10 जुलाई 2026 की शाम करीब 6 बजे उनके घर के पास ही रहने वाले आरोपी आकाश पुत्र स्वर्गीय मेवाराम कश्यप ने उनके घर में ईंट-मिट्टी फेंकी। जब श्रीराम कश्यप ने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपी आकाश आगबबूला हो गया। वह गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की नीयत से तमंचा निकालकर पीड़ित के ऊपर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि इस हमले में पीड़ित बाल-बाल बच गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने पीड़ित को दोबारा सामने आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से डरे-सहमे पीड़ित ने तत्काल बीसलपुर थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी आकाश के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद उप निरीक्षक विपिन कुमार ने मुखविर की सूचना पर आरोपी आकाश को अग्रवाल धर्मशाला के पास से पकड़ कर उसे अब तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जन शिकायतें

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना माधौटांडा में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी मामलों का राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम दोनों पक्षों की मौजूदगी में समाधान कराए और कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, थानाध्यक्ष, लेखपाल तथा अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।


जन समस्याएं सुनते जिला अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# समाजवादी अधिवक्ता सभा में शिव शर्मा बने प्रदेश सचिव, संगठन विस्तार को लेकर हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय


समाजवादी अधिवक्ता महासाभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव शिव शर्मा को प्रदेश सचिव का मनोनयन पत्र देते हुए। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिव शर्मा एडवोकेट को समाजवादी अधिवक्ता सभा, उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन पत्र प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव एडवोकेट ने जारी किया गया। जारी प्रेस नोट में आशा व्यक्त की गई है कि नवनियुक्त प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाने का कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर संगठन के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में सपा विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव, महिला सभा की विधान सभा अध्यक्ष मीता सिंह, नगर अध्यक्ष मीनू शर्मा, नगर उपाध्यक्ष मनोज गंगवार, ब्लॉक सभा के नगर उपाध्यक्ष सज्जन सिंह, महेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग प्रकोष्ठ) नौशाद अली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (युवजन विंग) जनकराज पटेल, सपा के जोनल प्रभारी कल्याण सिंह सरोज, धर्मवीर कश्यप, जगपाल, प्रशांत शर्मा साजिद खान, संदीप शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, संतोष कुशवाहा, नाविर अली मंसूरी, नोमान वारसी, कमल भारती, तौफीक अहमद कादरी, नरेश शर्मा, निर्दोष शर्मा, प्रशांत मिश्रा, विशाल जायसवाल, मीडिया प्रभारी अनिल शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव शिव शर्मा का स्वागत करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और समाजवादी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### आईटीआई प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 4 अगस्त तक करें पंजीकरण

**पीलीभीत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में अगस्त 2026 से शुरू होने वाले प्रशिक्षण सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य शरद चंद्र सागरवाल ने बताया कि अभ्यर्थी 11 जुलाई से 4 अगस्त 2026 की रात 12 बजे तक वेबसाइट www.scvtup.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पहले मोबाइल नंबर का ओटीपी सत्यापन अनिवार्य होगा। शुल्क का भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से किया जा सकेगा। आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लिए 300, अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 250 तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 100 निर्धारित किया गया है।




# जमीन के नाम पर एक लाख की धोखाधड़ी, कोर्ट के आदेश पर तीन भाइयों सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के मामले की एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने एक बुजुर्ग महिला से जमीन बेचने के नाम पर एक लाख रुपये हड़प लिए। नगर के मोहल्ला ग्यासपुर की रहने वाली 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रेहाना बेगम पत्नी नूर अहमद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि उन्हें जमीन की आवश्यकता थी। इसी दौरान मोहल्ले के ही रहने वाले मोबीन अहमद, मुजम्मिल अहमद और मुस्तकीम अहमद तथा मजीद अहमद की पत्नी ने अपनी शाहजहांपुर रोड स्थित गाटा संख्या 306 (रकबा 20 डेसीमल) की जमीन बेचने का सौदा रेहाना बेगम से किया।

पीड़िता के अनुसार, उन्होंने गवाहों के सामने आरोपियों को तयशुदा रकम 1,00,000 रुपये (एक लाख रुपये) नगद दे दिए। समयभाव के कारण 7 मार्च 2006 को गवाहों की मौजूदगी में एक रसीद लिखवाई गई, जिस पर सभी आरोपियों के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। आरोपियों ने वादा किया था कि समय मिलने पर वे जमीन का बैनामा (रजिस्ट्री) रेहाना बेगम के नाम कर देंगे। इसके बाद आरोपी बैनामे को टालने लगे बीते 15 अप्रैल 2026 को रेहाना बेगम अपने पति के साथ जब उनके घर पहुंची आरोपियों से साफ तौर पर बैनामा करने या एक लाख रुपये वापस लौटाने को कहा, तो आरोपी आगबबूला हो गए। आरोप है कि मोबीन, मुजम्मिल और मुस्तकीम ने पीड़िता और उनके परिवार को भद्दी-भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि 'हम न तो रुपये वापस करेंगे और न ही बैनामा करेंगे, तुम्हें जो करना है कर लो। इसके बाद पीड़िता ने कोतवाली व पुलिस अधीक्षक को भी पत्र लिखकर गुहार लगाई। किंतु कुछ हाथ न आने के बादपीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी करने का मुकदमा उपरोक्त सभी के विरुद्ध पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मां गोमती उद्गम स्थल पर वृक्षारोपण महायज्ञ की तैयारियां तेज, डीएम ने जनभागीदारी की अपील

**पीलीभीत।** मां गोमती उद्गम स्थल पर शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 (एक पेड़ मां के नाम) अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसहभागिता और जनजागरूकता पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, डीएफओ सामाजिक वानिकी, डीसी मनरेगा, उपायुक्त स्वतः रोजगार, गोमती ट्रस्ट के पदाधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्रामीण तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर में कैबिनेट मंत्री के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव पर हुआ भव्य जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी पर कई साल पहले बम से हमला किया गया था। जिसमे वह पूरी तरह से मरते मरते बचे थे। इसी को लेकर मंत्री हर साल अपना पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव मनाते है। इसी को लेकर उनके समर्थक भी जन्मोत्सव मनाते है। इसी को लेकर पूरनपुर नगर के अशोक कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर पर शनिवार को पूर्व संध्या पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान भोलेनाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से कैबिनेट मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि तथा प्रदेश की उन्नति एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। शिवभक्तों ने "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष के साथ भगवान शिव की आराधना की। पूजन के उपरांत आरती संपन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी ने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। आयोजकों ने बताया कि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित करने का उद्देश्य उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के साथ-साथ समाज में सद्भाव, भाईचारा और जनसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# हर आंख नम हर ओर मातम : जब एक साथ उठीं दो अर्थी तो रो उठा तिलहर

जागरण मोर्चा कार्यालय


दुर्घटना में मृतक विजय व अजय के फाइल फोटो।


शव यात्रा में शामिल सैकड़ो नगरवासी। -जागरण मोर्चा

**तिलहर शाहजहांपुर :** नगर में गमगीन माहौल के बीच जब दो सगे भाइयों की अर्थियां के एक साथ उठीं तो पूरा तिलहर एक साथ रो उठा ।बता दें शुक्रवार को तिलहर के निकटवर्ती ग्राम अमनपुर गौटिया निवासी दो सगे भाई विजय और अजय अपनी दवाई लेने तड़के शाहजहांपुर बाइक से जा रहे थे हाईवे पर रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों उछलकर सड़क के किनारे बाइक सहित दूर जा गिरे ।विजय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बड़े भाई अजय को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई ।घटना की वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई पुलिस ने सूचना मिलने पर ट्रक की तलाश शुरू कर दी है ।जब दोनों युवकों का शव उनके घर पहुंचा तो घर वालों का रोते रोते बुरा हाल हो गया ।इस घटना की जानकारी जिसे भी मिली युवकों के घर की ओर दौड़ चला युवकों के पिता फालिश का शिकार हैं जो कि अपने घर में ही रहते हैं । युवकों की अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में नगरवासी उमड़ पड़ेविजय और अजय का अंतिम संस्कार हाईवे किनारे स्थित श्मशान भूमि पर गमगीन माहौल में पर कर दिया गया ।शव यात्रा में राष्ट्रीय गौरक्ष दल के राष्ट्रीय महामंत्री यशवंत मैथिल पूर्व जिंप सदस्य मुकेश दीक्षित भाजपा के जिला महामंत्री अरुण यादव चैनू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


शमशान में अंतिम संस्कार में शामिल नगर बासी। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### पीएनबी शाखा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग*

**तिलहर शाहजहांपुर।** शुक्रवार देर शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में पंजाब नेशनल बैंक के शॉर्ट सर्किट से स्टेबलाइजर में आग लग गई बैंक कर्मचारी और बिल्डिंग के मालिक ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। नगर के बाईपास चौराहे के निकट स्थित पंजाब नेशनल बैंक क्षेत्र में शुक्रवार शाम लगभग 8 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब स्टेटर के नीचे से राहगीरों को धुआं निकलता दिखाई दिया इधर से निकल रहे लोगों ने इसकी सूचना बैंक के बराबर में मौजूद मोबाइल विक्रेता शिवा मिश्रा को दी शिवा मिश्रा ने घटना की सूचना बैंक बिल्डिंग के मालिक मानू सिंह को दी मानू ने तत्काल बैंक के कर्मचारी छोटे लाल को फोन किया और चाबी लेकर आने को कहा बैंक का ताला खोलकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और बिल्डिंग मालिक ने अग्निशमन सिलेंडरों की मदद से बैंक में घुसकर आग पर काबू पाया चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी छोटेलाल ने बताया कि बैंक के मेन स्टेबलाइजर में किसी तरह से शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई थी और कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है घटना की सूचना कोतवाल प्रिंस शर्मा को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची बैंक कर्मचारी और बिल्डिंग मालिक के द्वारा पुलिस कर्मियों को बताया गया कि अब आग पर काबू पा लिया गया है और फायर ब्रिगेड गाड़ी की अब कोई जरूरत नहीं है फिलहाल बड़ी घटना होने से बाल बाल बच गई।

### सरकारी टीम ने कटरा में तालाब की पैमाइश की

**मीरानपुर कटरा (शाहजहांपुर)।** मीरानपुर कटरा खुदागंज मार्ग पर स्थित नगर के सबसे बड़े तालाब को कब्जामुक्त कराने केलिए नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में गठित राजस्व विभाग की टीम ने आज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँच कर पैमाइश शुरू करदी है। मोहल्ला आतिशबाजान व नादिरशाह खां में स्थित बड़े तालाब गाटा संख्या 1349 को कब्जा मुक्त कराने के लिए पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जन सुनवाई पोर्टल एवं हाईकोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका में कहा गया है कि मीरानपुर कटरा खुदागंज मार्ग किनारे मोहल्ला नादिरशाह खां एवं आतिशबाजान में स्थित 56 बीघा के सरकारी तालाब में नगर का पानी जमा होता था।जिसको चारों ओर से पाट कर पक्के मकान एवं दुकानें बना ली गयीं। तालाब को पाटने से नगर में जलभराव की समस्या गम्भीर हो गई है। जरा सी बारिश होने पर नगर की सड़कों पर जल भराव हो जाता है। नगर की जनता को जलभराव की गम्भीर होती समस्या से छुटकारा दिलाने केलिए पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री के जन सुनवाई पोर्टल एवं हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करके तालाब की सरकारी नाप कराकर कब्जामुक्त कराने की माँग की है। जिसपर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार तिलहर एसडीएम जीत सिंह रॉय ने कटरा नायब तहसीलदार निवेदिता सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की टीम गठित करदी है। तालाब को कब्जा मुक्त कराने के लिए आज टीम ने पुलिस फोर्स के साथ नाप शुरू कर दी है। जिससे अवैध कब्जा करने वालों में हड़कम्प मच गया है।

### सउद उल्लाह ने एसएससी में स्थान बनाकर नगर का मान बढ़ाया



**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद तिलहर के पूर्व अध्यक्ष अहमदउल्ला खां के पुत्र और समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान के पुत्र सउद उल्ला खान ने कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में ऑल इंडिया 22 में रैंक प्राप्त करके नगर तथा परिजनों का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय परीक्षा में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता के लिए उनका चयन किया गया है। अनवर उल्ला खां के घर बधाई देने वालों का तांता लगा है। उन्होंने सभी मित्रों और शुभचिंतकों को शुभकामनाएं प्रेषित करने और बधाई देने के लिए आभार प्रकट किया है।

### ग्रामीण से मारपीट करने पर दो पर प्राथमिकी

**बदायूं।** थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव पड़रिया निवासी लालसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 जून की शाम 7 बजे वह पड़रिया चौराहे पर खड़ा था। तभी बहोरी,देशराज निवासीगण शेखूपुरा थाना जरीफनगर ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो दोनों लाठी-डंडों से मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोट आई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

# भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कब्रिस्तान के गेट पर गरजी जेसीबी

## सुबह आठ बजे से अपरान्ह चार बजे तक डटी रही पुलिस फोर्स

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर में कब्रिस्तान के निकास और निजी स्वामित्व को लेकर विवाद के चलते शनिवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कब्रिस्तान का गेट जेसीबी से ध्वस्त कर बाउंड्री बाल तैयार कर दी गई । विवाद की आशंका के चलते अपरान्ह चार बजे तक पुलिस मौके पर मुस्तैद रही ।

गौर तलब है कि नगर के आर्य समाज मंदिर के सामने स्थित छंगेलाल मंदिर के ठीक पीछे कब्रिस्तान से सटे करीब पौने तीन बीघा जमीन का नगर के उद्योगपति राकेश गुप्ता के नाम होने और कब्रिस्तान के गेट का उनकी बैनामा शुदा जमीन के बीच लगा होने को चलते निकास बंद कर हाइवे की ओर गेट लगाए जाने की पेशकश की गई थी । जिसमें कब्रिस्तान से जुड़े पक्ष ने इस पर सहमति नहीं जताई ।


कब्रिस्तान का गेट तोड़ती जेसीबी मशीन। -जागरण मोर्चा

विगत माह स्व राकेश गुप्ता के निजी कर्मी (निगरानी कर्ता) अलीमुद्दीन शाह ने कोतवाली में कुछ लोगों द्वारा सुमन गुप्ता पत्नी स्व राकेश गुप्ता की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर मोहल्ला मीरगंज में झगड़ा फसाद और मारपीट किए जाने की बाबत रिपोर्ट दर्ज कराई थी । पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी मामला दर्ज किया था । उक्त मामले की निष्पक्ष विवेचना न किए जाने की शिकायत के चलते एक सप्ताह मौजपुर पुलिस चौकी प्रभारी पूर्व विवेचक एसआई प्रमोद कुमार को लाइन हाजिर भी किया जा चुका है ।

शनिवार को सुबह आठ बजे प्रशासनिक अमले के साथ कई थानों की भारी पुलिस फोर्स उक्त विवादित स्थल पर पहुंची । आनन फानन में कब्रिस्तान का गेट जेसीबी से ध्वस्त किए जाने के बाद निगरानी कर्ता अलीमुद्दीन शाह की देख रेख में दर्जनों मिस्त्री मजदूर लगाकर उक्त भूखंड की बाउंड्री बाल करा दी गई । लोगों ने बताया कि उक्त भूखंड के हिस्से में एक चबूतरा बना था । जिसपर दसवां संस्कार आदि कर्मकांड किए जाते थे । वही जानकारों की माने तो उक्त भूखंड वक्फ संख्या 522 खसरा संख्या 139 जिसका रकबा 0.45 डिसमिल है । जो सर्वे के बाद 15 जून 1984 में बतौर मुतवल्ली रुस्तम शाह पुत्र रफायत के नाम वक्फ संपत्ति में दर्ज है ।

अब प्रश्न यह उठता है कि वक्फ संपत्ति की क्या मुतवल्ली द्वारा बिक्री क्या की जा सकती है ? उधर एसडीएम जीत सिंह राय का कहना है कि कब्रिस्तान का गेट तोड़े जाने और बाउंड्री बॉल का निर्माण किए जाने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है । वह सुबह एनएचएआई के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान में जरूर पहुंचे थे । फिलहाल नगर में भारी पुलिस बल व एलआईयू की मौजूदगी आनन फानन में कब्रिस्तान गेट तोड़े जाने और जमीन पर कब्जा किए जाने की चर्चा गरम है।

# आधी रात बारिश बनी आफत, बिजली गुल होने से अंधेरे में काटी रात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बारिश ने घुंघचाई क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। शनिवार रात करीब एक बजे बारिश के दौरान बिजली लाइन में फाल्ट आने से घुंघचाई उपकेंद्र से जुड़े करीब पांच दर्जन गांवों की विद्युत आपूर्ति अचानक ठप हो गई। देखते ही देखते घरों की रोशनी बुझ गई और हजारों ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे और उमस के बीच गुजारनी पड़ी। शनिवार सुबह करीब दस बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। रात में बिजली जाते ही लोगों को उम्मीद थी कि कुछ ही देर में आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, लेकिन घंटे बीतते गए और बिजली नहीं लौटी। घरों में लगे इनवर्टर भी कुछ समय बाद जवाब दे गए। बिजली न होने से पंखे बंद हो गए, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। बारिश के कारण लाइन में आए फाल्ट की जानकारी मिलने पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने रात में ही स्थिति का जायजा लिया। लेकिन लगातार बारिश और अंधेरा होने के कारण खराबी का पता नहीं लगाया जा सका। सुबह मौसम साफ होने पर टीम ने लाइन की पेट्रोलिंग शुरू की। कई किलोमीटर तक लाइन की जांच के बाद फाल्ट का पता लगाया गया और मरम्मत कार्य शुरू किया गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद सुबह करीब 10 बजे आपूर्ति बहाल की जा सकी। बिजली गुल रहने का असर केवल रोशनी तक सीमित नहीं रहा। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में क्षेत्र की बिजली व्यवस्था अक्सर जवाब दे जाती है। हल्की बारिश या तेज हवा के दौरान भी लाइन में फाल्ट होने से घंटों आपूर्ति बाधित रहती है। उनका आरोप है कि जर्जर बिजली लाइनें और समय पर रखरखाव न होने के कारण यह समस्या बार-बार सामने आती है।


बिजली फाल्ट सही करता कर्मचारी।

# श्रीराम महायज्ञ के द्वितीय दिवस पर उमड़ा आस्था का सैलाब, वैदिक अनुष्ठानों से गुंजायमान हुआ बंजरिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** ग्राम बंजरिया स्थित आदि शक्ति माता काली शिव मंदिर में आयोजित श्रीराम महायज्ञ के द्वितीय दिवस पर श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला। मध्य प्रदेश के सतना से पधारे विद्वान यज्ञाचार्य पंडित राधेश्याम शास्त्री जी महाराज के सान्निध्य में वैदिक विधि-विधान के साथ महायज्ञ की दिव्य अनुष्ठानिक प्रक्रियाएं संपन्न कराई गईं।

महायज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी देवी-देवताओं के विधिवत आवाहन के साथ हुआ। इसके उपरांत प्राचीन वैदिक परंपरा के अनुसार अरणी मंथन द्वारा यज्ञाग्नि प्रज्ज्वलित की गई और उस पवित्र अग्नि को प्रधान यज्ञकुंड में स्थापित किया गया। इस दुर्लभ और दिव्य अनुष्ठान को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।


यज्य में आहुति देते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

महायज्ञ के दौरान दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञपुरुष भगवान की प्रतिमा के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और धर्म लाभ अर्जित किया। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज, हवन की सुगंध और जयघोष से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा।

यज्ञ में यजमान वीरेंद्र सिंह यादव, श्रीनिवास शर्मा, अनुपम गुप्ता, डॉ. अजय पाल यादव, अमित अग्रवाल, कौशल शर्मा सहित अन्य यजमानों ने अपनी पत्नियों के साथ यज्ञकुंड में आहुतियां अर्पित कर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

# ...और अंततः मुनीश की हो गई अनारकली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** बदायूं जिले के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव नथीपुर की रहने वाली अनारकली की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व पप्पू कश्यप के साथ हुई थी। कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। परंतु ,उसकी हंसती खेलती जिंदगी को कब ग्रहण लग गया कुछ पता ही नहीं लगा। कुदरत को कुछ और ही मंजूर था अचानक पप्पू की मृत्यु हो गई । अनारकली बेसहारा हो गयी।

अनारकली पर आफतों के पहाड़ टूट पड़े । उसपर उसके परिजनों की उपेक्षा और उसके देवर सोनू की गलत नजर ने उसके जिंदगी में जहर घोल दिया। फिर चार बच्चों की कच्ची गृहस्थी ने अनारकली को अंदर से तोड़कर रख दिया। अब वेबश, बेकस, बेसहारा, अनारकली के इस बुरे वक्त में उससे 12 वर्ष छोटा शाहजहांपुर जिले के डभौरा निवासी मुनीश उसकी जिंदगी में आशा की किरण बन कर आया। मुनीश की खुद्दारी और समर्पण - भावना अनारकली के दिल में उतर गयी।अब मुनीष केवल उसका सहारा और संबल नहीं बल्कि उसकी बांहों का आशियाना भी बन गय। दोनों का प्रेम परवान चढ़ने लगा।अब उम्र के अंतर की बंदिशें आडे नहीं थीं। दोनों में साथ-साथ रहने, जीने मरने की कसमें होने लगी। अब अनारकली अपने मासूम बच्चों को लेकर मुनीश के पास आ गई। उधर, अनारकली का देवर पुलिस को लेकर मुनीश के गांव पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी और भरी पंचायत में अनारकली ने देवर सोनू के साथ जाने से मना कर दिया। अब अनारकली मुनीश की हो गई।


अनारकली।


मुनीश

# संग्रामपुर में आधी रात पुलिस का शिकंजा, हवाला कनेक्शन पर बड़ी कार्रवाई

## हवाला नेटवर्क पर वार: संग्रामपुर में दबिश, बरेली में चार युवक दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र में हवाला कारोबार को लेकर चर्चित संग्रामपुर गांव में शुक्रवार देर रात पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से हड़कंप मच गया। क्षेत्राधिकारी (सीओ) बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने गांव में एक संदिग्ध के घर दबिश देकर घंटों छानबीन की। पुलिस टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए हैं।

इसी कड़ी में बरेली एसओजी टीम ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार में सवार चार युवकों को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए युवकों में संग्रामपुर निवासी अय्याज, शानू, मुशाहिद और एक अन्य साथी शामिल हैं। चारों बरेली की ओर जा रहे थे। इनमें एक युवक आंवला थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है।



देर रात हुई इस संयुक्त कार्रवाई से गांव में खलबली मच गई। हवाला कारोबार से जुड़े बताए जा रहे कई संदिग्ध लोग रातों-रात गांव छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। की प्रभारी दबतोरी विक्रांत आर्या ने बताया कि सीओ को मिली सटीक सूचना के आधार पर दबिश दी गई थी और टीम ने गहन छानबीन की। वहीं प्रधान पिता अहसान नवी ने भी बाहरी पुलिस टीम के गांव में आने की पुष्टि की है।

सीओ बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि बाहरी पुलिस टीम के संबंध में थाने को कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। हालांकि उन्होंने माना कि गांव के कुछ लोग संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त बताए जाते हैं। पूरे मामले में पुलिस की पैनी नजर है और जांच जारी है।

# वन विभाग ने की लाखों की प्रतिबंधित लकड़ी बरामद



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** उत्तराखंड राज्य की वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर यहाँ पुराने बिजली घर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट बने एक गोदाम से करीब 20 लाख कीमत की प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद की। शातिरों को पकड़ने में तो टीम नाकाम रही अलबत्ता बरामद लकड़ी अपने साथ ले गयी। वन विभाग की टीम को मुखबिर के जरिये लकड़ी चोरी की सूचना मिली तो खटीमा के वन अधिकारी के साथ एसडीओ अनिल जोशी ने टीम के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा तो एक गोदाम से लकड़ी बरामद हो गई। बताते हैं कि टीम आने की किसी तरह भनक पाकर गोदाम मालिक मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि लकड़ी चोर उत्तराखण्ड के जंगलों से लकड़ी काटकर संपर्क मार्गों से वाहनों में लादकर लाते थे। काफी समय से यह गोरखधंधा चल रहा था और मजे की बात यह कि वन विभाग के स्थानीय अधिकारी- कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं थी।

**आयोजन** देहदान महादान, करने वाले अमर रहेंगे : देव मूर्ति

# देहदान का संकल्प लेने वाले आधुनिक दधीचियों का एसआरएमएस में सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली:** देहदान का संकल्प लेने वाले महादानियों को शनिवार को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम 'देह से दिव्यता तक' में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति जी ने देहदान का संकल्प लेने वाले सभी आधुनिक दधीचियों को अंग वस्त्र, लघु वृक्ष, स्मृति चिह्न, डोनर कार्ड और सर्टिफिकेट देकर आभार प्रकट किया। देहदान को महादान बताते हुए उन्होंने समाज हित में अधिक से अधिक लोगों को इन महादानियों से प्रेरणा लेकर देहदान के लिए प्रेरित किया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की ओर से 11 जुलाई को क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी: टेक्स्ट बुक से टेस्ट ट्यूब तक नाम से सीएमई का आयोजन हुआ। इसी के अंतर्गत 'देह से दिव्यता तक' कार्यक्रम में देहदान का संकल्प लेने वाले महादानियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति जी ने संकल्प को समाजहित में और मेडिकल साइंस के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए इसे महादान बताते हुए प्रशंसा की। कहा कि 95 से ज्यादा दधीचि अब तक एसआरएमएस में देहदान कर चुके हैं। जबकि 100 महादानियों ने इसके लिए शपथ पत्र दिया है। देहदान का संकल्प लेना और परिजनों की देह मेडिकल कॉलेज को सौंपना हिम्मत का काम है। देहदान जैसा महादानी काम करने वाले लोग हमेशा अमर रहेंगे। सीएमई के मुख्य वक्ता एनाटॉमिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के जनरल के एडिटर इन चीफ एवं केएमसी मंगलूर के विजिटिंग प्रोफेसर डा.विश्राम सिंह ने देहदान का संकल्प लेने वालों को शुभकामनाएं दीं और आभार जताया। सीएमई क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी: टेक्स्ट बुक से टेस्ट ट्यूब तक में उन्होंने वर्तमान में जन्मजात विकृतियों में तेजी से बढ़ोतरी और भ्रूण विज्ञान से उपचार पर व्याख्यान दिया। एसजीपीजीआई लखनऊ के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डा.) डा.कौशिक मंडल ने जन्मजात विकृति- प्रबंधन और रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण मूल्यांकन ही कुंजी है विषय पर व्याख्यान दिया। लेजिस्लेटिव काउंसिल लखनऊ की सदस्य एवं पहराइज की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.प्रज्ञा त्रिपाठी ने प्रसव-पूर्व निदान और जन्मजात विसंगतियों में क्लिनिकल भ्रूणविज्ञान विषय पर व्याख्यान दिया। ग्वालियर स्थित वर्मा हास्पिटल एवं फर्टिलिटी सेंटर की डायरेक्टर डा.अंजु लता वर्मा ने पाठ्यपुस्तकों से परे भ्रूणविज्ञान और आईवीएफ प्रयोगशालाओं में प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान दिया।



# सपा कार्यकर्ताओं का तहसील में प्रदर्शन, ललिता गौतम हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग



प्रदर्शन करते सफाई। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** मेरठ की छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड को लेकर शनिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सपा नेता सतीश प्रेमी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया।

नेताओं ने कहा कि प्रदेश में दलितों के साथ हो रहे अत्याचार चिंताजनक हैं। उन्होंने हत्याकांड की निष्पक्ष जांच, दोषियों को फांसी, एसएसपी की बर्खास्तगी और सीबीआई जांच की मांग उठाई।

प्रदर्शन के बाद सात सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया, जिसमें पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग भी शामिल रही। इस दौरान कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बोस्टन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराया

# फ्रांस की सेमीफाइनल में एंट्री, एम्बाप्पे और डेम्बेले के तूफान में उड़ा मोरक्को

**बोस्टन**

फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में शानदार तरीके से प्रवेश किया। बोस्टन स्टेडियम में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फ्रांस ने मोरक्को को एकतरफा अंदाज में 2-0 से हराया।

पहले हाफ में मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनो ने पेनल्टी सेव कर लिया। इसका कोई खास असर नहीं पड़ा और फ्रांस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर मैच अपने नाम कर लिया। फ्रांस की तरफ से मैच का पहला गोल 60वें मिनट में हुआ। किलियन एम्बाप्पे ने यह गोल दागा। पेनल्टी एरिया के किनारे डेसिरे डौए से पास मिलने पर, फ्रांस के कप्तान ने शानदार स्किल दिखाया। मोरक्को के तीन खिलाड़ियों ने उन्हें घेर रखा था। इसके बावजूद एम्बाप्पे ने बिना ज्यादा बैक लिफ्ट के जबरदस्त ताकत के साथ डिफेंडर इस्सा डियोप के बगल से बॉल को गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया। किलियन एम्बाब्वे के गोल के 6 मिनट बाद ही फ्रांस ने अपनी बढ़त को 2-0 कर लिया।



**एम्बाप्पे विश्व कप में 20 मैच खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने**

27 साल के किलियन एम्बाप्पे के फीफा विश्व कप 2026 में 8 गोल हो गए हैं। अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के भी 8 गोल हैं। दोनों ही खिलाड़ी गोल्डन बूट की रेस में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। एम्बाप्पे का तीसरा फीफा विश्व कप है। उनके 20 गोल हो चुके हैं। छठी बार टूर्नामेंट में खेल रहे मेसी 21 गोल के पास टॉप पर हैं। फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे ने फीफा विश्व कप में अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली है। मोरक्को के खिलाफ मुकाबले में उतरते ही वह विश्व कप इतिहास में 20 मैच खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

### एम्बाप्पे ने दिग्गजों की बराबरी की

एम्बाप्पे अब फ्रांस की ओर से सबसे ज्यादा विश्व कप मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने 20 मैचों के साथ ह्यूगो लोरिस की बराबरी कर ली है, जबकि एंटोनी ग्रीजमैन, ओलिवियर गिरौद और राफेल वरान को पीछे छोड़ दिया है। विश्व कप में सबसे ज्यादा 30 मैच खेलने का रिकॉर्ड फिलहाल लियोनेल मेसी के नाम दर्ज है। फीफा विश्व कप 2026 में अपना आठवां गोल करने के साथ एम्बाप्पे ने विश्व कप में कुल 20 गोल पूरे कर लिए।



**बीसीसीआई टीम की लगातार हार पर सख्त**

# टी20 में भारतीय टीम के हार की इंग्लैंड दौरे के बाद होगी समीक्षा

**नई दिल्ली**

आयरलैंड दौरे के बाद भारतीय पुरुष टीम का इंग्लैंड में भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) टीम की लगातार हार की समीक्षा कर सकता है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि इंग्लैंड दौरे के खत्म होने के बाद बीसीसीआई भारतीय मेंस टी20 टीम के प्रदर्शन को रिव्यू करेगा। गुरुवार को चौथे टी20 में मिली हार के साथ ही भारत ने पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज गंवाई। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 में मिली हार के साथ ही भारतीय टीम को लगातार दूसरी टी20 सीरीज गंवानी पड़ी है। इससे पहले, आयरलैंड के खिलाफ भी भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था और टीम दो मैचों की सीरीज में एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी थी।

### टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाने का खतरा

भारत को अब शनिवार को साउथम्प्टन के रोज बाउल में खेले जाने वाले पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। यदि टीम ऐसा नहीं कर पाती है तो पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा सकती है। इसके बाद भारत 23 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के फैसलों का असर दौरे से पहले टीम पर दिखाई देगा या नहीं।

**इंग्लैंड टीम:** फिलिप सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम करन, विल जैक्स, जोफ्रा आर्चर, लियाम डॉसन, आदिल राशिद, जोश टंग, सोनी बेकर, रेहान अहमद, जॉर्डन कॉक्स, साकिब महमूद, ल्यूक वुड।

**भारतीय टीम:** अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, प्रिंस यादव, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, सूर्यांश शेडगे।

# देर रात पार्टी नहीं कर सकेंगे इंग्लैंड के खिलाड़ी

## इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बनाए सख्त नियम, लगाया नाइट कर्फ्यू

**लंदन**

पूर्व टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के संन्यास और हालिया विवादों के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने खिलाड़ियों के लिए नए नियम लागू करने का फैसला किया है।

ंग्लैंड क्रिकेट टीम में अब खिलाड़ियों की शराब और देर रात तक की पार्टी पर सख्ती होने वाली है यानी कि नाइट कर्फ्यू लगा दिया जाएगा। इसका का उद्देश्य खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी और टीम कल्चर को बेहतर बनाना है, ताकि भविष्य में इंग्लिश क्रिकेट किसी भी तरह के ऑफ-फील्ड विवाद से बच सके। आने वाले समय में इंग्लैंड के सभी केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

नए नियमों के तहत अब इंग्लैंड की हर घरेलू सीरीज और विदेशी दौरों के दौरान आधी रात (12 बजे) का कर्फ्यू लागू रहेगा। कोई भी खिलाड़ी सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे की हालत में दिखाई नहीं दे सकता। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर शराब से जुड़ा कोई भी कंटेंट पोस्ट करने की अनुमति नहीं होगी।



### बेन स्टोक्स विवाद के बाद फैसला

यह फैसला उस विवाद के बाद लिया गया, जब बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन देर रात एक नाइट क्लब में हुए घटनाक्रम के कारण जांच के दायरे में आए थे। इसके बाद ईसीबी ने खिलाड़ियों के व्यवहार को लेकर अपनी नीति और अधिक सख्त करने का निर्णय लिया। ईसीबी के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की का मानना है कि इंग्लैंड टीम की पेशेवर छवि बनाए रखने और भविष्य में ऐसे विवादों से बचने के लिए ऑफ-फील्ड अनुशासन को पहले से ज्यादा मजबूत करना जरूरी है।

# मुक्केबाजी में भारत के छह पदक पक्के

**जकार्ता,** भारत के छह अंडर-23 पुरुष मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को सेमीफाइनल में पहुंचाकर कम से कम छह पदक पक्के कर लिए। विश्वनाथ (50 किग्रा) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सऊदी अरब के इब्राहिम अलजोहानी को 5-0 से हराया। गंगा (55 किग्रा) ने भी वियतनाम के क्वांग लोक ट्रान को 5-0 से शिकस्त दी। वंशज ने 65 किग्रा वर्ग में असिलखान को 4-1 से हराया जबकि 70 किग्रा वर्ग में हितेश ने इंडोनेशिया के रेडियानश्याह को पहले ही राउंड में पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

# लॉर्ड्स टेस्ट में 285 रन पर सिमटी भारतीय टीम

## स्मृति, हरमनप्रीत कौर और दीप्ति ने लगाया अर्धशतक

**लंदन**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप के बाद अब नई शुरुआत कर चुकी है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स स्टेडियम में एक मात्र टेस्ट खेल रही है। इस टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है।

कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा के अर्धशतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 285 रन बनाये । पहले दिन का खेल समाप्त होने पर इंग्लैंड एक विकेट पर 21 रन पर था । माइया बूचियेर 17 और हीथर नाइट एक रन बनाकर क्रीज पर हैं । क्रांति गौड़ ने सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट (दो) को पवेलियन भेजा । इंग्लैंड अभी 264 रन से पीछे है । भारत के लिये दीप्ति (57), हरमनप्रीत (58) और मंधाना (83) ने उपयोगी पारियां खेली । शेफाली वर्मा और यास्तिका भाटिया पहले सात ओवर के भीतर ही आउट हो गए थे जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 37 रन था ।इसके बाद मंधाना ने जेमिमा रौड्रिग्स (38 गेंद में 35 रन ) के साथ तीसरे विकेट के लिये 64 रन जोड़े । इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एस्सेलेस्टोन को रौड्रिग्स ने दो छक्के लगाये । वह तेज गेंदबाज इस्सी वोंग की गेंद पर बोल्ड हो गई।



### स्मृति मंधाना के 300 मैच पूरे

महज 29 साल की उम्र में इस जादुई आंकड़े को छूकर वह क्रिकेट इतिहास में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की सबसे युवा महिला खिलाड़ी बन गई हैं। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो मंधाना वर्ल्ड क्रिकेट में यह मुकाम हासिल करने वाली 12वीं महिला क्रिकेटर हैं।

# एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स में विनोद सिंह ने जीता कांस्य

## 5000 मीटर दौड़ में किया शानदार प्रदर्शन

**भोपाल**

मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के प्रतिभाशाली धावक विनोद सिंह ने चीन के ओरदोस में आयोजित प्रथम एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 14:23.67 मिनट का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया। चैंपियनशिप के 5000 मीटर फाइनल में एशिया के सर्वश्रेष्ठ युवा धावकों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में विनोद सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विनोद सिंह को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।



# ज्वेरेव व सिनर के बीच होगी खिताबी जंग

## विंबलडन : ज्वेरेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के करीब

**नई दिल्ली**

जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने विंबलडन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी आर्थर फेरी के अभियान का अंत कर दिया और फाइनल में पहुंचे। वहीं नंबर वन खिलाड़ी यानिक सिनर ने नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में जगह बनाई। ज्वेरेव ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में फेरी को 7-6(0), 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार विंबलडन के फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ज्वेरेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब से सिर्फ एक कदम दूर हैं। पिछले महीने उन्होंने रोलां गैरो (फ्रेंच ओपन) जीतकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया था।



### ज्वेरेव के नाम बड़ी उपलब्धि

ज्वेरेव ओपन एरा में पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि एंडी मरे और दानिल मेदवेदेव ने हासिल की थी। अगर वह रविवार को फाइनल जीतते हैं तो एक ही सीजन में रोलां गैरो-विंबलडन डबल पूरा करने वाले ओपन एरा के सिर्फ सातवें खिलाड़ी बन जाएंगे। खिताबी मुकाबले में ज्वेरेव का सामना मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर से होगा।

### सचिन, गिल व लारा ने देखा मैच

सेंटर कोर्ट के रॉयल बॉक्स में भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और फुटबॉलर वर्जिल वान डाइक समेत कई खेल सितारे मौजूद रहे। विंबलडन ने सचिन का स्वागत करते हुए उन्हें क्रिकेट रॉयल्टी बताया।



### जोकोविच का सपना टूटा

विंबलडन 2026 के सेंटर कोर्ट पर खेले गए एक बेहद रोमांचक मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 1 यानिक सिनर ने महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस करारी शिकस्त के साथ ही सर्बिया के दिग्गज जोकोविच का इतिहास रचने और अपना 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का सपना एक बार फिर चकनाचूर हो गया। सिनर ने पूरे मैच के दौरान जोकोविच पर अपना दबदबा बनाए रखा और उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं दिया।मैच के नतीजों पर नजर डालें तो यानिक सिनर ने खेल के तीनों सेटों में एक जैसी लय बरकरार रखी और जोकोविच को संभलने का अवसर नहीं दिया। सिनर ने यह मुकाबला लगातार 6-4, 6-4, 6-4 के स्कोर से अपने नाम किया।

### हॉकी में महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लाकड़ा ने महिला खिलाड़ियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न, धमकी और प्रताड़ना के मामलों में खेल मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोषियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि शिकायत करने वालों को डराया-धमकाया और बदनाम किया जा रहा है। हालांकि, हॉकी इंडिया और हॉकी झारखंड के अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। असुंता ने खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, (आओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के अधिकारियों इस बावत पत्र लिखा है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए 191 सदस्यीय दल को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली**

खेल मंत्रालय ने 23 जुलाई से स्कॉटलैंड के ग्लासगो में शुरू होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए 191 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दे दी है। इस दल में 126 खिलाड़ी और 51 टीम अधिकारी शामिल हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी समिति (ईसी) के निर्वाचित सदस्य, यदि टीम अधिकारियों की सूची में शामिल हैं, तो उनके विदेश दौरे का खर्च सरकार नहीं उठाएगी। मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रतियोगिता से लौटने के 30 दिनों के भीतर भारतीय दल को अपने प्रदर्शन की विस्तृत रिपोर्ट और प्रतियोगिता की एक्शन तस्वीरें भी मंत्रालय को सौंपनी होंगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।